CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 04°C

लखनऊ, मंगलवार 13 जनवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 69 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 23 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




यूपी पुलिस को मिला स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 पेज 2



चोटिल वाशिंगटन सुंदर बाहर, आयुष बडोनी को वनडे टीम में बुलाया गया खेल टाइम्स



कंट्रोल से बाहर हो रही भारत में महंगाई सम्पादकीय



ट्रम्प ने खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति बताया पेज 12

## यूपी में 17 लापरवाह डाक्टर बर्खास्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कई पर हुई विभागीय कार्रवाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सरकारी अस्पतालों में अनुशासनहीनता और लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर ड्यूटी से लगातार गायब रहने वाले 17 चिकित्साधिकारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक मरीजों को बेहतर इलाज और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इसी क्रम में मरीजों के साथ अभद्रता करने वाले 4 चिकित्साधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। इसके अलावा स्थानांतरण के बाद भी नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण न करने वाले डा. गजेंद्र सिंह के विरुद्ध भी विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। वहीं बीकेटी ट्रामा सेंटर में -शेष पृष्ठ दो पर

## इसरो का पीएसएलवी रॉकेट रास्ते से भटका

■ उपग्रहों को निर्धारित कक्षाओं में स्थापित करने में रहा विफल प्रक्षेपण यान-सी62 (पीएसएलवी-सी62)

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान-सी62 (पीएसएलवी-सी62) सोमवार को देश के नवीनतम जासूसी सैटेलाइट 'अन्वेषा' (ईओएस-एन1) और उसके साथ भेजे गए अन्य उपग्रहों को उनकी तय कक्षाओं में स्थापित करने में विफल रहा।

इस उपग्रह अन्वेषा को रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया था और इसके साथ कुछ अन्य भारतीय एवं विदेशी संस्थाओं के 15 अन्य छोटे उपग्रह भी इस रॉकेट से भेजे गए थे।



इसरो अध्यक्ष डा. वी. नारायणन ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि रॉकेट को तीसरे चरण के अंत में गड़बड़ी का सामना करना पड़ा। उन्होंने यहां मिशन कंट्रोल सेंटर से एक संक्षिप्त संबोधन में कहा कि इसके बाद रॉकेट के उड़ान पथ में विचलन हुआ। उनके अनुसार, इसरो इसके डेटा का विश्लेषण करने के बाद ही सही जानकारी प्रदान करेगा।

### पोर्टेबल टैंक रोधी मिसाइल ने सफल उड़ान भरी

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गतिमान लक्ष्य को निशाना बनाने में सक्षम 'मैन पोर्टेबल' टैंक रोधी गाइडेड मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इस मिसाइल का परीक्षण रविवार को महाराष्ट्र की अहिल्या नगर स्थित केके रेंज में किया गया।

परीक्षण डीआरडीओ की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, हैदराबाद ने किया। देश में ही विकसित इस मिसाइल में अत्याधुनिक स्वदेशी तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है जिनमें इमेजिंग इंफ्रारेड (आईआईआर) होमिग सीकर, पूर्णतः विद्युत आधारित नियंत्रण एक्ट्यूएशन प्रणाली, फायर कंट्रोल सिस्टम, टैंडम वारहेड, प्रणोदन प्रणाली तथा उच्च प्रदर्शन दृष्टि प्रणाली शामिल हैं। इन प्रणालियों का विकास डीआरडीओ की सहयोगी प्रयोगशालाओं द्वारा किया गया है। मिसाइल का सीकर दिन और रात दोनों समय युद्ध संचालन में सक्षम है। इसका मुखास्त्र आधुनिक मुख्य युद्धक टैंकों को नष्ट करने में सक्षम है। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड इस हथियार प्रणाली के विकास एवं उत्पादन भागीदार हैं। इस मिसाइल को ट्राइपॉड या सैन्य वाहन लॉन्चर से प्रक्षेपित किया जा सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, विकास एवं उत्पादन भागीदारों तथा उद्योग जगत को बधाई दी और इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### केजीएमयू में धर्मांतरण मामले की जांच करेगी यूपी एसटीएफ

**लखनऊ।** लव जिहाद और धर्मांतरण के मामले में किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) का विवादों से पीछा नही छूट रहा है। डा. रमीज उद्दीन नायक की गिरफ्तारी के बाद सामने आ रहे उसके पीएफआई कनेक्शन के बाद मामले में आगे की जांच यूपी एसटीएफ ने अपने हाथ मे ले ली है। एसटीएफ पूरे मामले की जांच करने के साथ विवि परिसर में संचालित हो रही अन्य गतिविधियों को भी खंगालेगी। प्रकरण को यूपी एसटीएफ द्वारा हाथ मे लिए जाने के बाद केजीएमयू प्रशासन ने पीड़ित छात्रा के मामले की जांच के लिए गठित फैक्ट फाइंडिंग कमेटी को भंग कर दिया है। विवि के मीडिया प्रभारी प्रो केके सिंह का कहना है कि विवि की तरफ से धर्मांतरण सहित पूरे मामले की जांच के लिए एसटीएफ से अनुरोध किया गया था।

### ई-सिगरेट मामले में कार्रवाई की जाएगी : बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में ई-सिगरेट के कथित उपयोग संबंधी शिकायत पर कहा है कि यदि यह आरोप सही है, तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। श्री बिरला ने सोमवार को संसद भवन के एनेक्सी में राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों तथा पीठासीन अधिकारियों के बुधवार से यहां शुरू होने वाले 28वें सम्मेलन की जानकारी देने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए एक सवाल के जवाब में कहा कि संसद की कार्यवाही नियम और मर्यादा से चलती है।

### अगले स्तर तक ले जाएंगे भारत और अमेरिका साझेदारी

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिका के राजदूत-मनोनीत सर्जियो गोर ने दोनों देशों के बीच गहरी और स्थायी मित्रता पर जोर देते हुए सोमवार को कहा कि यह रिश्ता साझा हितों के साथ-साथ शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर मजबूत संबंधों पर आधारित है और वह भारत-अमेरिका द्विपक्षीय साझेदारी को अगले स्तर तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपने परिचय पत्र सौंपने से पहले श्री गोर ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच संबंध वास्तविक हैं।

## केंद्र- ईसी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

### चुनाव आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई से आजीवन छूट को कांग्रेस नेता ने दी चुनौती

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ याचिका में दावा: ऐसी इम्युनिटी जजों को भी नहीं, सीजेआई बोले: जांच करेंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जया ठाकुर की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उस याचिका पर दिया गया है, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई से आजीवन छूट देने वाले कानून को चुनौती दी गई है।

याचिका पर सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने कहा कि वह इस कानून की जांच करना चाहती है। यह प्रावधान मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को उनके कामकाज से जुड़े मामलों में पूरी जिंदगी के लिए नागरिक और आपराधिक कार्रवाई से बचाव देता है। ऐसी सुरक्षा संविधान बनाने वालों ने न्यायाधीशों को भी नहीं दी थी। इसलिए संसद ऐसा संरक्षण नहीं दे सकती, जो संविधान में दूसरे बड़े पदों पर बैठे लोगों को नहीं मिला। दरअसल, मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े 2023 के कानून को लेकर विपक्ष का विरोध है। इनमें एक प्रावधान जोड़ा गया था, जिसके तहत 'अगर चुनाव कराते समय या उससे जुड़े किसी फैसले में कोई गलती या विवाद होता है, तो मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों पर निजी तौर पर केस नहीं किया जा सकेगा। यह सुरक्षा उनके पूरे जीवन तक लागू रहेगी, भले ही वे पद पर न हों।' 15 मार्च 2024 को ज्ञानेश कुमार और डा. सुखबीर सिंह संधू ने चुनाव आयुक्त का पद संभाला था। इसके -शेष पृष्ठ दो पर



### चुनाव आयुक्तों को आजीवन सुरक्षा, केंद्र जवाब तलब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों (ईसी) को उनके आधिकारिक कामों के लिए आजीवन कानूनी इम्युनिटी (सुरक्षा) देने वाला प्रावधान संविधान की भावना के खिलाफ हो सकता है। लॉ ट्रेंड के मुताबिक, कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग (ईसी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि इस मामले में न्यायिक जांच की जरूरत है। हम इस प्रावधान को विस्तार से देखना चाहते हैं। दरअसल, सीईसी और ईसी को इम्युनिटी देने के खिलाफ कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने याचिका लगाई है। इसमें कहा गया है कि सीईसी और ईसी (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 जवाबदेही के संवैधानिक सि)ांत के खिलाफ है।

### आई-पीएसी छापेमारी विवाद: ईडी का ममता पर दखल का आरोप

#### हमसे सबूत छीनकर ले गईं, मामले की सीबीआई जांच हो

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टीएमसी के आईटी हेड प्रतीक जैन के घर छापेमारी मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इन पर रेड के दौरान हस्तक्षेप करने और सबूत मिटाने का आरोप लगाया गया है। जांच एजेंसी ने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। दरअसल, 8 जनवरी को ईडी ने अवैध कोयला खनन से जुड़े मामले की जांच के तहत कोलकाता में प्रतीक की पॉलिटिकल स्ट्रैटजिक कंपनी आई-पीएसी से जुड़े ठिकानों पर तलाशी ली गई थी।

## उत्तराखंड में -16 डिग्री तापमान

### दिल्ली में कड़ाके की ठंड, 13 साल का रिकॉर्ड टूटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ दिल्ली में कोहरे से उड़ानें बाधित, हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में बनी रही
■ मप्र-उप्र में घना कोहरा, राजस्थान में माइनस दो डिग्री



**नई दिल्ली।** पहाड़ों में बर्फबारी के कारण उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। रविवार को राजस्थान के कई इलाकों में तापमान फ्रीजिंग प्वाइंट से नीचे चला गया। फतेहपुर में मिनिमम टेम्परेचर माइनस 2 डिग्री सेल्सियस और नागौर में माइनस 1डिग्री सेल्सियस रहा।

वहीं, उत्तराखंड के पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में पाइपलाइन का पानी जम गया है। पिथौरागढ़ के आदि कैलाश और रुद्रप्रयाग के केदारनाथ धाम का तापमान -16 डिग्री सेल्सियस रहा। मध्य प्रदेश के ज्यादातर जिलों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रह रहा है। साथ ही घना कोहरा छा रहा है। उत्तर प्रदेश के मेरठ में टेम्परेचर 4.1डिग्री सेल्सियस रहा। सोमवार सुबह 25 जिलों घना कोहरा छाया। यहां विजिबिलिटी 20 मीटर से कम रही। नोएडा में 15 जनवरी, गोरखपुर-आगरा में 13 और मेरठ में 12 जनवरी तक 8वीं तक के स्कूल बंद रहेंगे। गाजियाबाद में 5वीं तक स्कूल 15 जनवरी तक बंद रहेंगे। बिहार में 5 जिलों का मिनिमम टेम्परेचर 6 डिग्री सेल्सियस और 11 जिलों में 8 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य के 24 जिलों में घने कोहरे और कोल्ड डे का ऑरेंज और 14 जिलों में येलो अलर्ट है। इधर, दिल्ली में इस मौसम में पहली बार पारा 3 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। आया नगर का टेम्परेचर 2.9 डिग्री सेल्सियस रहा। पालम एयरपोर्ट पर 13 साल में सबसे कम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस रहा। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड जारी है और कोहरे के कारण कई विमान उड़ानें बाधित रही । राजधानी की हवा की गुणवत्ता सोमवार सुबह भी 'खराब' श्रेणी में बनी रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 298 रहा। रविवार के यह 291 था।

## 'जन नायकन' की रिलीज पर रोक लगाने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

■ प्रोडक्शन हाउस ने की मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग

**नई दिल्ली।** अभिनेता विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' के निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने संबंधी मद्रास उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है।

उच्च न्यायालय की प्रथम पीठ ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को फिल्म को यू/ए प्रमाणपत्र देने का निर्देश देने वाले एकल पीठ के अपने ही आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके बाद इसका प्रदर्शन अनिश्चित काल के लिए टल गया। तमिल फिल्म 'जन नायकन' को सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक माना जा रहा है। रिपोर्टों के अनुसार प्रोडक्शन हाउस ने उच्चतम न्यायालय से इस मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की है।

## टी-20 विश्वकप कार्यक्रम में नहीं होगा बदलाव

■ आईसीसी ने रुख साफ किया, जताया भारत में सुरक्षा का भरोसा, बीसीबी की मांग खारिज

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप 2026 को लेकर चल रहे विवाद के बीच अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपना रुख साफ कर दिया है।

आईसीसी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि टूर्नामेंट का कार्यक्रम पूरी तरह से अंतिम रूप ले चुका है और सभी भाग लेने वाली टीमों से उम्मीद की जाती है कि वे टर्म्स ऑफ पार्टिसिपेशन के तहत अपनी जिम्मेदारियों का पालन करें। आईसीसी ने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में सुरक्षा आकलन और वैकल्पिक योजना को गलत तरीके से पेश किया गया है। आईसीसी के अनुसार भारत में होने वाले टी-20 विश्व कप को लेकर स्वतंत्र सुरक्षा एजेंसियों द्वारा किया गया जोखिम आकलन लो से मॉडरेट श्रेणी में है, जो किसी भी बड़े वैश्विक खेल आयोजन के लिए सामान्य माना जाता है। इन आकलनों में बांग्लादेश टीम, अधिकारियों या कोलकाता और मुंबई के मैच स्थलों के लिए किसी भी तरह के प्रत्यक्ष या विशेष खतरे की पहचान नहीं की गई है। आईसीसी ने खास तौर पर यह भी साफ किया कि कार्यक्रम को बदलने का कोई सवाल नहीं है। बयान में कहा गया कि आईसीसी की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मैच शेड्यूल को अंतिम रूप देकर प्रकाशित किया जा चुका है और आईसीसी सभी प्रतिभागी टीमों से अपेक्षा करता है कि वे अपने दायित्वों को पूरा करें।

## उप्र में मकर संक्रान्ति पर 15 जनवरी को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

■ सरकार ने अवकाशों की सूची में संशोधन किया

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने वर्ष 2026 के लिए घोषित अवकाशों की सूची में मकर संक्रान्ति को लेकर महत्वपूर्ण संशोधन किया है।

सामान्य प्रशासन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव एसवीएस रंगा राव के स्तर से जारी आदेश के मुताबिक अब मकर संक्रांति का अवकाश 14 जनवरी के स्थान पर 15 जनवरी को रहेगा। प्रमुख सचिव एसवीएस रंगा राव के स्तर से जारी आदेश के अनुसार विज्ञप्ति संख्या- 671/तीन-2025-39(2)/2016 दिनांक 17 नवम्बर, 2025 द्वारा जारी अवकाश सूची के प्रस्तर-2(11) में वर्ष 2026 के लिए निर्बन्धित अवकाश की सूची के क्रमांक-2 पर मकर संक्रान्ति के अवसर पर 14 जनवरी, 2026 को निर्बन्धित अवकाश घोषित किया गया था।

## खुदरा मुद्रास्फीति दिसम्बर में बढ़कर 1.33 प्रतिशत पर पहुंची

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ फल, दूध, मांसाहार और खाद्य तेलों की कीमतों में वृद्धि के बावजूद सब्जियों और दालों की कीमतों में दहाई अंक में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** सब्जियों और दालों के दाम एक साल पहले की तुलना में दहाई प्रतिशत में घटने से दिसम्बर 2025 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति की दर 1.33 प्रतिशत पर नरम बनी रही। इससे पहले, नवम्बर में खुदरा महंगाई 0.71 प्रतिशत और अक्टूबर में 0.25 प्रतिशत दर्ज की गई थी। वहीं, दिसम्बर 2024 में यह 8.39 प्रतिशत रही थी। खाद्य मुद्रास्फीति लगातार सातवें महीने शून्य से नीचे रही है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, फल, दूध, मांसाहार और खाद्य तेलों की कीमतों में अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि के बावजूद सब्जियों और दालों की कीमतों में सालाना आधार पर दहाई अंक में बड़ी गिरावट के कारण खाद्य पदार्थों की महंगाई दर दिसम्बर में शून्य से 2.71 प्रतिशत नीचे दर्ज की गई। नवम्बर में यह शून्य से 3.91 प्रतिशत नीचे थी जबकि दिसम्बर 2024 में 5.22 प्रतिशत ऊपर दर्ज की गई थी। खुदरा महंगाई पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सितम्बर में किए गए सुधारों का असर भी देखा जा रहा है। दिसम्बर में सालाना आधार पर सब्जियों के दाम 18.47 प्रतिशत और दालों तथा उनके उत्पादों के 15.09 प्रतिशत घट गए। मसालों के दाम में 2.15 प्रतिशत और अनाजों में 0.35 प्रतिशत की नरमी रही। तेल एवं वसायुक्त उत्पादों के दाम 6.75 प्रतिशत बढ़ गए। फलों की कीमतों में 6.66 फीसदी और मांस एवं मछलियों की कीमतों में 5.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दिसम्बर 2024 के मुकाबले दिसम्बर 2025 में अंडों के दाम 4.76 प्रतिशत और चीनी तथा कंफेक्शनरी उत्पादों के 4-66 प्रतिशत बढ़े। दूध तथा डेयरी उत्पादों के दाम 2.56 फीसदी बढ़े। जीएसटी सुधारों के कारण दिसम्बर में सिले-सिलाए वस्त्रों की महंगाई दर 1.68 फीसदी के निचले स्तर पर रही। वहीं, जूते-चप्पलों के दाम सालाना आधार पर 0.43 प्रतिशत घटे हैं। आवास वर्ग की महंगाई दर 2.86 प्रतिशत और ईंधन एवं बिजली वर्ग की 1.97 प्रतिशत दर्ज की गई। सोने-चांदी की महंगाई दर दिसम्बर में भी ऊंची बनी रही। एक साल पहले के मुकाबले चांदी 97.07 प्रतिशत और सोना 68. 66 प्रतिशत महंगा हुआ है।



## मीका सिंह ने आवारा कुत्तों के लिए 10 एकड़ ज़मीन दान की

**नई दिल्ली।** पंजाबी गायक एवं अभिनेता मीका सिंह ने आवारा कुत्तों के प्रबंधन को लेकर चल रही कानूनी बहस के बीच उच्चतम न्यायालय से भावुक अपील करते हुए कहा है कि वह इन कुत्तों की देखभाल और कल्याण के लिए अपनी दस एकड़ ज़मीन दान करेंगे। मीका ने सोशल मीडिया एक्स पर शीर्ष अदालत से आग्रह किया है कि ऐसे किसी भी कदम से बचा जाए, जिससे आवारा कुत्तों पर बुरा असर पड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र में कई वरिष्ठ आईएएस को मिली अपर मुख्य सचिव पद पर प्रोन्नति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों को अपर मुख्य सचिव स्तर पर प्रोन्नति की है। लंबे समय से इसकी प्रतीक्षा की जा रही थी। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार आशीष गोयल, संजय प्रसाद, अमृत अभिजात, आर. रमेश कुमार और मुकेश मेश्राम को प्रमुख सचिव बनाए जाने के साथ ही अपर मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत रखा गया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार में तैनात उत्तर प्रदेश कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों भुवनेश कुमार, मृत्युंजय नारायण और संतोष यादव को भी प्रोन्नति प्रदान की गई है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह निर्णय अधिकारियों के अनुभव, वरिष्ठता और शासन में उनके योगदान को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। प्रोन्नति मिलने से केंद्र में कार्यरत अधिकारियों की पदोन्नति संबंधी वरिष्ठता सुरक्षित रहेगी, जिसका लाभ उन्हें भविष्य में मिलेगा।

### बांदीपोरा में आग लगने से बीएसएफ जवान की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में आग लगने की घटना में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक कांस्टेबल की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि बांदीपोरा के मदार इलाके में बीएसएफ बैरक में रविवार रात करीब 2:30 बजे आग लग गई, जिससे लकड़ी का ढांचा पूरी तरह जल गया। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब के जालंधर के रहने वाले बीएसएफ कांस्टेबल रमेश कुमार घटना के समय बैरक के अंदर थे और खुद को बचा नहीं पाए। आग से जलने की वजह से उनकी मौत हो गई। शव को मेडिकल-लीगल औपचारिकताओं के लिए जिला अस्पताल बांदीपोरा ले जाया गया है।

## 20 दुर्घटना-संवेदनशील जनपदों में विशेष अभियान चलाया जा रहा

# योगी की पाती, लापरवाही छोड़ें, जीवन बचाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सीएम ने लोगों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की
- युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति, नशे के खिलाफ अभियान चलाने का आह्वान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए लोगों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क हादसों में होने वाली जानहानि अत्यंत दुखद है और लापरवाही व नियमों की अनदेखी के कारण हर वर्ष हजारों लोग असमय अपनी जान गंवा देते हैं, जिससे अनेक परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट जाता है। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी तक प्रदेश भर में 'सड़क सुरक्षा माह' का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान नागरिकों के सुरक्षित भविष्य और परिवारों की रक्षा के संकल्प के साथ चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों और पैदल यात्रियों के सड़क व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना है, ताकि दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या को शून्य स्तर तक लाया जा सके। योगी ने बताया कि प्रदेश के 20 दुर्घटना-संवेदनशील जनपदों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत राज्यभर में 3,000 से अधिक ऐसे स्थानों को चिह्नित किया गया है, जहां दुर्घटनाओं की आशंका अधिक रहती है। यह अभियान शिक्षा, प्रवर्तन, इंजीनियरिंग और आपात देखभाल जैसी प्रमुख बिंदुओं पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सड़कें सभी के लिए सुरक्षित हों, इसके लिए पुलिस नियमों को सख्ती से लागू करेगी, लेकिन आम नागरिकों का सहयोग भी उतना ही आवश्यक है। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न केवल स्वयं के लिए, बल्कि दूसरों के जीवन के लिए भी घातक हो सकता है। उन्होंने गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने और हेलमेट व सीट बेल्ट को अनिवार्य रूप से पहनने की अपील की। मुख्यमंत्री ने माता-पिता से आग्रह किया कि नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें तथा पैदल चलने वालों के अधिकारों का सम्मान करते हुए उनके प्रति विशेष सतर्कता और संवेदनशीलता बरतें। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि प्रदेशवासी यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन कर उत्तर प्रदेश की सड़कों को सुगम, सुरक्षित और दुर्घटनामुक्त बनाने में सहभागी बनेंगे। वही राजधानी लखनऊ में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस मौके पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'युवा प्रतिभा सम्मान एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाग लिया और युवाओं को संबोधित किया।

### यूपी पुलिस को मिला स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयोजित महाकुम्भ-25 को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने में यूपी पुलिस के इंट्रीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आइसीसीसी) ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। 45 दिनों तक चले इस महापर्व के इस मॉडल को स्कॉच गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। महाकुम्भ-25 की तैयारियों को सामान्य 'इवेंट मैनेजमेंट' नहीं, बल्कि सिस्टम इंजीनियरिंग की तरह अंजाम दिया गया। इसकी शुरुआत 12 महीने पहले ही कर दी गई थी। भीड़-ओवरफ्लो जैसे हालातों के लिए पहले से टेबल-टॉप अभ्यास, परिदृश्य आधारित परीक्षण और डिजिटल सिमुलेशन के जरिए रणनीति तैयार की गई। आइसीसीसी चौबीसों घंटे सक्रिय रहा, जहां से भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन, आपदा प्रतिक्रिया, सुरक्षा, रेलवे-बस स्टैंड इनफ्लो अलर्ट तथा विभागों के बीच समन्वय एक ही स्क्रीन पर संभव हुआ।

## फिर बढ़ेगी सर्दी की मार, घने कोहरे और शीतलहर का अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



- उप्र में कुछ दिनों की तेज धूप के बाद एक बार फिर सर्दी अपना असर दिखाने जा रही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कुछ दिनों की तेज धूप के बाद एक बार फिर सर्दी अपना असर दिखाने जा रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में घने से बहुत घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गंभीर शीतलहर की स्थिति बन सकती है।

मौसम में यह बदलाव सोमवार से पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने के कारण देखने को मिलेगा। बीते दिनों अधिकतम तापमान में हुई बढ़ोतरी सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की वजह से थी, जिसने अस्थाई रूप से शीतलहर को रोके रखा था, लेकिन अब उत्तर-पश्चिमी हवाओं के तेज होने से ठंड में इजाफा होगा और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। रविवार को राज्य की राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है, जबकि दिन में आसमान साफ रहेगा। लखनऊ में अधिकतम तापमान करीब 21 डिग्री और न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। प्रदेश में वाराणसी (बीएचयू) में सबसे अधिक 24.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। इसके बाद गाजीपुर में 24 डिग्री, प्रयागराज में 23.8 डिग्री और बाराबंकी में 23.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में रात का तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है। मेरठ में राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा अलीगढ़ में 5.8 डिग्री और बरेली में 5.9 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा। राजधानी लखनऊ में सोमवार से स्कूलों को फिर से खोलने का निर्णय लिया गया है। जिला प्रशासन ने अनुकूल मौसम और घने कोहरे की आशंका न होने के चलते स्कूलों की छुट्टियां आगे न बढ़ाने का फैसला किया है। आदेश के अनुसार सभी कक्षाओं के लिए स्कूल सुबह 10 बजे से संचालित होंगे। अभी तक कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं लग रही थीं, लेकिन 12 जनवरी से सभी कक्षाओं के लिए नियमित पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

### बर्ड हिट के कारण इंडिगो की विमान रात में वाराणसी डायवर्ट

**वाराणसी।** गोरखपुर से बेंगलुरु जा रही इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई-437 रविवार रात पक्षी (बर्ड हिट) से टकराने के कारण लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, वाराणसी में डायवर्ट कर दी गई। इस विमान में 216 यात्री सवार थे। सभी को सुरक्षित उतारा गया। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, उड़ान के दौरान विमान के अगले हिस्से में पक्षी टकराया, जिससे नोज सेक्शन को नुकसान पहुंचा। विमान की प्रारंभिक तकनीकी जांच में नोज सेक्शन में हल्की दरार मिली। पायलट ने तुरंत एटीसी से संपर्क किया और सुरक्षा के मद्देनजर विमान को निकटतम हवाई अड्डे वाराणसी में सुरक्षित उतार लिया गया।

## विवेक में आनंद तक पहुंचना ही स्वामी विवेकानंद का सबसे बड़ा संदेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का 'विवेकानंद' नाम ही अपने आप में कालजई संदेश है। उन्होंने कहा कि 'विवेक' में 'आनंद' की अवस्था तक पहुंचना ही स्वामी विवेकानंद के जीवन-दर्शन का सार है और यही मनुष्य को आंतरिक स्वतंत्रता की ओर ले जाता है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि विवेक केवल बाहरी ज्ञान का विषय नहीं, बल्कि अंत:करण में जागृत होने वाली चेतना है। यह तभी संभव है, जब व्यक्ति किसी और के विचारों का मानसिक गुलाम न बने और अपने विवेक से सत्य-असत्य का निर्णय करे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संदेश लोगों को स्वयं सोचने और समझने की प्रेरणा देता है, ताकि समाज बाहरी दिखावे, छद्म गतिविधियों और शब्दों के मायाजाल के पीछे छिपे ढोंग, पाखंड, स्वार्थ और महाझूठ को पहचान सके। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद की मानवता के प्रति सहृदयता और पूरे विश्व को भाईचारे का संदेश आज भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

## मेरठ में कपसाड़ की घटना पर भड़की कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

- योगी सरकार पर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने में पक्षपात का लगाया आरोप

कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेंद्र गौतम ने सोमवार को आरोप लगाते हुए कहा कि मेरठ के सरधना इलाके में एक लड़की के अपहरण और उसकी मां की बेरहमी से हत्या के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने में पक्षपात कर रही है।

गौतम ने यह भी आरोप लगाया कि जब कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने जा रहा था, तो उन्हें पुलिस ने आगे नहीं जाने दिया। उन्होंने घटना का ब्यौरा देते हुए बताया कि वह लड़की अपनी मां के साथ जंगल की ओर जा रही थी, तभी बदमाशों ने उसे अगवा कर लिया और विरोध करने पर उसकी मां की हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश पुलिस अपराधियों को रोकने और उन्हें सजा दिलाने में उतनी ही मुस्तैदी दिखाए जितनी वह विपक्षी नेताओं को रोकने में दिखाती है, तो प्रदेश में अपराध होने बंद हो जाएंगे। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वह संसाधनों का इस्तेमाल दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को कुचलने के लिए कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कथित 'बुलडोजर नीति' पर कड़ा प्रहार करते हुए गौतम ने कहा कि प्रदेश में बुलडोजर केवल जाति और धर्म देखकर चलाया जाता है।

### एनएसयूआई ने मनरेगा बचाओ मार्च के दौरान पुलिस पर बल प्रयोग का आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस से जुडे संगठन 'नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया' (एनएसयूआई) ने वाराणसी स्थित बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में आयोजित मनरेगा बचाओ मार्च के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस पर बर्बरता और बल प्रयोग करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब किसी दलित का उत्पीड़न होता है, तो प्रशासन शांत बैठ जाता है, लेकिन यदि अपराधी दलित, आदिवासी या पिछड़े वर्ग का हो, तो 24 घंटे के भीतर उसके घर पर बुलडोजर चल जाता है।



सेंसेक्स 84695.54
निफ्टी 25942.10



सोना रु. 138161
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



चांदी रु. 243883
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव सेंसेक्स 302 अंक उछला

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को उतार.चढ़ाव के बीच दोपहर बाद हुई लिवाली से प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में दिन के दौरान 1,101 अंक का उतार-चढ़ाव देखा गया। सुबह के कारोबार में यह नीचे 82,861.07 अंक तक उतर गया था, लेकिन दोपहर बाद हुई लिवाली से 83,962.33 अंक तक चढ़ने में कामयाब रहा। अंत में पिछले दिवस की तुलना में 301.93 अंक (0.36 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 83,878.17 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी-50 सूचकांक भी शुरुआती गिरावट से उबरते हुए 106.95 अंक यानी 0.42 प्रतिशत ऊपर 25,790.25 अंक पर रहा। दोनों प्रमुख सूचकांक पिछले सप्ताह पांच दिन में करीब 2.5 प्रतिशत गिरे थे। दिग्गज कंपनियों के विपरीत वृहत बाजार में गिरावट रही। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.06 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.52 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में कुल 3,237 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,891 के शेयरों में गिरावट और 1,247 में तेजी रही। अन्य 99 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार.चढ़ाव के बाद स्थिर बंद हुए। धातु, तेल एवं गैस, बैंकिंग, एफएमसीजी और वित्तीय कंपनियों में लिवाली का जोर रहा। वहीं, मीडिया, रियलिटी, ऑटो, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और आईटी समूहों में बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 25 के शेयरों में तेजी और अन्य पांच में गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर 1.16 प्रतिशत टूटा। बजाज फाइनेंस में भी 0.93 फीसदी की गिरावट रही। टाटा स्टील का शेयर 2.75 प्रतिशत और एशियन पेंट्स का 2.54 प्रतिशत चढ़ा। ट्रेंट में 2.05 प्रतिशत और भारतीय स्टेट बैंक में 1.51 फीसदी की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 1.36 फीसदी और अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.26 फीसदी चढ़ा। टीसीएस, भारती एयरटेल, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारुति सुजुकी, एनटीपीसी, सनफार्मा, आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और इटरनल के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

## बजट 2026-27 में होगी निवेश सुस्ती, बढ़ती असमानता जैसी बड़ी चुनौती: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश में निवेश की सुस्ती, घरेलू बचत में गिरावट और लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता जैसी गंभीर समस्याएं हैं, जिनसे निपटने के उपाय कर अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की 2026-27 के बजट में बड़ी चुनातियां होंगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां एक बयान ने कहा कि संसद के बजट सत्र का कार्यक्रम घोषित हो चुका है और 2026-27 का बजट करीब बीस दिन बाद पेश किया जाना है। यह बजट 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों को भी प्रतिबिबित करेगा, जिसकी रिपोर्ट गत 17 नवम्बर को सौंपी गई थी। ये सिफारिशें 2026-27 से 2031-32 की अवधि के लिए केंद्र और राज्यों के बीच कर राजस्व के बंटवारे तथा राज्यों के आपसी हिस्से से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि देश आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है और निवेश की सुस्ती, घरेलू बचत में गिरावट और लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता जैसी बड़ी चुनौतियां सामने हैं और यदि इन मूलभूत समस्याओं से ठोस तरीके से नहीं निपटा गया, तो उच्च जीडीपी वृद्धि और बड़े स्तर पर रोजगार सृजन कठिन हो जाएगा। कांग्रेस ने मनरेगा से जुड़े नए कानून में 60 प्रतिशत 40 के फार्मूले पर भी चिंता जताई।

## कोरोना काल के बाद बैंकिंग क्षेत्र में तेज विस्तार: एसबीआई रिसर्च

नई दिल्ली, वार्ता

देश के बैंकिग क्षेत्र में कोरोना काल के बाद तेजी से सुधार देखने को मिला है और परिसंपत्तियों, जमा तथा ऋण में तीव्र विस्तार देखा गया है। भारतीय स्टेट बैंक की अनुसंधान इकाई एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जमा की तुलना में ऋण देने की बढ़ती गति पूंजी की उपलब्धता और जोखिम संबंधी चिंताओं को भी बढ़ा रही है।

कई वर्षों की धीमी वृद्धि के बाद बैंकों की परिसंपत्तियों में भी उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। यह वित्त वर्ष 2020-21 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 77 प्रतिशत था, जो 2024-25 तक बढ़कर 94 प्रतिशत तक पहुंच गई। दीर्घावधि परिप्रेक्ष्य में बैंकिंग प्रणाली का आकार कई गुना बढ़ा है। कुल परिसंपत्तियां वित्त वर्ष 2004-05 में 23.6 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 312 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई हैं, जो आर्थिक विस्तार में बैंकों की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। पिछले दो दशकों में जमा और ऋण में भी तेज वृद्धि हुई है। जमा 2004-05 में 18.4 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 241.5 लाख करोड़ रुपये हो गई, जबकि ऋण इसी अवधि में 11.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 191.2 लाख करोड़ रुपये हो गए। विशेष रूप से, वित्त वर्ष 2020-21 के बाद से ऋण वृद्धि ने जमा वृद्धि को पीछे छोड़ दिया है, जिससे पूरे तंत्र का ऋण-जमा अनुपात 2020-21 में 69 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 79 प्रतिशत हो गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की बाजार हिस्सेदारी में अब सुधार दिखने लगा है। बैलेंस शीट पर कई वर्षों के दबाव के बाद इन बैंकों ने ऋण उठाव में अपनी हिस्सेदारी फिर से हासिल करनी शुरू कर दी है, जो बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता, मजबूत पूंजी स्थिति और ऋण देने की नई इच्छा को दर्शाता है।

## राष्ट्र निर्माण विषयों पर पुस्तकें लिख रहे हैं देश के युवा: प्रधान

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि युवा लेखक राष्ट्र निर्माण में प्रवासी भारतीयों के योगदान, भारतीय ज्ञान प्रणाली और आधुनिक भारत के निर्माताओं जैसे विषयों पर पुस्तकें लिख रहे हैं। प्रधान ने आज यहां प्रधानमंत्री संग्रहालय में पीएम-युवा 3-0 (प्रधानमंत्री युवा लेखक मार्गदर्शन योजना) के तहत चयनित 43 युवा लेखकों के साथ बातचीत की। इस अवसर पर प्रधान ने युवा लेखकों को उनका चयन किए जाने पर बधाई दी और उन्हें सार्थक पुस्तकें लिखने के लिए मेंटरशिप अवधि का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया, जो देश के युवाओं को पढ़ने, लिखने और ज्ञान के साथ गहराई से जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**यूपी में...**

तैनात 4 चिकित्साधिकारियों से लापरवाही के संबंध में स्पष्टीकरण तलब किया गया है। साथ ही काम में ढिलाई बरतने पर 3 चिकित्साधिकारियों को चेतावनी देने का फैसला लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि कार्य में लापरवाही व उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के आरोप में 5 चिकित्साधिकारियों की वेतन वृद्धि रोक दी गई है और उनके खिलाफ परनिदा दंड भी लगाया गया है। इतना ही नहीं, क्रय नीति के विरुद्ध दवा खरीद के मामले में दोषी पाए गए 2 चिकित्साधिकारियों की पेंशन में 10 प्रतिशत कटौती के निर्देश भी दिए गए हैं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्पष्ट किया कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही या दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं होगा और ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**केंद्र-ईसी...**

बाद 19 फरवरी 2025 को ज्ञानेश कुमार मुख्य चुनाव आयुक्त बनाए गए। सीईसी और ईसी की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक पैनल करेगा। इसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और सीजेआई भी शामिल होंगे। इससे पहले सिर्फ केंद्र सरकार इनका चयन करती थी। यह पैनल सीईसी और ईसी के नामों की सिफारिश राष्ट्रपति से करेगा। इसके बाद राष्ट्रपति मुहर लगाएंगे। तब जाकर उनकी नियुक्ति हो पाएगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह प्रोसेस तब तक लागू रहेगा, जब तक संसद चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर कोई कानून नहीं बना लेती। केंद्र सरकारसीईसी और ईसी की नियुक्ति, सेवा, शर्तें और अवधि से जुड़ा नया बिल लेकर आई। इसके तहत चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति तीन सदस्यों का पैनल करेगा। इसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष का नेता और एक कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। पैनल से सीजेआई को बाहर रखा गया। 21 दिसम्बर 2023 को शीतकालीन सत्र के दौरान यह बिल संसद के दोनों सदनों में पास हो गया। विपक्षी दलों का कहना था कि सरकार सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के आदेश के खिलाफ बिल लाकर उसे कमजोर कर रही है। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। तत्कालीन चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग किया।

## स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती पर देश भर में श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, वार्ता



उन्नीसवीं सदी के महान आध्यात्मिक गुरू और समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती पर सोमवार को देश भर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और जगह-जगह उनकी याद में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित गणमान्य हस्तियों ने देश के इतिहास के एक महत्वपूर्ण कालखंड में आध्यात्मिक चेतना और युवाओं को सामाजिक दायित्व की प्रेरणा देने में स्वामी विवेकानंद के महती योगदान को याद किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने स्वामी विवेकानंद को एक ऐसा दूरदर्शी महापुरुष बताया, जिनके विचार आज भी मानवता को राह दिखाते हैं। राष्ट्रपति ने अपने श्रद्धांजलि संदेश में कहा कि मैं राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने वाले स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देती हूं। उन्होंने एक्स पर अपने आधिकारिक पृष्ठ पर लिखा, स्वामी विवेकानंद (का जीवन और शिक्षाएं) एक कालातीत दूरदर्शी और आध्यात्मिक प्रतीक है, उन्होंने सिखाया कि आंतरिक शक्ति और मानवता की सेवा एक सार्थक जीवन की नींव हैं। उन्होंने भारत के शाश्वत ज्ञान को दुनिया तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि स्वामीजी ने भारतीयों में राष्ट्रीय गौरव की भावना जगाई और युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उनकी शिक्षाएं मानवता को प्रेरित करती रहेंगी।

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति आवास पर स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में स्वामी विवेकानंद की अमर विरासत का स्मरण करते हुए कहा कि स्वामीजी के जीवन और शिक्षाओं में आंतरिक शक्ति, आत्म-अनुशासन और निस्वार्थ सेवा को सार्थक जीवन का स्तंभ दर्शाया और बताया गया है।

## राष्ट्र की सेवा में युवा अपने ज्ञान व कौशल को समर्पित करें:राधाकृष्णन



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने युवाओं से बौद्धिक ईमानदारी और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया है। राधाकृष्णन ने यहां सोमवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के 9वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया। उन्होंने विवेकानंद की जयंती पर उनकी शिक्षाओं का स्मरण करते हुए युवाओं से कहा कि उन्हें शिक्षा अर्जित करने के साथ चरित्र निर्माण के प्रति कुशाग्र होना चाहिए और अपने पैरों पर खड़े होने के लिए खुद को सशक्त बनाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा और उचित प्रशिक्षण ही भारत के युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने में सक्षम बनाएगा। श्री राधाकृष्णन ने भारत की ज्ञान की सभ्यतागत परंपरा पर प्रकाश डालते हुए नालंदा और तक्षशिला जैसे प्राचीन शिक्षण केंद्रों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीय धर्मग्रंथों और क्लासिक्स, उपनिषदों और भगवद् गीता से लेकर कौटिल्य के अर्थशास्त्र और तिरुवल्लुवर के तिरुक्कुरल तक ने लगातार सीखने को सामाजिक और नैतिक जीवन के केंद्र में रखा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सच्ची शिक्षा आचरण और चरित्र को आकार देती है, और यह केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है। राधाकृष्णन ने इस बात पर जोर दिया कि आधुनिक विज्ञान और पारंपरिक मूल्यों को एक साथ विकसित होना चाहिए।

# वैश्विक बदलावों के अनुरूप पाठ्यक्रम व तकनीकी कार्यक्रम लगातार अपडेट हों: आनंदीबेन

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने सभी राज्य विश्वविद्यालयों से आह्वान किया है कि वे बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुसार अपने पाठ्यक्रमों एवं तकनीकी कार्यक्रमों को निरंतर अपडेट करें, ताकि विद्यार्थी ज्ञानवान होने के साथ-साथ नवोन्मेषी, आत्मनिर्भर और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए सक्षम बन सकें।

उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र की प्रगति सामूहिक उत्तरदायित्व से ही संभव है। सोमवार को राज्यपाल ने डा ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (ए.के.टी.यू.) के सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज का भ्रमण किया तथा बी-टेक प्रथम



सत्र का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वामी विवेकानंद जयंती पर शिक्षकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विवेकानंद जी युवाओं को राष्ट्र की ऊर्जा और भविष्य मानते थे। उनका संदेश 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको' आज भी युवाओं को प्रेरणा देता है। राज्यपाल ने स्वच्छता अभियान, डिजिटल पेमेंट, 'एक पेड़ मां के नाम' और 'विकसित भारत' जैसे अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनकी सफलता देश की एकजुट चेतना और साझा संकल्प का परिणाम है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि दिवाली को यूनेस्को से मान्यता मिलना गौरव का विषय है। उन्होंने ए.के.टी.यू. को नैक द्वारा 'ए प्लस' ग्रेड मिलने पर बधाई देते हुए विश्वविद्यालय के शोध कार्यों की सराहना की। राज्यपाल ने बताया कि विश्वविद्यालय के 378 से अधिक शोधपत्र, 10 से अधिक पेटेंट और 4,500 से अधिक साइटेशन्स मजबूत अनुसंधान संस्कृति को दर्शाते हैं। राज्यपाल ने सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज की इलेक्ट्रॉनिक्स लैब, फिजिक्स लैब, ऑटोमेशन लैब और गूगल लैब सहित विभिन्न प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि अधिक से अधिक छात्रों को प्रयोगशालाओं में काम करने का अवसर मिले, ताकि वे संसाधनों का अधिकतम लाभ उठा सकें। उन्होंने इनोवेशन हब में स्टार्टअप्स के को-वर्किंग स्पेस का भी अवलोकन किया। राज्यपाल की उपस्थिति में ए.के.टी.यू. और बेंगलुरु स्थित संस्था जेनक्स स्पेस के बीच स्पेस टेक्नोलॉजी पर आधारित एमओयू हुआ, जिसके तहत विश्वविद्यालय में स्पेस क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने, प्रशिक्षण व सहयोग की पहल की जाएगी। इस दौरान बुंदेलखंड गार्डन्स पुस्तक और पाठ्यक्रम बुकलेट का विमोचन तथा रुद्राक्ष पौधरोपण भी किया गया।

# आईआईटी बीएचयू ने की आकाशगंगा क्लाउड की शुरुआत

शाह टाइम्स ब्यूरो

वाराणसी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बीएचयू ने सोमवार को अमेज़न वेब सर्विसेज़ (एडब्ल्यूएस), साइनक्रोन और आईआईटी (बीएचयू) एलुमनी फाउंडेशन यूएसए के सहयोग से बहुवर्षीय एवं दूरदर्शी क्लाउड अनुसंधान पहल 'आकाशगंगा क्लाउड' का शुभारंभ किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आईआईटी (बीएचयू) में क्लाउड कंप्यूटिंग अवसंरचना को मजबूत करना तथा विभिन्न विषयों में उन्नत अनुसंधान और नवाचार को गति प्रदान करना है।

उद्घाटन समारोह में कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें आईआईटी (बीएचयू) के पूर्व छात्र एवं वैश्विक क्लाउड पारिस्थितिकी तंत्र के वरिष्ठ नेता सुदीप जॉन, साइनक्रोन के सीईओ एवं सह-संस्थापक फैसल हुसैन, आईआईटी (बीएचयू) के निदेशक प्रो- अमित पात्रा, आईआईटी (बीएचयू) एलुमनी फाउंडेशन यूएसए के अध्यक्ष सागर भीमावरापु, अनुसंधान एवं विकास के अधिष्ठाता प्रो- राजेश कुमार, संसाधन एवं एलुमनी कार्यों के अधिष्ठाता प्रो- हीरालाल प्रामाणिक, कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो- बास्कर बिस्वास सहित संस्थान के विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य और शोधार्थी शामिल थे। समारोह के दौरान निदेशक प्रो- अमित पात्रा ने 'आकाशगंगा क्लाउड' वेब पोर्टल का औपचारिक शुभारंभ किया। यह समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म छात्रों एवं संकाय सदस्यों को उन्नत क्लाउड-आधारित संसाधनों तक आसान पहुंच उपलब्ध कराएगा, जिससे अत्याधुनिक अनुसंधान और नवाचार को बल मिलेगा। 'आकाशगंगा क्लाउड' आईआईटी (बीएचयू) के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित एक प्रमुख पहल है। अपने संबोधन में प्रो- अमित पात्रा ने इस पहल की परिकल्पना और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "आकाशगंगा' नाम इस पहल के मूल दर्शन को रेखांकित करता है- 'आकाश' क्लाउड की असीम संभावनाओं का प्रतीक है, जबकि 'गंगा' निरंतर प्रवाह, जुड़ाव तथा ज्ञान एवं नवाचार के सतत आदान-प्रदान का प्रतिनिधित्व करती है। यह नाम एक व्यापक, परस्पर जुड़े और गतिशील क्लाउड-आधारित अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र का सूचक है।

# हरदोई में पुलिस अभिरक्षा में पत्नी की गोली मारकर हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

हरदोई। उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के पाली थाना परिसर में सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे एक महिला की उसके पति ने पुलिस अभिरक्षा में गोली मार कर हत्या कर दी।

महिला चार दिन पूर्व अपने प्रेमी के साथ घर से चली गई थी जिसकी रिपोर्ट उसके पति ने थाने में दर्ज कराई थी, पुलिस ने कल महिला को बरामद किया था और आज सुबह उसका पति अपने भाई के साथ महिला से मिलने आया था जहां महिला को खाना ले जाते समय उसने पीछे से गोली मार दी। महिला को उपचार के लिए मेडिकल कालेज लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पति और उसके भाई को हिरासत में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला बीती सात जनवरी को अपने प्रेमी के साथ घर से चली गई थी, पति ने सुरजीत निवासी बख्तावर गंज जिला शाहजहांपुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी।

पुलिस द्वारा रविवार को महिला को बरामद कर थाने लाया गया था। सोमवार सुबह करीब 10:45 बजे महिला का पति आया और महिला को देखकर अपना आपा खो बैठा, जिसके बाद पति ने अचानक तमंचा निकालकर महिला को गोली मार दी। गोली लगते ही महिला लहूलुहान होकर गिर पड़ी। घटना से पुलिस महकमे में खलबली मच गई। आनन-फानन में पुलिसकर्मियों ने महिला को जिला अस्पताल हरदोई पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक बताई है। वहीं पुलिस ने महिला के पति को तमंचा सहित पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी पति के भाई को भी हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। थाना परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। मामले की लेकर उच्चाधिकारियों ने भी संज्ञान लिया है और पूरे प्रकरण की जांच के निर्देश दिए गए हैं। दिनदहाड़े थाने के अंदर हुई इस सनसनीखेज घटना ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

## संतकबीर नगर में गोतस्कर गिरफ्तार

संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश में संत कबीर नगर जिले के दुधारा क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में इनामी गोकश तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने सोमवार को बताया कि बीती रात पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि आठ जनवरी को फरार गोकश तस्कर अनीश करमाखान से इस्लामाबाद की तरफ जाने वाले नहर के पास है जिसपर पुलिस और एसओजी टीम ने घेरा बंदी करके उसे आत्मसमर्पण के लिए कहा लेकिन अनीश ने पुलिस को देखते ही गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गो तस्कर पर गोली चलाई जिससे उसके बाएं पैर में गोली लगने से पुलिस ने उसे धर दबोचा। अभियुक्त के पास से 01 अदद अवैध तमंचा -315 बोर, 02 अदद खोखा कारतूस-315 बोर, 01 अदद जिंदा बरामद हुए हैं।

# नैतिक मूल्यों के बिना शिक्षा समाज को दिशा नहीं दे सकती: योगेंद्र उपाध्याय

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि शिक्षा और नैतिक मूल्य परस्पर पूरक हैं तथा केवल डिग्री आधारित शिक्षा समाज को सही दिशा नहीं दे सकती। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा परंपरा सदैव चरित्र निर्माण, कर्तव्यबोध और सामाजिक उत्तरदायित्व पर आधारित रही है।

सोमवार को उच्च शिक्षा मंत्री ने लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में कला, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषयों पर आधारित 21 पुस्तकों का विमोचन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो- मनुका खन्ना ने की। यह विमोचन विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान की महत्त्वाकांक्षी योजना 'भारत बौद्धिक्स' के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा को उच्च शिक्षा की



मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को भारत के सांस्कृतिक और बौद्धिक पुनर्जागरण का माध्यम बताते हुए कहा कि यह नीति भारतीय ज्ञान परंपरा, भारतीय भाषाओं और कौशल आधारित शिक्षा को केंद्र में रखती है। उन्होंने विश्व के सामने मौजूद पर्यावरणीय संकट, मानसिक तनाव और नैतिक मूल्यों के क्षरण जैसी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनका समाधान भारतीय दर्शन और ज्ञान परंपरा में निहित है। मंत्री ने कहा कि योग, आयुर्वेद और भारतीय जीवन मूल्यों को अब वैश्विक स्तर पर अपनाया जा रहा है और भारत को ज्ञान का उपभोक्ता नहीं बल्कि मार्गदर्शक बनना होगा। कुलपति प्रो- मनुका खन्ना ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि 'भारत बौद्धिक्स' के अंतर्गत प्रकाशित ए पुस्तकें विभिन्न विभागों में भारतीय ज्ञान प्रणाली की गुणवत्ता को मजबूत करेंगी तथा विद्यार्थियों के बौद्धिक व नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप सार्थक पहल बताया।

# 24 घण्टे में एफआईआर नही दर्ज हुई, तो 13 से ओपीडी बंद: केजीएमयू

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) परिसर में 9 जनवरी को हुई तोड़फोड़ और महिलाओं के साथ अभद्रता की घटना को लेकर शिक्षक, रेजीडेंट्स, नर्सिंग व कर्मचारियों की संयुक्त समिति ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। समिति ने निर्णय लिया है कि यदि 24 घण्टे के अंदर एफआईआर नही दर्ज होती है तो 13 जनवरी से ओपीडी को बंद कर दिया जाएगा।

माना जा रहा है कि संयुक्त समिति की तरफ से यह निर्णय प्रशासन पर दबाव बनाने के लिए लिया गया है। फिलहाल, यदि ओपीडी बंद हुई तो इससे हजारों मरीज प्रभावित होंगे क्योंकि



केजीएमयू में प्रतिदिन की ओपीडी 5 से 6 हजार के बीच होती है। सोमवार को इस बाबत शिक्षक संघ सहित कर्मचारी संघ व अन्य संघों की बैठक हुई। बैठक में कहा गया कि घटना के दिन विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रॉक्टर के माध्यम से चौक थाने में तहरीर दी गई थी, लेकिन 72 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। पूरे मामले में असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई न होने से विश्वविद्यालय की छवि धूमिल हुई है। समिति ने चिंता जताई कि जब कुलपति और अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं तो शिक्षकों, रेजीडेंट डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ व अन्य कर्मचारियों की सुरक्षा की बात करना कठिन है।

बैठक में मामले की गंभीरता को देखते हुए कर्मचारियों ने ओपीडी बंद करने की मांग उठी, लेकिन बाहरी मरीजों के हित में 24 घंटे का अल्टीमेटम देने का निर्णय लिया गया।

समिति ने स्पष्ट किया कि यदि अगले 24 घंटे में पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं की जाती तो 13 जनवरी से आकस्मिक सेवाओं को छोड़कर ओपीडी सेवाएं बंद रखी जाएंगी। इस बीच आगे के आंदोलन की रूपरेखा तय करने के लिए 13 जनवरी को दोपहर 2 बजे संयुक्त समिति की बैठक पुन: होगी। गौरतलब है कि किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में बीते 9 जनवरी को राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के समर्थकों पर हंगामा, नारेबाजी, सरकारी कार्य में बाधा और तोड़फोड़ किए जाने का आरोप लगा है। मामले में केजीएमयू के चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर आर एस कुशवाहा की तरफ से कोतवाली चौक के प्रभारी निरीक्षक को पत्र लिखकर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई थी।

# प्रयागराज माघ मेला में धूमधाम से प्रवेश करेंगे ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

वाराणसी। अध्यात्म और तपस्या की पावन स्थली तीर्थराज प्रयाग में इस वर्ष का माघ मेला एक विशिष्ट आध्यात्मिक आभा से ओतप्रोत होने जा रहा है। ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज मंगलवार को माघ मेला क्षेत्र में विधिपूर्वक प्रवेश करेंगे। उनके आगमन के साथ ही संगम तट पर स्थित उनके शिविर में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला प्रारंभ हो जाएगी।

शंकराचार्य जी महाराज इस वर्ष प्रयाग प्रवास के दौरान 'गुप्त नवरात्र' का विशेष अनुष्ठान संपन्न करेंगे। विदित हो कि प्रयाग भगवती ललिता देवी का सिद्ध क्षेत्र है।

तंत्र और शक्ति साधना के दृष्टिकोण से गुप्त नवरात्र का विशेष महत्व होता है। वर्ष में आने वाले चार नवरात्रों में से दो प्रकट और दो गुप्त होते हैं। आषाढ़ और माघ मास में पड़ने वाले गुप्त नवरात्रों में साधक गोपनीय रूप से शक्ति की उपासना करते हैं। सोमवार को शंकराचार्य जी के मीडिया प्रभारी संजय पाण्डेय ने बताया कि शंकराचार्य जी द्वारा किया जाने वाला यह अनुष्ठान राष्ट्र की सुख-समृद्धि, सनातन धर्म की मजबूती और लोक कल्याण की भावना को समर्पित होगा। प्रयाग की धरा पर शक्तिपीठ ललिता देवी की ऊर्जा के सान्निध्य में गुप्त नवरात्र का यह व्रत-पूजन आध्यात्मिक साधकों के लिए अत्यंत प्रेरणादाई सिद्ध होगा। इस दौरान देश-विदेश से भक्त प्रयाग आकर शंकराचार्य जी महाराज का दर्शन करने के साथ उनसे आध्यात्मिक जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त करेंगे। सर्वविदित है कि वर्तमान समय में शंकराचार्य जी महाराज काशी में प्रवास कर रहे हैं।

# एक करोड़ का गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के हाथीनाला थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक मिनी ट्रक से दो तस्करों को गिरफ्तार कर उस पर लदा 442.50 किग्रा अवैध गांजा बरामद किया है। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत एक करोड़ दस लाख रुपये है।

गिरफ्तार तस्कर महाराष्ट्र के निवासी हैं जो भुवनेश्वर से गांजा लादकर फिरोजाबाद जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने सोमवार को बताया कि एसओजी व थाना हाथीनाला की संयुक्त पुलिस टीम ने एक सुचना के आधार पर हथवानी मोड़ पर जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध एक मिनि ट्रक को जांच के लिए रोका। पुलिस द्वारा रोकने का इशारा करते ही उसमें सवार दो व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही दबोच लिया गया। पुलिस टीम द्वारा वाहन की विधिवत तलाशी लेने पर उसके अंदर शीशे की बोरियों के बीच छिपाकर रखी गई 19 प्लास्टिक बोरियों में कुल 442-500 किलाग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 01 करोड़ 10 लाख रुपये है। एसपी ने बताया की गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वाहन में शीशे को बोरियों के बीच गांजा छिपाकर वे ले जा जा रहे थे। गाड़ी मालिक द्वारा हैदराबाद से वारदाना जूट बोरा लदवाकर भुवनेश्वर भेजा गया था।

तीन जनवरी को वाहन खाली होने के बाद गाड़ी मालिक के निर्देश पर भुवनेश्वर से आगे खुर्दा स्थित मदीना होटल पर रुकने को कहा गया। छह जनवरी को एक अन्य व्यक्ति वाहन लेकर आया और बताया कि शीशे के साथ अन्य सामान भी लोड है। शीशे की बिल्टी देकर उन्हें फिरोजाबाद के लिए रवाना किया गया। आठ जनवरी की रात्रि में फोन से बताया गया कि आगरा के बाद फिरोजाबाद जाना है। गांजे का भुगतान प्रायः ऑनलाइन किया जाता था तथा कभी-कभी नकद भी दिया जाता था। उन्होंने बताया की इस मामले में जावेद बाबूलाल महबूब शेख (43), जिला उस्मानाबाद महाराष्ट्र और इस्माइल हजरत जमादार (36) जिला ठाणे, नवी मुंबई को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से 19 प्लास्टिक बोरियों में कुल 442-500 किग्रा नाजायज गांजा बरामद किया गया है।

# दबंग प्रधान ने की सफाई कर्मी की पीट-पीटकर हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के चकरनगर में दबंग प्रधान और उसके साथी द्वारा शराब के नशे में सफाईकर्मी की पीट-पीट कर हत्या किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। गंभीर रुप से घायल सफाईकर्मी ने वारदात के तीसरे दिन उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

पुलिस उपाधीक्षक अविनाश सिंह ने सोमवार को बताया कि सफाई कर्मी श्याम बाबू को गांव के प्रधान और उसके साथी ने बुरी तरह से लाठी डंडों से पीटा है जिससे उसकी मौत हो गई। इस सिलसिले में प्रधान और उसके साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई है। फिलहाल दोनों आरोपी फरार है।




जल्द ही दोनों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। सूत्रों के अनुसार आठ जनवरी की रात दबंग प्रधान और उसका साथी सफाई कर्मी श्याम बाबू के घर के बाहर आया और भद्दी भद्दी गालियां देना शुरू कर दिया। सफाई कर्मी बाहर निकाला तो उसे दबंग प्रधान और उसके साथी ने बुरी तरह से मारना पीटना शुरू कर दिया जिससे सफाई कर्मी मरणासन्न हालत में जा पहुंचा। सफाई कर्मी श्याम बाबू को उपचार के लिए सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती कराया गया जहां बीती देर रात उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। स्थानीय थाना पुलिस ने सफाई कर्मी के बेटे राज की शिकायत के आधार पर दबंग प्रधान फूल सिंह और उसके साथी टुंडे के खिलाफ चकरनगर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन अभी तक दोनों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 50 साल के श्याम बाबू बाल्मिकी को आठ जनवरी की रात करीब 11 बजे अपने घर पर सो रहा था। तभी गांव के प्रधान फूल सिंह दोहरे और एक अन्य नामजद टुंडे मृतक के घर के सामने खड़े होकर भद्दी भद्दी गालियां दे रहे थे, तभी श्याम बाबू घर से निकलकर गाली न बकने को कहा जिस पर दोनों आरोपियों ने लात घुसो से बुरी तरह जमीन पर गिराकर मारपीट की, आनन फानन में घायल अवस्था में इलाज के लिए सैफई ले जाया गया जहां तीन दिन चले इलाज के बाद श्याम बाबू की मौत हो गई। आरोपी ग्राम चांदई प्रधान फूल सिंह दोहरे, साथी टुंडे ने हमला किया था जिसके दूसरे दिन पुलिस ने जानलेवा हमले की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मृतक के बेटे राज ने बताया है कि वे लोग पहले खोरिटी गुहानी गांव में रहते थे, कुछ ही समय से चांदई ग्राम पंचायत नगला जोर गांव में आकर रह रहे हैं। हम लोग सफाई का काम करते हैं और अपनी रोजी-रोटी चलते हैं। हमारे ग्राम प्रधान और उनके सहयोगी टुंडे से किसी बात का कोई विवाद नहीं था। वह लोग उस दिन दारू पीकर हमारे घर के दरवाजे पर गाली गलौज कर रहे थे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उ.प्र) से प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द ब्रत 'सुमन'
☎ 0522-4041004
मुख्यालय: मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मोदी सरकार महात्मा गांधी की वैचारिक हत्या कर रही है: प्रमोद तिवारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

वाराणसी। कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने सोमवार को मनरेगा के मुद्दे को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मनरेगा का नाम बदल कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की वैचारिक हत्या कर रही है।

उन्होंने कहा कि मनरेगा के नाम और स्वरूप को बदलकर 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' (वीबी जी राम जी) कर दिया गया है। श्री तिवारी ने कहा कि मुझे मालूम है कि मेरे बयान से विवाद हो सकता है, लेकिन मैं जो कह रहा हूं, वो बिल्कुल सही और सत्य बोल रहा हूं। मैं यह बात पूरी जिम्मेदारी और मजबूती के साथ कह रहा हूं कि मोदी सरकार गांधी जी की वैचारिक हत्या कर



रही है। गोडसे ने शारीरिक हत्या की थी, तो मोदी सरकार इस योजना के जरिए महात्मा गांधी का नाम-निशान मिटा देना चाहती है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि मनरेगा दुनियां की सबसे विशालतम योजना है। इससे जितने लोग लाभान्वित होते रहे हैं, दुनिया में कोई ऐसी स्कीम आज तक नहीं बनी जिससे इतनी बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित होते रहे हों। जो काम गोडसे ने किया था, अब उसी काम को मोदी सरकार कर रही है। मैं मोदी सरकार की तुलना गोडसे से करता हूं। हम सरकार पर दबाव बनाएंगे कि इस योजना को वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने संकल्प लिया है कि जिस दिन हम सत्ता में आएंगे, गांधी जी का नाम भी वापस लाएंगे और मनरेगा कानून को भी उसके मूल स्वरूप में बहाल करेंगे। धार्मिक नगरी काशी में यह संकल्प लिया जा रहा है। जैसे आंदोलन के बाद किसानों से जुड़े काले कानूनों को वापस लेना पड़ा था, वैसे ही एक नया काला कानून मोदी सरकार फिर से लेकर आई है। जिसने देश को गुलामी से आजादी दिलाई।

# माघ मेला में सेंट वाले बाबा कौतूहल का बने केंद्र

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के संगम तट पर माघ मेले में अलग-अलग वेशभूषा और साधना पद्धतियां वाले बाबा श्रद्धालुओं को आकर्षित कर केंद्र बन रहे हैं। इन्हीं अनोखे साधु-संतों में एक नाम इन दिनों खास चर्चा में है, सेंट वाले बाबा।

नागा संन्यासी सेंट वाले बाबा माघ मेला क्षेत्र के सेक्टर-2 में अपनी कुटिया बनाकर साधना में लीन हैं। पूरे शरीर पर सेंट मिली भभूत लगाए, आंखों पर काला चश्मा और धूनी रमाते हुए बाबा दिनभर तपस्या करते नजर आते हैं। श्रद्धालु बड़ी संख्या में उनके दर्शन और आशीर्वाद के लिए पहुंच रहे हैं। सेंट वाले बाबा का अनोखा अंदाज यह है कि वह श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते समय सेंट मिली भभूत और सेंट (इत्र/परफ्यूम) का प्रयोग करते हैं। बाबा बताते हैं कि यह सेंट वह मसान यानी श्मशान घाट से लाते हैं और भक्तों को प्रसाद स्वरूप में देते हैं। इसी वजह से लोग उन्हें सेंट बाबा कहने लगे। बाबा कहते हैं कि उनके पास हमेशा सेंट से भरा पिटारा रहता है, जिसका उपयोग वह साधना और भक्तों के कल्याण के लिए करते हैं।

लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स

में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।

नोट: इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।

मौहम्मद जान तुर्की,
ब्यूरो चीफ लखनऊ

कार्यालय: 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
Mob. 8630533498
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

# सफाईकर्मी सीवर व नालों की नहीं करेंगे सफाई

■ सचिव ने मशीनों से कराने के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में सीवर व नालों की सफाई के दौरान सफाई कर्मचारियों की हुई मौत को देखते हुए राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव राहुल कश्यप ने आज बड़ी घोषणा की। उन्होंने अधिकारियों के साथ हुई बैठक में कहा कि जनपद गौतमबुद्धनगर के शहरी क्षेत्रों में सीवर एवं नालों की सफाई पूर्ण रूप से यांत्रिक माध्यमों से कराई जाए। किसी भी परिस्थिति में मैन्युअल सफाई न कराई जाए।

सचिव राहुल कश्यप सोमवार को जनपद गौतमबुद्ध नगर के भ्रमण पर पहुंचे थे । भ्रमण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम सेक्टर 63, सेक्टर 37 नोएडा तथा लीग्रैंड सोसाइटी सेक्टर 150 में संबंधित घटनास्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके उपरांत सचिव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की गई।

बैठक के दौरान सचिव ने हाथ से मैला ढोने का कार्य प्रतिषेध एवं उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि सभी अधिकारी इस अधिनियम का गहन अध्ययन कर अपने-अपने कार्यक्षेत्र में इसका प्रभावी अनुपालन कराए। उन्होंने बताया कि मैनुअल स्कैवेंजिंग निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम, 2013 (एमएस एक्ट-2013) के अंतर्गत 30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि दिए जाने का स्पष्ट प्रावधान है, जिसका सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा पालन किया जाए। सचिव ने स्पष्ट किया कि इस कानून का उद्देश्य केवल हाथ से मैला ढोने पर रोक लगाना नहीं है, बल्कि सफाई कर्मियों को गरिमापूर्ण जीवन, सामाजिक सम्मान तथा सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराना भी है।

इस दौरान सचिव ने निर्देश दिए कि जनपद में कार्यरत समस्त सफाई एजेंसियां एवं अनुबंधित कंपनियां अपने सभी सफाई कर्मियों का पूर्ण विवरण संबंधित विभागों को उपलब्ध कराएं। इस विवरण में कर्मियों के उत्तराधिकारी, पारिवारिक स्थिति, बीमा, भविष्य निधि तथा कर्मचारी राज्य बीमा से संबंधित जानकारी अनिवार्य रूप से सम्मिलित हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि किसी भी सफाई कर्मी को खतरनाक अथवा जीवन जोखिम वाले कार्यों में न लगाया जाए तथा सभी कर्मियों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण नियमित रूप से उपलब्ध कराए जाएं।

सचिव ने बताया कि सफाई कार्य के लिए आवश्यक आधुनिक उपकरणों की खरीद भारत सरकार की नमस्ते योजना के अंतर्गत की जा सकती है, जिससे सफाई कार्य को अधिक सुरक्षित, आधुनिक एवं प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि शहरी क्षेत्रों में सीवर एवं नालों की सफाई पूर्ण रूप से यांत्रिक माध्यमों से की जाए तथा किसी भी परिस्थिति में मैन्युअल सफाई न कराई जाए। इस संबंध में नगर निगम, विकास प्राधिकरण, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों को पर्याप्त मशीनरी एवं संयंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सफाई से संबंधित शिकायतों के समाधान हेतु टोल फ्री नंबर 14420 के व्यापक प्रचार प्रसार के भी निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान सचिव ने यह भी निर्देश दिए कि सफाई कार्य के दौरान अब तक जिन कर्मियों की मृत्यु हुई है, उनके आश्रितों को मैनुअल स्कैवेंजिंग निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम, 2013 (एमएस एक्ट-2013) के अंतर्गत 30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता सहित समस्त देय लाभ शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र परिवार को सहायता प्राप्त करने में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।

सचिव ने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों की रिपोर्ट तैयार कर आयोग को प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला स्तर पर गठित निगरानी समिति के माध्यम से सफाई कर्मियों की कार्य परिस्थितियों, सुरक्षा मानकों तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

बैठक के दौरान इस मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, एसीपी ट्रैफिक पवन कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ संजीव कुमार, एडीओ दीपक चौहान सहित प्राधिकरण, नगर पालि. का, नगर पंचायत एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# रैंडम जांच अभियान खत्म हुआ है, स्वच्छ पानी देने की मुहिम जारी रहेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से एहतियात के तौर पर पानी की गुणवत्ता जांचने का चार दिवसीय अभियान सोमवार को समाप्त हो गया। चौथे दिन भी 8 टीमों ने 23 से अधिक सेक्टरों व गांवों में 120 से ज्यादा जगहों से पानी की रैंडम जांच की। प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव खुद भी गंगा वाटर रिजर्वायर और मास्टर रिजर्वायर का जायजा लिया।

जांच टीमों ने चौथे दिन सादोपुर, वैदपुरा, सैनी, सुनपुरा, पाली, मिलक लच्छी, सेक्टर गामा वन व टू, डेल्टा-1, अल्फा वन व टू, ओमीक्रॉन वन, टू व थ्री, ग्रेनो वेस्ट की सोसाइटियों में पानी की रैंडम जांच की। टीम अपने साथ पानी की जांच के लिए जरूरी उपकरण जैसे टीडीएस मीटर, पीएच व क्लोरीन किट साथ लेकर गई थी। टीम को सप्लाई के पानी में सभी मानकों के अनुरूप ही मिले हैं। श्रीराम लैब की टीमें भी इन जगहों से पानी के सैंपल लेकर जांच कर रिपोर्ट प्राधिकरण में सबमिट करेंगी। जांच टीमें जहां भी गई, वहां के निवासियों से फीडबैक भी लिया। निवासियों ने प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की तरफ से इस रैंडम जांच अभियान की पहल के लिए सराहना भी की। प्राधिकरण की टीमों ने भी आस्वस्त किया कि भले ही पानी की गुणवत्ता परखने के लिए चार दिवसीय अभियान सोमवार को संपन्न हो गया, लेकिन स्वच्छ पानी की सप्लाई के लिए प्राधिकरण लगातार प्रयास करता रहेगा। दूषित पानी की शिकायत मिलने पर उसे तत्काल दुरुस्त किया जाएगा। इन टीमों की तरफ से रैंडम जांच से इतर प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने सोमवार को पल्ला स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और जैतपुर स्थित मास्टर रिजर्वायर का औचक निरीक्षण कर पानी की गुणवत्ता की जांच कराई। गंगाजल की रिपोर्ट भी मानकों के अनुरूप मिली। एसीईओ ने जल विभाग की टीम को गंगाजल की नियमित जांच कराने के निर्देष दिए। बता दें कि कुछ जगहों पर दूषित पानी की शिकायतों के बाद सेक्टरों व गांवों में पानी की गुणवत्ता परखने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने रैंडम जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए, जिस पर 8 टीमें बनाकर सेक्टरों, गांवों व सोसाइटियों में चार दिवसीय अभियान चलाया गया। महाप्रबंधक एके सिंह के नेतृत्व में जांच टीमों ने जलापूर्ति लाइनों में किसी भी प्रकार के लीकेज, सीवर चोकिंग, ओवरफ्लो, ड्रेन-सीवर-पानी कनेक्शन प्वाइंट्स की गहन जांच की।

> ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने कहा है कि प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा एरिया में स्वच्छ जलापूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। चार दिवसीय अभियान भले ही सोमवार को संपन्न हो गया है, लेकिन प्राधिकरण की तरफ से पानी की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए लगातार कार्य कराए जाएंगे और अगर किसी एरिया में दूषित पानी के सप्लाई होने की जानकारी प्राप्त होती है तो इसकी सूचना शीघ्र प्राधिकरण के जल विभाग को दें। संपर्क के लिए वरिष्ठ प्रबंधक जल (9205691408) और प्रबंधक जल (8937024017) के मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं। प्राधिकरण की टीम इसे शीघ्र दुरुस्त कराएगी।

# खनन माफियाओं ने तोड़ा सिंचाई विभाग का बैरियर

■ डम्पर निकालने के लिए क्षतिग्रस्त किया, ग्रामीणों ने की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में खनन माफियाओं की दबंगई सामने आई है। यहां खनन माफियाओं ने सिंचाई विभाग द्वारा लगाए गए बैरियर को तोड़ दिया। यह बैरियर भारी वाहनों की आवा. जाही रोकने के लिए लगाया गया था, लेकिन डम्पर निकालने के उद्देश्य से इसे क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

दरअसल, जारचा थाना क्षेत्र में सिंचाई विभाग ने प्यावली से नरौली तक नहर किनारे लाखों रुपये की लागत से सड़क का निर्माण कराया था। इस सड़क को भारी वाहनों से बचाने और इसकी लंबी उम्र सुनिश्चित करने के लिए दोनों ओर लोहे के बैरियर लगाए गए थे। विभाग ने स्पष्ट किया था कि यह मार्ग केवल हल्के वाहनों और ग्रामीणों की सुविधा के लिए है।

ग्रामीणों के अनुसार, रविवार रात के अंधेरे में इन बैरियरों को तोड़ दिया गया।

गांव वालों ने बताया कि खनन माफिया रात में भारी वाहनों में मिट्टी भरकर ले जाते हैं और इसी दौरान उन्होंने रास्ते में लगे बैरियर को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना को लेकर चोना नगला गांव के ग्रामीणों में भारी रोष है और उन्होंने इसकी शिकायत भी की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि खनन माफिया रात में ओवरलोड वाहनों में मिट्टी भरकर चलाते हैं, जिससे लाखों रुपये की लागत से बनी यह सड़क टूटने की कगार पर आ गई है। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।

इस संबंध में सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता नीरज त्यागी ने बताया कि बैरियर टूटने का मामला संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि मौके पर जेई को भेजा गया है और बैरियर को दोबा. रा लगाया जाएगा। त्यागी ने यह भी बताया कि बैरियर तोड़ने वाले लोगों की पहचान की जा रही है और इस पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की जाएगी।

# सीआईएसएफ के जवानों को आवास मुहैया कराए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात होने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों को किराये पर आवास उपलब्ध कराने के लिए 467 फ्लैट दे दिए गए हैं।

इसकी औपचारिकता पूरी कर ली गई है। सेक्टर ओमीक्रॉन-1ए स्थित बहुमंजिला सोसाइटी में एमआईजी और एलआईजी कैटेगरी के फ्लैट हैं। सीआईएसएफ के जवानों को ये फ्लैट उपलब्ध कराने की योजना है। चिह्नित किए गए फ्लैटों की मरम्मत और रंगाई-पुताई का काम चल रहा है। जवानों को अस्थायी रूप आवास की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। प्राधिकरण निर्धारित एचआरए (हाउस रेंट अलाउंस) वसूलेगा। नोएडा एयरपोर्ट से उड़ान सेवा शुरू होने के पहले चरण में सीआईएसएफ के कुल 1,047 जवानों को तैनात किया जाएगा। इनमें से 447 जवानों के साथ उनका परिवार भी रहेगा।

## एक नजर

### मकर संक्रांति पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मकर संक्रान्ति के अवसर पर घोषित अवकाश में बदलाव किया गया है। वर्ष 2026 के लिए मकर संक्रान्ति पर 14 जनवरी (बुधवार) को निर्बन्धित अवकाश घोषित किया गया था। लेकिन शासन स्तर पर पुन: विचार के बाद यह निर्णय लिया गया है कि अब 15 जनवरी 2026 (गुरुवार) को मकर संक्रान्ति के अवसर पर निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट, 1881 के तहत सार्वजनिक अवकाश रहेगा।गौतमबुद्धनगर में भी इस दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

यह जानकारी सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। जिसमें कहा गया है कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्णय के अनुसार 14 जनवरी को घोषित निर्बन्धित अवकाश के स्थान पर 15 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश मान्य होगा। इस संबंध में सामान्य प्रशासन अनुभाग की 17 नवंबर 2025 की विज्ञप्ति को संशोधित माना जाएगा।

### अंगीठी से आग तापते समय कपड़ों में लगी आग, महिला की दर्दनाक मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा में अंगीठी से आग तापते समय कपड़ों में आग लगने के कारण गंभीर रूप से झुलसी महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार घटना रविवार दोपहर सेक्टर-39 थाना क्षेत्र की भूड़ा कॉलोनी में उस समय की है जब राजेश शर्मा अपने घर में अंगीठी जलाकर आग ताप रही थीं तभी अंगीठी की चिंगारी से उनके कपड़ों में आग लग गई और वह बुरी तरह झुलस गईं। थाना प्रभारी निरीक्षक डी.पी. शुक्ल ने बताया कि परिजन उन्हें अत्यंत गंभीर हालत में ग्रेटर नोएडा स्थित यथार्थ अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की जा रही है।

### कूड़े का प्रबंधन न करने पर दो होटलों पर 1.04 लाख का जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार को सेक्टर बीटा टू स्थित बार्बिक्यू नेशन और बरकोस होटल पर 52-52 हजार (कुल 1.04 लाख) रुपये का जुर्माना लगाया। प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दोनों होटलों का जायजा लिया और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल 2016 के अंतर्गत कूड़े को सही ढंग से प्रोसेस नहीं करने पर जुर्माना लगाया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों से कूड़ा का उचित प्रबंधन करने और ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

### यीडा क्षेत्र में प्रस्तावित फिनटेक हब पर मंथन, 12 जनवरी को हुई स्टेकहोल्डर कार्यशाला

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के सेक्टर-11, गीता बुद्ध नगर में प्रस्तावित लगभग 250 एकड़ के फिनटेक हब प्रोजेक्ट को लेकर सोमवार को अहम कदम उठाया गया। फिनटेक हब परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के उद्देश्य से 12 जनवरी 2026 को होटल द मेरिडियन (डिजायर हॉल) में एक दिवसीय स्टेकहोल्डर परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता यीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डॉ. राकेश सिंह ने की। इस अवसर पर प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिनमें अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नागेंद्र प्रताप, शैलेन्द्र कुमार भाटिया और राजेश कुमार शामिल थे। कार्यशाला में सॉफ्टवेयर एज ए सर्विस, बीमा, बैंकिंग और फिनटेक सेक्टर से जुड़े प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता की। इसके साथ ही रियल एस्टेट डेवलपर्स की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। प्रतिभागियों ने फिनटेक हब के विकास मॉडल, नियामक ढांचे और प्रस्तावित हब के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक अवसंरचनात्मक व पारिस्थितिकी तंत्र पर अपने सुझाव साझा किए। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि परामर्श कार्यशाला के दौरान प्राप्त सभी सुझावों और प्रस्तावों को फिनटेक हब की अंतिम विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) में सम्मिलित किए जाने पर विचार किया जाएगा। डीपीआर तैयार करने का कार्य अंतरराष्ट्रीय परामर्श कंपनी कुशमैन एंड वेकफील्ड द्वारा किया जा रहा है।

# छात्र को चाकू मारने वाले दोनों युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाने की पुलिस ने चोटपुर कॉलोनी निवासी छात्र पर सात जनवरी को चाकू से हमला कर घायल करने वाले दोनों युवकों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से एक चाकू भी बरामद किया। घटना के बाद से दोनों फरार चल रहे थे। पुलिस ने बताया कि सेक्टर-63 चोटपुर कॉलोनी में संगम तिवारी परिवार संग रहता है। वह स्नातक का छात्र है। वह सात जनवरी की सुबह करीब नौ बजे कोचिंग जा रहा था। इसी दौरान युवकों श्रीकांत और राज सिंह ने मारपीट कर संगम को चाकू से घायल कर दिया। घटना की सूचना सेक्टर-63 थाने की पुलिस को मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपी फरार हो चुके थे।

परिजनों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और मामले में केस दर्ज कराया। पुलिस के मुताबिक श्रीकांत और राज सिंह दोनों चचेरे भाई हैं। श्रीकांत की बहन से घायल छात्र की दोस्ती है। दोनों एक ही कोचिंग में पढ़ते हैं। इस बात से नाराज श्रीकांत ने अपने चचेरे भाई राज सिंह के साथ मिलकर पीड़ित पर हमला किया था। दोनों बिहार सिवान जिले के निवासी हैं। परिवार संग नोएडा में रहते हैं। दोनों अभी पढ़ाई कर रहे हैं। वहीं, घायल छात्र को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई।

# जीरो पॉइंट पर बोलेरो में डीजल डालते समय होंडा सिटी की टक्कर से दो सगे भाई की मौत, आरोपी चालक गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा नॉलेज पार्क कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जीरो पॉइंट के पास नोएडा की ओर नीचे उतरने वाले मार्ग पर रविवार देर रात एक सड़क हादसे में दो सगे भाईयों की मौत हो गई। बोलेरो गाड़ी में डीजल खत्म हो जाने के कारण सड़क किनारे खड़े होकर ईंधन भर रहे दो भाईयों को तेज रफ्तार होंडा सिटी कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें तत्काल उपचार के लिए पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान गौरव शर्मा (32) और मनोज शर्मा (40) पुत्रगण जयप्रकाश शर्मा निवासी गांव कुंडली बांगर थाना नॉलेज पार्क के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों भाई बोलेरो से परिवार सहित कपड़ों की खरीदारी के लिए निकले थे। वहां से रात करीब 8:30 बजे वापस लौट रहे थे। इसी दौरान जीरो पॉइंट के पास वाहन का डीजल समाप्त हो गया। मनोज ने पास एक पेट्रोल पंप से किसी तरह से डीजल का इंतजाम किया और बाद में गाड़ी में डीजल डालने लगा। वहीं पास खड़ा गौरव दूसरी गाड़ियों को साइड कराने में मदद करने लगा। इसी दौरान एक तेज रफ्तार होंडा सिटी कार ने अनियंत्रित होकर दोनों भाइयों को टक्कर मार दी। परिजन के मुताबिक, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक कई फीट दूर जा गिरे और मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन से सूचना मिलने पर थाना नॉलेज पार्क पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को ग्रेनो के यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां से पंचायतनामा भरने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने मामले बिहार निवासी सिद्धार्थ कात्यान को गिरफ्तार कर होंडा सिटी को कब्जे में लिया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना हादसे का कारण माना जा रहा है। कोतवाली प्रभारी सर्वेश चंद्र का कहना है कि बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

# पिलर की खुदाई के दौरान पड़ोसी की गिरी दीवार, मलबे में दबकर मजदूर घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेज-3 क्षेत्र के सेक्टर-66 स्थित मामूरा गांव में आज एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। यहां एक निर्माण कार्य के दौरान मकान का एक हिस्सा ढह गया। जिसमें दबकर बिहार निवासी एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंच कर आक्रोशित लोगों को शांत कराया ।

मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने बताया कि यह हादसा बड़ा था लेकिन गनीमत रही कि कोई जन हानि नहीं हुई। पुलिस के अनुसार मामूरा गांव में एक पिलर के लिए गहरा गड्ढा खोदा जा रहा था। खुदाई काफी गहरी होने के कारण बगल में बने पुराने मकान की नींव कमजोर हो गई और मकान का एक हिस्सा अचानक भरभरा कर गिर। बताया जा रहा है कि इस हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया था। लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुँचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने इस घटना में वहां काम कर रहे महबूब अख्तर निवासी बिहार, दीवार गिरने के कारण मलबे की चपेट में आ गया था। पुलिस के अनुसार, महबूब अख्तर को चोटें आई है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल मौके पर शांति व्यवस्था कायम है और पुलिस द्वारा इस मामले में अन्य आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# सात हजार वाहनों के चालान काटे

**नोएडा।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सोमवार को यातायात पुलिस ने अलग-अलग नियमों का उल्लंघन करने पर 6993 वाहनों के चालान किए। इसके अलावा कागजात नहीं होने पर 19 वाहनों को जब्त किया। यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि हेलमेट नहीं पहनने पर 2609, सीट बेल्ट नहीं बांधने पर 117 और तेज रफ्तार से वाहन चलाने पर 402 वाहनों के चालान किए गए। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई के अलावा पाथवे स्कूल के चालक-परिचालक को नियमों के पालन के लिए जागरूक किया गया। छिजारसी तिराहा, महर्षिक आश्रम चौक, बरौला तिराहा, सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन, रजनीगंधा चौराहा सहित कई और जगह ऑटो और ई-रिक्शा चाल. कों को सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा के विषय एवं यातायात नियमों से अवगत कराया।

# नोएडा एयरपोर्ट के सुरक्षा ऑडिट में मिली कमियों को दूर करने के प्रयास तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी और सीआईएसएफ द्वारा दिसंबर में नोएडा (जेवर) एयरपोर्ट के किए गए सिक्योरिटी ऑडिट में मिली 25 से अधिक कमियों के बाद अब जनवरी में फिर से यहां का सिक्योरिटी ऑडिट किया गया है। सूत्रों ने बताया कि इसमें पाया गया है कि कंक्रीट की बाउंड्रीवॉल की जगह काफी दूरी तक लोहे की फेंसिंग खड़ी करने और सीआईएसएफ जवानों के लिए उपयुक्त वॉच टावर न बनाए जाने समेत जो भी कमियां मिली थीं, उन्हें दूर करने के लिए अब तेजी से काम किया जा रहा है।

सूत्रों का कहना है कि इसे देखते हुए ऐसे संकेत मिल रहे है कि बीसीएएस द्वारा नोएडा एयरपोर्ट को फिलहाल कंडिशनल एनओसी दी जा सकती है। जिसमें अधूरे सुरक्षा कार्य को टाइम लिमिट के साथ पूरा करना होगा। इसमें नोएडा एयरपोर्ट मैनेजमेंट से बीसीएएस अंडरटेकिंग लेगा। तभी बीसीएएस की तरफ से नोएडा एयरपोर्ट को शर्तो के साथ एनओसी दी जा सकती है।

सूत्रों ने यह भी बताया कि इस एनओसी देने का मतलब यह नहीं होगा कि सुरक्षा मानक पूरे किए बिना यहां से एयर ऑपरेशंस शुरू करा दिए जाएं। एनओसी का मतलब अभी केवल इस एयरपोर्ट के उद्घाटन तक सीमित रहेगा। इसके बाद जब एयरपोर्ट पूरी तरह से तमाम सुरक्षा मानकों पर खरा उतर जाएगा। तभी यहां से हवाई जहाजों के टेक ऑफ और लैंडिंग की इजाजत दी जाएगी। सूत्रों ने बताया कि दिसंबर में सुरक्षा जांच में फेल होने के बाद से नोएडा एयरपोर्ट ने यहां सुरक्षा मानकों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए युद्धस्तर पर काम करना शुरू कर दिया है।

# परिवार के साथ मारपीट, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट में परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में राजीव कुमार परिवार के साथ रहते हैं। वह सेक्टर-16 स्थित दुकानदार से अपने रुपये मांगने के लिए गए थे। इसी बीच दुकानदार ने अपने साथियों के साथ मिलकर राजीव कुमार, उनकी पत्नी और दोनों बेटों के साथ मारपीट की। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि रुपये के लेनद. ेन को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा है।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दुकानदार सुमित, अमित, साजन और उनके अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# कॉलेज से तार चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शारदा गोलचक्कर के पास से पुलिस ने नॉलेज पार्क स्थित निजी कॉलेज से बिजली के तार चोरी करने वाले चार आरोपियों को सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कॉलेज में इलेक्ट्रीशियन की नौकरी करते थे। पुलिस ने उनके पास से वारदात में प्रयुक्त कार और चुराए गए तार के बंडल बरामद किए। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान सुल्तान और आदिल निवासी पनवाडी जिला मेरठ, नसीम खान उर्फ शकील निवासी रिवाजपुर जिला फरीदाबाद हरियाणा और दक्ष निवासी बदौली जिला मेरठ के रूप में हुई। आरो. पियों ने कॉलेज से रात्रि में बिजली के तार के बंडल चोरी किए थे।

# कार के नीचे मिली युवती की लाश, पुलिस जांच में जुटी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा-2 क्षेत्र के बीटा-2 पार्क के पास एक कार के नीचे 27 वर्षीय युवती का शव मिला है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान दीपा निवासी पिपरी थाना महोकंठ, जिला महोबा वर्तमान निवासी सेक्टर बीटा-2 के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को आशंका है कि युवती के किसी दोस्त ने उसकी हत्या की है। जिस कार के नीचे युवती का शव मिला है, पुलिस उस कार के मालिक की तलाश कर रही है। पुलिस को इस मामले में कुछ अहम सुराग मिला है।

थाना बीटा- दो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि युवती अपने छोटे भाई के साथ सेक्टर बीटा-2 में किराए के मकान में रहती थी। वह नोएडा के सेक्टर- 60 स्थित एक कॉल सेंटर में पिछले एक वर्ष से कार्यरत थी। उसके मुताबिक दीपा प्रतिदिन की तरह रविवार को भी सुबह घर से नौकरी के लिए निकली थी, लेकिन रात तक वापस नहीं लौटी। देर रात को उसके भाई ने कई बार फोन किया, लेकिन मोबाइल बंद मिला। इसके बाद सोमवार को बीटा-2 पार्क के पास खड़ी एक कार के नीचे उसका शव होने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की।

शव कार के नीचे संदिग्ध अवस्था में मिला। पुलिस को आशंका है की युवती की हत्या उसके किसी दोस्त ने की है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे और सर्विलांस विधि की सहायता से घटना को अंजाम देने वाले की तलाश कर रही है। वहीं घटनास्थल पर मौजूद कुछ लोगों का मानना है की युवती के साथ उसके किसी परिचित ने जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। जब उसने विरोध किया तो उसकी हत्या की गई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक दीपा के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। वह परिवार की सबसे बड़ी संतान थी और अपने दो छोटे भाइयों की जिम्मेदारी भी उसी पर थी। एक भाई आगरा में नौकरी करता है। जबकि दूसरा उसके साथ ही ग्रेटर नोएडा में रहता था। घटना की सूचना मिलते ही परिजन बदहवास हालत में मौके पर पहुंचे।

थाना प्रभारी ने बताया कि सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि युवती किस परिस्थिति में पार्क के पास पहुंची और कार के नीचे उसका शव कैसे मिला। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। कॉल डिटेल और मोबाइल लोकेशन भी निकाली जा रही है।

पुलिस का कहना है कि सड़क दुर्घटना या किसी आपराधिक घटना सहित हर एंगल से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# 50 की उम्र के बाद सेहत की सबसे मजबूत ढाल है वयस्क टीकाकरण

## सिर्फ बच्चों नहीं वयस्कों के लिए भी टीकाकरण है जरूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** टीकाकरण केवल बच्चों तक सीमित विषय नहीं है। बढ़ती उम्र के साथ शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम होती है और कई ऐसी बीमारियां घेर लेती हैं, जिनसे समय पर टीका लगवाकर बचा जा सकता है। अक्सर देखा गया है कि 50 या 60 की उम्र के बाद फ्लू, निमोनिया, लशगल्स जैसी बीमारियां गंभीर रूप ले लेती हैं और कई बार अस्पताल में भर्ती तक की नौबत आ जाती है।



इनमें से कई स्थितियां समय पर टीकाकरण से टाली जा सकती हैं। बावजूद इसके, देश में वयस्क टीकाकरण को लेकर जागरूकता बेहद कम है और बड़ी संख्या में लोग इस सरल लेकिन असरदार बचाव से वंचित रह जाते हैं। भारत को भले ही एक युवा देश के रूप में देखा जाता हो, जहां औसत आयु लगभग 28 वर्ष है, लेकिन इसके साथ-साथ देश की जनसंख्या संरचना तेज़ी से बदल भी रही है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक भारत में बुजुर्गों की संख्या 19.3 करोड़ तक पहुंच जाएगी, जो कुल आबादी का लगभग 13 प्रतिशत होगी। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के अनुसार, 2022 से 2050 के बीच 80 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की संख्या में 279 प्रतिशत तक की वृद्धि होगी, जो यह स्पष्ट करता है कि भारत में स्वस्थ वृद्धावस्था को बढ़ावा देने के लिए ठोस पहल की अत्यंत आवश्यकता है। बढ़ती उम्र के साथ शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता स्वाभाविक रूप से कम होती जाती है, जिससे बुजुर्ग संक्रमणजनित बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। पहले से मौजूद बीमारियां (को-मॉर्बिडिटी) इस जोखिम को और बढ़ा देती हैं। इसी कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी जीवन के हर चरण में टीकाकरण को स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए बेहद आवश्यक बताया है। इसके बावजूद भारत में वयस्क टीकाकरण को लेकर जागरूकता बेहद कम है। देश में किए गए विभिन्न अध्ययनों से सामने आया है कि 80 प्रतिशत से अधिक वयस्कों को यह जानकारी ही नहीं है कि बचपन के बाद भी टीकाकरण की आवश्यकता होती है, न केवल आम जनता बल्कि चिकित्सा एवं स्वस्थ्य के क्षेत्र से जुड़े लोगों में भी वयस्क टीकाकरण को ले कर जागरूकता की अत्यधिक कमी है जिससे वयस्क टीकाकरण सेंटर की आवश्यकता और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ ने वयस्कों के लिए विशेष इम्यूनाइजेशन सेंटर की शुरुआत की है। अपोलो का यह नया इम्यूनाइजेशन सेंटर वयस्कों और बुजुर्गों को एक ही जगह पर वैज्ञानिक सलाह, सही उम्र के अनुसार विशेषज्ञों की निगरानी में सुरक्षित टीकाकरण की सुविधा दे रहा है। बढ़ती उम्र में होने वाली कई जटिलताएं जैसे लंबे समय तक कमजोरी, काम करने की क्षमता में कमी और बार बार अस्पताल के च्चर, टीकाकरण से काफी हद तक रोकी जा सकती हैं। इससे न केवल व्यक्ति स्वस्थ रहता है, बल्कि परिवार पर पड़ने वाला मानसिक और आलथक बोझ भी कम होता है। टीकाकरण कोई एक बार का पड़ाव नहीं, बल्कि पूरी लज़दगी की सुरक्षा है। यदि समय रहते वयस्क और बुजुर्ग टीकाकरण कराएं, तो कई गंभीर बीमारियों व अस्पताल में भर्ती जैसी परेशानियों को रोका जा सकता है। इस वैक्सीनेशन सेण्टर का उद्घाटन अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ के चेयरमैन इंटरनल मेडिसिन प्रो. आर सी आहूजा द्वारा किया गया। अपोलोमेडिक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के एमडी और सीईओ डॉ. मयंक सोमानी ने कहा, ह्उम्र बढ़ने के साथ शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, ऐसे में वयस्क टीकाकरण बेहद ज़रूरी हो जाता है। अपोलो में शुरू किया जा रहा इम्यूनाइजेशन सेंटर इसी सोच का हिस्सा है, ताकि लोग बीमारी होने के बाद नहीं, बल्कि पहले ही खुद को सुरक्षित कर सकें और एक सक्रिय, स्वस्थ जीवन जी सकें। इस वैक्सीनेशन सेण्टर में फ्लू, न्यूमोकोकल, लशगल्स (हर्पीस जोस्टर), टेटनस और डिप्थीरिया, एच पी वी, हेपेटाइटिस ए व बी आदि जैसे जरूरी टीकों के बारे में न केवल जानकारी दी जाएगी।

# चित्रांश महासभा का प्रदेश-व्यापी युवा जागृति अभियान सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** 52 जनपदों में स्वामी विवेकानंद जयंती पर हुआ माल्यार्पण एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजीव वर्मा के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय युवा संभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में संचालित ह्युवा जागृति अभियानह्न आज दिनांक 12 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं विचार साझा कार्यक्रम के साथ विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ।



यह अभियान 12 दिसंबर से 12 जनवरी तक निरंतर एक माह तक चला, जिसके अंतर्गत युवाओं में राष्ट्रचेतना, आत्मगौरव, संस्कार एवं स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। अभियान के समापन अवसर पर अखिल भारतीय चित्रांश महासभा की जनपद इकाइयों द्वारा उत्तर प्रदेश के लगभग 52 जनपदों में स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण, विचार गोष्ठी एवं युवाओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव वर्मा ने अपने संदेश में कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार केवल दर्शन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की कार्ययोजना हैं।

यदि युवा उनकी शिक्षाओं को आत्मसात कर लें, तो भारत को विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। वहीं राष्ट्रीय प्रशासनिक सचिव राजन सक्सेना ने कहा कि युवा जागृति अभियान ने संगठनात्मक अनुशासन, वैचारिक स्पष्टता और सामाजिक उत्तरदायित्व को एक साथ जोड़ने का कार्य किया है। यह अभियान भविष्य के सशक्त नेतृत्व की नींव है।

कार्यक्रमों में वक्ताओं ने यह भी कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी आधारशिला है और स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं को आत्मनिर्भर, राष्ट्रनिष्ठ एवं चरित्रवान नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। अभियान की सफलता पर राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष विशाल श्रीवास्तव ने प्रदेश के सभी जनपद अध्यक्षों, युवा कार्यकर्ताओं एवं अभियान से जुड़े प्रत्येक सहयोगी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अभियान युवाओं को जोड़ने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने में ऐतिहासिक सिद्ध होगा।

### कांग्रेसियों ने केक काटकर मनाया राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका का जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजार शुकुल, अमेठी।** कांग्रेसियों द्वारा सोमवार को स्थानीय कस्बा स्थित ब्लाक कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी की उपस्थिति में व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लाक अध्यक्ष मजीद अहमद की अगुआई में कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया और दीर्घायु होने की कामना की गई। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, ब्लाक अध्यक्ष मजीद अहमद, राजकुमार चौहान, अखिलेश शुक्ला, राजीव त्रिवेदी, अमीन, जय सिंह पाली, राजेन्द्र मिश्रा, अयाज चंदा, सुरेश श्रीवास्तव सहित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एमिटी लॉ स्कूल ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** एमिटी यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश, लखनऊ कैंपस के एमिटी लॉ स्कूल द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस 2026 के अवसर पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के सहयोग से संपन्न हुआ।



कार्यक्रम का आयोजन लवग कमांडर प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार तिवारी, डिप्टी प्रो वाइस चांसलर, अमिटी यूनिवलसटी उत्तर प्रदेश, लखनऊ कैंपस के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एवं संचालन प्रो. (डॉ.) तपन कुमार चंडोला, निदेशक, अमिटी लॉ स्कूल, लखनऊ द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. राजीव कुमार सिंह एवं डॉ. रेशमा उमैर, संकाय सदस्य, अमिटी यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश, लखनऊ कैंपस का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर छात्र भाषण, नाट्य प्रस्तुति, पोस्टर प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल समन्वय दिव्यांश सिंह, छात्र, अमिटी लॉ स्कूल, लखनऊ द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत अमिटी लॉ स्कूल के छात्रों द्वारा छात्र भाषण प्रस्तुत किए गए, जिनमें देविका सिंह ने नल्सा की डॉन योजना पर विशेष रूप से प्रकाश डाला।

# बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों की ऊर्जा मंत्री से नहीं हो सकी मुलाकात

### अब 14 को होगी संगठन पदाधिकारियों व उर्जा मंत्री के बीच वार्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** संगठन के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय नें आज बताया कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा अपने स्वयं के आदेश का उलंघन कर मनमानी तरीके से 15000 बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों कि छटनी करने,55 वर्ष का हवाला देकर हजारों कर्मचारियों को कार्य से हटाने, दिनांक 18 सितम्बर 2025 के आदेश का पालन करते हुए कार्य के अनुरूप अनुबंध न करने, वेतन रुपया 18000 निर्धारित न करने, मार्च 2023 में हटाए गए कर्मचारियों को कार्य पर वापस न लेने, दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश न लगाने, घायल कर्मचारियों का कैशलेस इलाज न कराने एवं घायल कर्मचारियों द्वारा उपचार में व्यय की गई धनराशि को संविदाकारों के बिल से काटकर भुगतान न करने, जांच अधिकारियों द्वारा दिए गए जांच रिपोर्ट के आधार पर भ्रष्ट ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही न करने, क्षेत्रीय कार्यालयों में बायोमेट्रिक सिस्टम स्थापित न करने, मनमानी तरीके से वेतन में कटौती करने, वलटकल व्यवस्था के नाम पर बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों का उत्पीड़न करने,बार बार समझौता करने के बावजूद भी समझौते का पालन न करने एवं स्मार्ट मीटर लगने की स्थिति में कर्मचारियों को कार्य से हटाने आदि समस्याओं के समाधान हेतु संगठन द्वारा विगत काफी समय से किए जा रहे प्रयास के बावजूद भी समस्याओं का समाधान न करने के कारण संगठन द्वारा आज उर्जा मंत्री से उनके लखनऊ स्थित आवास पर उनके जनता दरबार में मिलकर आउटसोर्स कर्मचारियों कि समस्याओं से अवगत कराने का निर्णय लिया गया था। किन्तु कर्मचारियों के पहुंचने से पहले ही उर्जा मंत्री लखनऊ से बाहर चले गए तथा पुलिस प्रशासन द्वारा गौतम पल्ली से प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खालिद व प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय को गिरफ्तार कर ईको गार्डेन और बाद में आउटसोर्स कर्मचारियों को बसों के माध्यम से इको गार्डन भेज दिया गया।



### अमेठी में जायद-2026 हेतु नि:शुल्क दलहन बीज मिनीकिट वितरण की प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने जानकारी दी है कि ख्रषि विभाग द्वारा जायद-2026 के लिए नि:शुल्क दलहन एवं तिलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों का चयन ग्र-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए किसानों से 15 दिसम्बर 2025 से ऑनलाइन आवेदन/बुकिंग की व्यवस्था की गम्र है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत राजकीय ख्रषि बीज भंडारों से दलहनी फसलों द्धउर्द एवं मूंगत्र्ह के बीज ख्रषकों को नि:शुल्क वितरित किए जाएंगे। कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत दृषक मिनीकिट प्रदर्शन हेतु नि:शुल्क बीज प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन अवधि के दौरान प्राप्त सभी पात्र आवेदनों में से ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से लाभालथयों का चयन किया जाएगा। चयनित किसानों को पीओएस मशीन के माध्यम से बीज मिनीकिट का वितरण किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहेगी।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का हुआ भव्य स्वागत

### 22 को लखनऊ अयोध्या व बाराबंकी में प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहुंचे थे पंकज चौधरी

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का सोमवार को लखनऊ बाराबंकी और अयोध्या जिले में पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उत्साह और गर्मजोशी के साथ विभिन्न स्थानों पर स्वागत व अभिनंदन किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में नागरिक भी सम्मिलित हुए। भारत माता की जय, वंदेमातरम्, भाजपा जिन्दाबाद, नरेंद्र मोदी जिन्दाबाद के गगनभेदी नारो से वातावरण गूंज उठा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण को समर्पित कार्यकर्ताओं का विशाल परिवार है। संगठन की असली ताकत उसका कार्यकर्ता है। मैं स्वयं भी एक साधारण कार्यकर्ता रहा हूं और आज जो जिम्मेदारी पार्टी ने मुझे प्रदेश अध्यक्ष के रूप में सौंपी है, उस दायित्व को मै कार्यकर्ताओं के सहयोग से पूरा करने का काम करूंगा। पंकज चौधरी ने कहा कि वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव केवल एक चुनाव नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के विकास, सुशासन और राष्ट्रवादी राजनीति की निरंतरता का संकल्प है। अब हर कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाते हुए जनसंपर्क और जनविश्वास की इस लड़ाई में पूरी ऊर्जा के साथ जुट जाना है। पंकज चौधरी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में पहली बार गरीब, किसान, श्रमिक, महिला और युवा सरकारी योजनाओं के केंद्र में आए हैं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र के साथ मोदी सरकार बिना भेदभाव के समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचा रही है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था, विकास और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं, जिससे प्रदेश तेजी से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि विपक्षी दलों को न तो देश का विकास रास आता है और न ही गरीब कल्याण की योजनाएं। विपक्षी दल सिर्फ भ्रम, झूठ और नकारात्मकता फैलाकर जनता को गुमराह करना चाहते हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता हर झूठ का जवाब सच्चाई, सेवा और संगठन की ताकत से देगा। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत और अभिनंदन के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। कार्यकर्ताओं का यह स्नेह और उत्साह संगठन की असली शक्ति है और हमें नई ऊर्जा प्रदान करता है। कार्यकर्ताओं का प्रेम, सम्मान और उत्साह मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत है। मैं प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन के प्रति उनके समर्पण के लिए नमन करता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि यह ऊर्जा संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री पंकज चौधरी का लखनऊ में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी व वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर नीरज सिंह के नेतृत्व में प्रात: नैमिषारण्य गेस्ट हाउस डालीबाग में बड़ी संख्या में लखनऊ महानगर के पार्टी पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने शंखनाद, मालाओं, पुष्प वर्षा और ढोल नगाड़े के साथ से भव्य स्वागत अभिनंदन किया।



शंखनाद, स्वस्तिवाचन और मंत्रोच्चार के साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष को आशीर्वाद और मंगल शुभकामनाएं दी। गेस्ट हाउस पर प्रात: 8 बजे से ही हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं का सैलाब एकत्रित था। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश और उत्साह नजर आया। नैमिषारण्य गेस्ट हाउस पर कैंट और सरोजिनी नगर विधानसभा के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत के उपरांत हजारों कार्यकर्ताओं के साथ काफिले के समता मूलक चौराहे पहुंचने पर पश्चिम विधानसभा और मध्य विधानसभा की ओर से अंजनी श्रीवास्तव और रजनीश गुप्ता ने बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। उत्तर विधानसभा से डॉक्टर नीरज बोरा और विधायक ओपी श्रीवास्तव ने वेव मॉल के सामने भव्य मंच व्यवस्था के साथ स्वागत किया। पूरे रास्ते कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी हाथों में फूल माला और फूल लिए स्वागत के लिए खड़े नजर आए।

# होमटेल आलमबाग में 'जश्न-ए-अवध': नवाबी स्वाद का दस दिन का खास आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ की मशहूर नवाबी रसोई और अवध के पारंपरिक स्वाद को करीब से महसूस कराने के लिए होमटेल बाय सरोवर, आलमबाग द्वारा 'जश्न-ए-अवध' फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।

यह विशेष फूड फेस्टिवल 12 जनवरी से 21 जनवरी 2026 तक कुल 10 दिनों तक आयोजित होगा, जिसमें शहर के खानपान प्रेमियों को अवध की पहचान माने जाने वाले व्यंजनों का स्वाद एक ही जगह मिलेगा।इस आयोजन के दौरान होमटेल के रेस्टोरेंट 'फ्लेवर्स' को नवाबी अंदाज़ शाही दरबार जैसा सजाया जाएगा। मेहमानों के लिए



सर्दियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए गलौटी कबाब, धीमी आंच पर पकाई गई निहारी, खुशबूदार लखनवी बिरयानी और पारंपरिक शाही टुकड़ा जैसे व्यंजन परोसे जाएंगे। इन व्यंजनों की खास बात यह होगी कि इन्हें पारंपरिक तरीकों से तैयार किया जाएगा, ताकि अवध के पुराने स्वाद और खुशबू को बरकरार रखा जा सके।फूड फेस्टिवल के माहौल को और खास बनाने के लिए पारंपरिक सजावट के साथ सुकून भरी ग़ज़लों की प्रस्तुति भी होगी, जिससे मेहमानों को नवाबी दौर की शामों का एहसास मिल सके। यह फेस्टिवल खास तौर पर परिवारों के लिए तैयार किया गया है, जहां वे सर्द शामों में अच्छे खाने और शांत माहौल के साथ समय बिता सकें।'जश्न-ए-अवध' फूड फेस्टिवल हर रोज़ शाम 7:30 बजे से डिनर के दौरान आयोजित किया जाएगा।

# एसडीएम की कार्यप्रणाली से नाराज अधिवक्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** एसडीएम की कार्यप्रणाली से नाराज मुसाफिरखाना तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का एसडीएम मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया के खिलाफ सोमवार को भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा। एसडीएम मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया की कार्यप्रणाली से नाराज मुसाफिरखाना तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संघ अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में सोमवार को भी तहसील परिसर से तहसील गेट तक हाथों में तख्तियां लेकर एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी कर मुर्दाबाद के नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया और एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी प्रदर्शन कर एसडीएम अभिनव कनौजिया के स्थानांतरण आय से अधिक सम्पत्ति की जांच व कार्यवाम्र की मांग की इस दौरान बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश की पूर्व उपाध्यक्ष व बार कौंसिल सदस्य प्रत्याशी वरिष्ठ अधिवक्ता मधुलिका यादव,बार कौंसिल सदस्य प्रत्याशी यशपाल सिंह भी शामिल रहे।

अधिवक्ताओं के नारेबाजी विरोध प्रदर्शन हड़ताल कार्य बहिष्कार व न्यायिक कार्य से विरत रहने के चलते सोमवार को भी न्यायिक कार्य प्रभावित रहा।अधिवक्ता संघ अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि जब तक एसडीएम अभिनव कनौजिया का स्थानांतरण नही होता है हड़ताल कार्य बहिष्कार चलता रहेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता के के सिंह, अंजनी कुमार मिश्रा, प्रमोद श्रीवास्तव, संजय कुमार शुक्ला, राजन सिंह, सतीश सिंह, बृजेश शुक्ला, संजय मिश्रा, जगतराम पाल, विकास पाल, सुनील सिंह, प्रभाकर सिंह, दीपक पाण्डेय, विपिन शुक्ला, गणेश शुक्ला, रमानाथ तिवारी, दुर्गा शंकर तिवारी,शिव प्रकाश श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर कांग्रेसियों ने मनाया प्रियंका का जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज स्थित राजीव गांधी सभागार में बृहस्पतिवार को स्वामी विवेकानंद जयंती एवं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी जी का जन्मदिन अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और वैचारिक ऊर्जा के साथ मनाया गया।

यह कार्यक्रम केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि विचार, संघर्ष और सेवा के संकल्प का जीवंत प्रतीक बनकर उभरा। जिला कांग्रेस कमेटी अमेठी के अध्यक्ष श्री प्रदीप सिंघल के मार्गदर्शन में यह आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई, जिनके विचार आज भी युवाओं को आत्मबल, राष्ट्रसेवा और मानवता का मार्ग दिखाते हैं। वक्ताओं ने कहा कि विवेकानंद जी का दर्शन केवल ग्रंथों तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन में उतारने की आवश्यकता है। इसके पश्चात प्रियंका गांधी जी के जन्मदिन पर जिला अध्यक्ष ने आठ साल की आर्य कश्यप से केक कटवाया। यह दृश्य सादा और मन को छू लेने वाला था। एक बच्ची की मुस्कान ने खुशी बढ़ा दी और माहौल अपनापन व सादगी से भर गया। वक्ताओं ने उन्हें संघर्ष, संवेदना और साहस की प्रतीक बताया। कहा गया कि प्रियंका गांधी जी आज की राजनीति में उस मानवीय चेहरे का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो सत्ता नहीं बल्कि सेवा को प्राथमिकता देता है। उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी गरीब, किसान, महिला और युवाओं की आवाज़ बनकर खड़ी है। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और युवाओं की बड़ी सहभागिता रही। श्री प्रदीप सिंघल ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की मजबूती, अनुशासन और जनसेवा ही कांग्रेस की असली पहचान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों और प्रियंका गांधी जी के संघर्ष से प्रेरणा लेकर जनता के बीच जाएं। पूरा सभागार उत्साह, संकल्प और एकता के रंग में रंगा रहा। प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया स्वामी विवेकानंद के विचार मानव सेवा, समानता और राष्ट्रनिर्माण पर आधारित थे। कांग्रेस के विचार भी सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र को मजबूत करने पर केंद्रित हैं। दोनों का मूल संदेश गरीब, वंचित और कमजोर वर्ग के उत्थान के साथ एक सशक्त भारत का निर्माण है।



# युवा दिवस के रूप में मनाई जयंती

## स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार जी एवं शिक्षक तथा छात्र एवं छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि करके नमन किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर विद्यालय के शिक्षक टीकम सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अमेरिका स्थित शिकागो में आयोजित विश्व पंत महासभा में स्वामी विवेकानंद जी ने भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था।उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी, जो आज भी अपना काम कर रहा है। वे रामकृष्ण परमहंस के सुयोग्य शिष्य थे। स्वामी विवेक. ानंद ने शिकागो में अपना प्रसिद्ध संबोधन दिया था किंतु उन्हें प्रमुख रूप से उनके भाषण का आरंभ मेरे अमेरिकी बहनों एवं भाइयों के साथ करने के लिए जाना जाता है उनके संबोधन से इस प्रथम वाक्य ने सबका दिल जीत लिया था। जयंती के अवसर पर बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज एवं रामा विष्णु सरस्वती शिशु मंदिर नहटौर के सभी छात्र एवं छात्राओं ने संयुक्त रूप से स्वदेशी संकल्प दौड़ में प्रतिभाग किया। विद्यालय में आयोजित स्वदेशी संकल्प दौड़ में कक्षा नवम के छात्र तनिष्क कुमार राठी, अतुल कुमार, आराध्या चौधरी, दिवेश कुमार सुदर्शन कुमार, रितिक सिंह ने प्रथम स्थान कक्षा एकादश के छात्र देव सिंह, कौशिक कुमार, अजय कुमार, वंशिका शर्मा, खुशी, वंशिका चौधरी ने प्रथम स्थान तथा कक्षा नवम घ की अक्षी दक्ष, भूमिका दक्ष, कामिनी आदि छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। युवा संकल्प दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्राओं को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुज कुमार, सुरेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, दीक्षित कुमार, नीतू सिंह, ज्योति, प्रभा, बीना वर्मा, अल्का रानी, दीपक कुमार दक्ष, शिव कुमार, नरेश कुमार, राजेंद्र कुमार, प्रवेंद्र कुमार, अमित त्यागी आदि का सहयोग रहा।

# पर्व हमारी संस्कृति, हमारी पहचान कार्यक्रम के तहत सांस्कृतिक उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** खंड विकास कार्यालय धामपुर अंतर्गत ब्लॉक सभागार में उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति, हमारी पहचान कार्यक्रम के तहत सांस्कृतिक उत्सव 2025-26 का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह के सहयोग से किया गया। आयोजन का संचालन खंड विकास अधिकारी त्रिलोक चंद के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नीरज प्रताप सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ खंड विकास अधिकारी त्रिलोक चंद, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अनिल कुमार, सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) लवकेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

सांस्कृतिक उत्सव के दौरान लोक संगीत, लोक नृत्य एवं देशज कलाओं की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। ग्रामीण क्षेत्रों से आए कलाकारों को मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हमारी लोक संस्कृति को संरक्षित करना एवं नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक पहचान से जोड़ना रहा। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से हमारी परंपराएं जीवंत रहती हैं और समाज में सांस्कृतिक चेतना का प्रसार होता है। वहीं समाजसेवी नीरज प्रताप सिंह ने युवाओं से भारतीय संस्कृति के मूल्यों को अपनाने और आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा धमाली, रासलीला, लोकगीत, देशभक्ति गीत एवं पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूहों, एनआरएलएम से जुड़ी महिलाओं एवं ग्रामीण प्रतिभागियों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। सांस्कृतिक उत्सव के सफल आयोजन से क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## एक नजर

### स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई



**धामपुर।** स्वामी विवेकानंद जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) मनायी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. रश्मि एस. रावल ने की। प्राचार्य रश्मि रावल ने बताया कि स्वामी जी का जन्म कोलकता में 12 जनवरी, 1863 को हुआ था। उनके बचपन का नाम नरेन्द्र नाथ था। इस दिन का महत्व स्वामी जी के विचार और कार्यों को युवाओं के बीच पहुंचाना होता है, जिससे देश के विकास के लिए ज्यादा से ज्यादा युवा पीढ़ी आगे बढ़कर योगदान दे और देश को नई ऊंचाईयों पर ले जाए। भारत सरकार की ओर से सन् 1984 में मान्यता दी गई। इसके पश्चात सन 1985 से प्रतिवर्ष विवेकानंद जयंती मनायी जाती है। यह युवाओं में आत्मविश्वास, उर्जा एवं जिम्मेदारी का संदेश देती है। ये वाल्यवास्था से प्रतिभा के धनी थे और इन पर माँ सरस्वती की असीम अनुकम्पा थी। सन् 1893 में अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित धर्म सम्मेलन में स्वामी जी ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस भाषण की सम्पूर्ण विश्व में प्रशंसा की गई। इससे भारत को एक नई पहचान मिली। कार्यक्रम में कार्यक्रम में डॉ. रवि, डॉ. मदन पाल सिंह, डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डॉ. कौशिक प्रसाद, डॉ. विवेक यादव, डॉ. गोपाल कृष्ण तिवारी, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. विनय दुआ, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. धनीराम, अभिषेक कुमार एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### हादसे में बाइक सवार गंभीर घायल



**राजा का ताजपुर।** नूरपुर-स्योहारा रोड पर स्थित टिल्लू कांटे के पास क्षेत्र के ग्राम मंगल खेड़ा निवासी मतलूब अहमद पैदल ताजपुर बस स्टैंड की ओर जा रहा था। अचानक नूरपुर की तरफ से आ रहे बाइक सवार युवक ने पीछे से जोरदार टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल व्यक्ति मतलूब अहमद को ताजपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर व्यक्ति के एक पैर की हड्डी व सिर में गंभीर चोट आई। जिसकी गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उसे मुरादाबाद रैफर कर दिया। जहां पर उसकी गंभीर हालत बनी हुई।

### अध्यक्ष पद मनोनीत को लेकर विवाद



**नूरपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लॉक अध्यक्ष पद के मनोनीत को लेकर विवाद में नूरपुर इकाई दो गुटों में बट गई। जिसमें संगठन को आगामी दिनों में भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अमरपाल सिंह ने ग्राम बुड़पुर में आपात बैठक बुलाई और नव मनोनीत ब्लॉक अध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह के विरोध में बिगुल बजा दिया। मालूम हो कि नूरपुर ब्लॉक में भाकियू टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष अमरपाल सिंह पिछले दो साल से पद पर काबिज रहकर किसान मजदूरों की लड़ाई मजबूती के साथ लड़ रहे थे। काफी किसानों को उन्होंने उनका हक दिलाया। सब कुछ ठीक ठाक चल रहा था। मगर अचानक जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने अमरपाल को हटाकर अपने चहेते रिस्तेदार चंद्रपाल को ब्लाक अध्यक्ष के तद पर मना. नीत कर दिया। किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। इस मौके पर अध्यक्षता भोपाल सिंह व संचालन मोनू चौधरी ने किया। बैठक में कावेन्द्र, नरेश सिंह, भूरे सिंह, धीर सिंह, यशवीर सिंह, यादराम सिंह, रोहताश सिंह, अनिक चौधरी, तरेन्द्र सिहं आदि मौजूद रहे।

# कपड़ा व्यापारी के गोदाम में लगी आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र के गांव पपसरा में एक कपड़ा व्यापारी के घर में बने गोदाम में शॉर्ट सर्किट से आग लगने पर करीब 10 लाख रुपए का नुकसान हो गया। आग लगने से तैयार कपड़े व दो बाईके जल गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार सोमवार की सुबह करीब 4:00 बजे क्षेत्र के गांव पपसरा निवासी बाबू अंसारी के कपड़े के गोदाम में आग लग गई। बताया जाता है कि बाबू अंसारी रेडीमेड कपड़े तैयार करने का व्यापार करता है। वह कपड़े के बड़े व्यापारियों को लहंगे जींस आदि तैयार कराकर के सप्लाई करता है। कारीगरों से कपड़े तैयार कराने के बाद उसके घर में बने गोदाम में रखे हुए थे। गोदाम में शार्ट सर्किट से आग लगने पर दो बाईके व तैयार कपड़े जल गए। बाबू अंसारी के मुताबिक आग लगने से करीब दस लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने का पता चलने पर विद्युत सप्लाई बंद करके गोदाम में जाकर देखा गया, तब तक बाईके व कपड़े जल चुके थे। हल्का लेखपाल को सूचना दी गई है।

# वीरा में रन फॉर स्वदेशी का आयोजन

## राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट मे आज राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष मे देशभक्ति और उत्साह के साथ 'रन फॉर स्वदेशी (स्वदेशी संकल्प रन)' का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित होकर विद्यार्थियों में राष्ट्रीयता, आत्मनिर्भरता और सामाजिक दायित्व की भावना का विकास करना था। स्वामी विवेकानंद युवाओं को राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति मानते थे। इस पहल के माध्यम से आज केएसवीसीईएम ने मेड इन इंडिया उत्पादों को अपनाने तथा स्वदेशी उद्योगों को समर्थन देने का संदेश देते हुए आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान देने पर बल दिया।

इस दौड़ में कॉलेज के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने 'वोकल फॉर लोकल', 'स्वदेशी उत्पाद अपनाएं' और 'मजबूत युवा, मजबूत राष्ट्र' जैसे प्रेरणादायक संदेशों वाले बैनर और तख्तियां हाथों में लेकर दौड़ में भाग लिया। यह दौड़ बिजनौर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिससे आम नागरिकों में भी जागरूकता फैली और उन्हें भारतीय उत्पादों को अपनाकर देश के आर्थिक व सामाजिक विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर कॉलेज के सचिव कुँवर उदयन वीरा, कु. रुचिवीरा (सांसद, मुरादाबाद) एवं रेडियो संदेश की सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने युवाओं से स्वदेशी अपनाने, आत्मनिर्भर बनने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

संस्था निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में देशभक्ति, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं तथा स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर कार्यक्रम में डीन एकेडमिक मनोज कुशवाहा और डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल, डॉ. शुएब अली खान सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, डॉ. अजय कुमार, डॉ. शुभम कुमार, विभोर राजवंशी, सुधीर कुमार, उज्जवल कुमार , डॉ. अभिषेक चौधरी, सुनील भारद्वाज, एन.पी.एस. भंडारी, फुरकान अहमद एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रियंका गांधी वाड्रा का जन्मदिन मनाया

## कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने केक काटा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हुमायूं बेग की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय पर राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया गया।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग ने कहा कि हमारी नेता प्रियंका गांधी एक सरल, सहज व करुणा से भरी महान व्यक्तित्व वाली नेता हैं। प्रियंका गांधी के अंदर स्व. इंदिरा गांधी का अक्स दिखाई पड़ता है जो कि हर कांग्रेस जन के मनोबल को बढ़ाने का काम करता है। आज उनके जन्मदिवस के मौके पर जिला और शहर कांग्रेस कमेटी संकल्प लेती है कि संविधान की रक्षा, मनरेगा योजना और मनरेगा मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी तथा हर बलिदान के लिए प्रत्येक कांग्रेसजन तत्पर है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह, पूर्व आई.ए.एस. आर.के. सिंह, मुजफ्फरनगर कोऑर्डिनेटर चितवन शर्मा, मौहम्मद हनीफ, वरिष्ठ नेता मौहम्मद अकबर, मौहम्मद सलीम, वसीम अकरम, गुलशन कुमार, ठा. आदित्य सिंह, मिथलेश वर्मा, कमरूँनीसा, अभिनव भारद्वाज, विकास अग्रवाल एड., अनिल त्यागी, कलीराम, मुस्तकीम, मुकीम अहमद, मौ. इब्राहिम, अब्दुल्लाह, रईस अहमद आदि कांग्रेस जन मौजूद रहें।

# आरजेपी में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जी की जयंती



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज प्रबंधक उदयन वीरा के निर्देशन पर प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल की अध्यक्षता एवं बृजेश कुमार एवं चंद्रहास सिंह के संयुक्त संचालन में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कैप्टन लाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को मनाई जाती है। इसी दिन को हम सभी भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हैं। हमे उनके आदर्शों और विचारों से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, एसपी गंगवार, नरेंद्र कुमार, सुधीर कुमार राजपूत, सुभाष बाबू राजपूत, अतुल कुमार रस्तोगी, करन वीर, विनोद कुमार यादव सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, तेजपाल सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह, अलका रानी, रश्मि चौहान, छवि गर्ग, कुमुद गुप्ता, मौहम्मद अनस, विनीत गहलोत आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### आरआर पब्लिक स्कूल में मनाई जयंती



**नूरपुर।** आरआर पब्लिक स्कूल में स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को स्वामी विवेकानंद के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता, उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने स्कूली बच्चों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा। साथ ही उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद भारतीय संस्कृति की पहचान पूरी दुनिया में फैलाई। वह युवा को राष्ट्र की रीड मानते थे और उनका मानना था कि देश को ऐसे नौजवानों की आवश्यकता है, जिनकी मांसपेशियां फौलाद की हो और नसों में बिजली दौड़ती हो। उनका सपना भारत को आत्मनिर्भर, शिक्षित और आध्यात्मिक रूप से जागरूक बनाना था। स्वामी विवेकानंद भले ही शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके प्रेरणादायक विचार आज भी युवाओं को सफल जीवन की ओर बढ़ने, कड़ी मेहनत करने और अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने छात्रों से स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपने और अपने लक्ष्य में आने वाली बाधाओं को दूर कर सफलता के शीर्ष पर पहुंचने का प्रण लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल संत नहीं बल्कि युवाओं के मार्गदर्शक थे, उनका प्रसिद्ध मंत्र, उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। आज भी हर युवा के लिए दिशा दिखाने वाला दीपक है। उनका जीवन युवाओं को आत्मविश्वास साहस और सेवा का पाठ पढ़ाता है। इसलिए उनकी जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर अनुराग शर्मा, नीरज त्यागी, संजीव डबास, स्वाति यादव, गौरव चौहान, जीवन सिंह, अजय चौहान, कपिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

### पोल्ट्री फार्म से मुर्गे चोरी

**हीमपुर दीपा।** पुलिस को लूट की सूचना मिलते ही जिले भर में हड़कंप मच गया। उधर सूचना मिलते ही हीमपुर दीपा पुलिस घटनास्थल ग्राम माहू में पहुंची, जहां सूचनादाता ने बताया कि उसने पोल्ट्री फार्म लगाया हुआ है। जहां से बीती रात कुछ लुटेरे मुर्गियों का माल लूट कर ले गए। सूत्र बताते है कि बीती रात उक्त पोल्ट्री फार्म सहित उसके पास में स्थित दूसरे पोल्ट्री फार्म की रात को रखवाली करने वाले दोनो रखवाले हमसाज हो गए, जिसके बाद एक ने अपने अपने फार्म से करीब 14 कुंतल तो दूसरे ने अपने फार्म से करीब 2 कुंतल मुर्गा चुपचाप बेच दिया। उधर मुर्गा कम देखकर फार्म स्वामी ने पुलिस को लूट की सूचना दी। सूत्रों का दावा है कि पुलिस ने नूरपुर सहित एक अन्य मुर्गा व्यापारी को गिरफ्तार किया है। चर्चा है कि इन लोगो ने चोरी से यह माल खरीदा था। वहीं सूत्रों का यह भी कहना है कि ये मुर्गा व्यापारी करीब दो दिनों से माल के लिए इधर उधर मुर्गाफार्म पर रेट तय कर रहे थे और मौका लगते ही इन दोनों ने रात को माल लूट लिया। समाचार लिखे जाने तक पोल्ट्री फार्म स्वामी और लुटेरे दोनो ही पुलिस के डंडे के नीचे थे।

# राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : ओम कुमार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी पब्लिक स्कूल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेरठ प्रांत के जिला बिजनौर की हल्दौर इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं युवा दिवस के अवसर पर युवा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार तथा मुख्य वक्ता अभाविप मेरठ प्रांत के प्रांत उपाध्यक्ष अंकित स्वामी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से उच्च शिक्षा ग्रहण कर आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने का आह्वान किया तथा स्वामी विवेकानंद द्वारा बताए गए सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। मुख्य वक्ता अंकित स्वामी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। यदि युवा उनके आदर्शों को आत्मसात करें, तो देश को पुन: विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। इस अवसर पर अभाविप के विभाग संगठन मंत्री सत्येंद्र, जिला संयोजक भास्कर भारद्वाज, विद्यालय प्रबंधक रघुराज सिंह नागर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनमोल चौधरी, जिला मीडिया संयोजक अभय प्रताप सिंह, नगर सह मंत्री विनय व हर्षित, नगर संयोजक लवकुश, रोहित, मयंक, नगर अध्यक्ष राजीव, नगर उपाध्यक्ष आशुतोष सहित नगर इकाई के अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गुंजन व पलक का कलात्मक योगासन की टीम में चयन

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर दुल्ला निवासी दो लड़कियों का चयन कलात्मक योगासन में उत्तर प्रदेश की टीम में हुआ है। चयन होने से गांव में खुशी का माहौल है। ग्राम फरीदपुर दुल्ला निवासी गुंजन पुत्री मुकेश तथा पलक पुत्री सत्यपाल सिंह का चयन उत्तर प्रदेश की कलात्मक योगासन टीम में हुआ है। दोनों खिलाड़ी 69वी विद्यालय राष्ट्रीय प्रतियोगिता अंडर 17 में उत्तर प्रदेश की ओर से प्रतिभाग करेंगी। दोनों खिलाड़ी प्रतियोगिता के लिए आयोजित प्रशिक्षण शि. विर में भाग लेने आजमगढ़ रवाना हो गई है। प्रतियोगिता 19 जनवरी से 21 जनवरी तक महाराष्ट्र के जलगांव में आयोजित की जाएगी। दोनों खिलाड़ियों का उत्तर प्रदेश की टीम में चयन होने पर खुशी का माहौल है। दोनों खिलाड़ी योग प्रशिक्षक सर्वजीत त्यागी के निर्देशन में योगासन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।

# मुरादाबाद में 15 जनवरी को मायावती के जन्मदिन पर जनसभा

## धूमधाम से मनाया जाएगा जन्मदिन, कार्यकर्ताओं से पहुंचने की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** बहुजन समाज पार्टी के पूर्व ग्राम प्रधान वरिष्ठ बसपा नेता डॉ. शमशाद अहमद के कार्यालय पर बसपा पार्टी के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष बलवंत सिंह ने की तथा संचालन काके सिंह रवि ने किया।

बैठक के मुख्य अतिथि बसपा पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी ने कहा कि आगामी पंद्रह जनवरी को मुरादाबाद अंबेडकर पार्क में बसपा पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती का जन्म दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सभा को सफल बनाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि बहन मायावती के उद्देश्यों को पूर्ण करने के लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ इस सभा में भाग लें।

सभा को कामयाब करने के लिए बसपा पार्टी का हर एक कार्यकर्ता मजबूती के साथ ग्राम-ग्राम जाकर प्रचार-प्रसार करें। पूर्व कोऑर्डिनेटर काके सिंह रवि ने कहा कि वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए हमें दलित-मुस्लिम एकता को और मजबूत करना होगा। दलित मुस्लिम एक जुट होगा, तभी बसपा की सरकार बनेगी।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस सभा से आने वाले विधानसभा चुनाव का आगाज हो गया। प्रदेश की जनता को भाजपा सरकार ने गुमराह किया है। भाजपा सरकार में मंहगाई चरम सीमा पर है। नौजवान नौकरी के नाम पर सड़कों पर भटकते हुए नजर आ रहे। भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। अपराधी खुलेआम अपराध कर रहे हैं। अब प्रदेश की जनता बहन मायावती की सरकार को याद कर रही है।

इस मौके पर बसपा जिला उपाध्यक्ष अकील अहमद अंसारी जिला प्रभारी कविराज सिंह, मा. रो. हताश सिंह, नगर अध्यक्ष असरारुल हक, परम सिंह, वरिष्ठ बसपा नेता डॉ. शमशाद अहमद, मास्टर चरन सिंह, मुजाहिद फारूकी, सामर्थ सिंह, अर्जुन सिंह, इमरान अंसारी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दरोगा पायल रानी प्रकरण

## दहेज उत्पीड़न केस में पति-पत्नी आमने-सामने

### पति का दावा- मजदूरी कर बनाया दरोगा, पत्नी बोली- मेहनत और काबिलियत से पाया मुकाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** हाफिजगंज थाने में तैनात महिला दरोगा पायल रानी द्वारा पति व ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद मामला लगातार चर्चा में बना हुआ है। प्राथमिकी के बाद पति गुलशन के दावों और फिर दरोगा पायल रानी की ओर से दिए गए जवाब ने इस प्रकरण को सोशल मीडिया पर सुर्खियों में ला दिया है।

दरोगा पायल रानी ने 13 नवंबर 2025 को अपने पति गुलशन सहित ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि शादी के बाद उनसे 10 लाख रुपये और कार की मांग की गई और मांग पूरी न होने पर उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। मुकदमे में गुलशन के पिता नरेंद्र कुमार, मां गीता, भाई कमल, भाभी कोमल, बहन सलोनी, पायल व बहनोई रिंकू को भी नामजद किया गया है। प्राथमिकी के बाद पति गुलशन ने परिजनों के माध्यम से पुलिस अधिकारियों को पत्र



भेजकर पलटवार किया है। गुलशन का कहना है कि उनकी शादी 2 दिसंबर 2022 को हापुड़ के गणेशपुरा मोहल्ला निवासी पायल रानी से हुई थी।

दोनों वर्ष 2016 से एक-दूसरे को जानते थे और वर्ष 2021 में कोर्ट मैरिज भी कर चुके थे। उनका आरोप है कि पत्नी ने उनके और परिवार के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया है, जबकि उन्होंने मजदूरी कर पत्नी को पढ़ाया-लिखाया और दरोगा बनवाया। उनका यह भी दावा है कि नौकरी लगने के बाद पत्नी का व्यवहार बदल गया। इन आरोपों पर दरोगा पायल रानी ने स्पष्ट शब्दों में जवाब देते हुए कहा है कि उन्होंने यह मुकाम अपनी मेहनत और काबिलियत से हासिल किया है। उनका कहना है कि जब उनकी मुलाकात गुलशन से हुई थी, उस समय वह दिल्ली पुलिस की तैयारी कर रही थीं और दिल्ली पुलिस में उनका चयन भी हो चुका था। उन्होंने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष को नौकरी लगने के बाद शादी में कार और नकदी की उम्मीद थी। कार न मिलने पर ट्रेनिंग के दौरान ही 10 लाख रुपये का लोन लेकर कार खरीदने का दबाव बनाया जाने लगा।

दरोगा पायल रानी का यह भी कहना है कि उन्होंने हर महीने का वेतन पति के खाते में ट्रांसफर किया, जिसका रिकॉर्ड उनके पास मौजूद है। आरोप लगाया कि अब पति पुराने फोटो और वीडियो वायरल कराकर सहानुभूति बटोरने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि उनका पूरा परिवार शिक्षित और कामकाजी है। माता-पिता ने मजदूरी कर सभी भाई-बहनों को पढ़ाया।

बड़ी बहन उच्च शिक्षित हैं, एक बहन शिक्षिका है और छोटी बहन यूपी पुलिस में कांस्टेबल है। स्वयं उन्होंने एसएससी, रेलवे, एलआईसी, एफसीआई, आरआरबी, यूपी टेट और दिल्ली पुलिस जैसी कई प्रतियोगी परीक्षाएं उत्तीर्ण की हैं और ट्यूशन पढ़ाकर अपनी पढ़ाई पूरी की।

इस संबंध में हापुड़ के एसपी ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि पीड़िता की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले भी बरेली पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्या प्रकरण को लेकर चर्चा में रहा है, जहां कामकाजी महिलाओं और वैवाहिक संबंधों को लेकर लंबे समय तक बहस चली थी।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर विद्यालयों में याद किए गए स्वामी विवेकानंद




शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज बल्लिया में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राधेश्याम शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद बचपन से ही तीव्र बुद्धि के धनी, निर्भीक स्वभाव वाले और सत्य की खोज में निरंतर अग्रसर रहने वाले व्यक्तित्व थे। गुरु रामकृष्ण परमहंस के सान्निध्य में रहकर उन्होंने आत्मज्ञान प्राप्त किया और संपूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया।विद्यालय के डायरेक्टर आशीष मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद महान संत, दार्शनिक और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत थे। वर्ष 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म महासभा में दिए गए उनके ऐतिहासिक भाषण ने भारत को विश्व पटल पर गौरवपूर्ण पहचान दिलाई और भारतीय संस्कृति की महानता को दुनिया के सामने रखा।

कार्यक्रम में पुरुषोत्तम सरन, अजयपाल गंगवार, रामस्वरूप, पूनम गंगवार सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।उधर, ठाकुर दीन दयाल रोहिला सरस्वती शिशु मंदिर, मीरगंज में भी स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता संदली ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, संघर्ष और विचारों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा और आत्मविकास के लिए प्रेरित किया।

## एक नजर

### शराब के नशे में युवक ने घर में घुसकर मचाया हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव कुतुबपुर में शराब के नशे में धुत एक युवक जबरन एक घर में घुस गया और जमकर तांडव मचाया।

आरोप है कि नशे की हालत में युवक अचानक घर में दाखिल हो गया। इसका विरोध करने पर घर वालों ने उसे पकड़ लिया, जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ गई और मारपीट हो गई। इस दौरान युवक के सिर में गंभीर चोट आ गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजकर मेडिकल परीक्षण कराया। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कुछ लोग युवक की पिटाई करते नजर आ रहे हैं, वहीं एक महिला भी दिखाई दे रही है जो बेहोश हो जाती है और लोग उसे उठाने का प्रयास करते हैं।

### बहेड़ी में खुला किसान लाइट हाऊस

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** नगर में किसान इलेक्ट्रिक शोरूम का उदघाटन यूवी स्टार के ब्र० आकाश जैन ने फीता काट कर उदघाटन किया।



इस मोके पर प्रमुख व्यवसाई शमीम प्रिंस, तसलीम वैस्टन, सलीम अख्तर, आरिफ, हबीब, शकील अहमद, आरिफ चांदनी, तबीब अहमद आदि लोग उपस्थित रहे। किसान लाईट हाऊस के प्रोपराइटर फहीम अख्तर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### साइबर ठग ने युवक के खाते से 186400 रुपये उड़ाए

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** साइबर ठग ने मरीज का नंबर लगाने के नाम पर एक युवक के खाते से रुपये उड़ा लिये। खाते से रुपये उड़ने पर युवक के होश उड़ गए। घटना के बाद युवक ने मामले की शिकायत साइबर पोर्टल पर करने के बाद ठगी की शिकायत थाने में दर्ज कराई है।

थाना बहेड़ी के ग्राम मूसापुर उर्फ घटगांव निवासी सोमपाल पुत्र चतुर्भज का कहना है कि दिनांक 08-01-2026 को उसके पास मोबाइल नंबर 9101728731 से कॉल आई कि मैं आपके पास एक फाईल भेज रहा हूँ जिस पर आप अपने मरीज का नाम लिखकर भेज दो, जिससे मैं आपके मरीच का नम्बर हास्पिटल में लगवा दूँ। इसके बाद उसने उस फाईल पर मरीज का नाम लिखकर भेज दिया। युवक का कहना है कि इसके बाद उसका फोन हैक हो गया। साइबर ठग ने उसके खाते से 186400/- रुरूपये निकाल लिये। इसके बाद उसने इसकी तत्काल सूचना साईवर पोर्टल पर दी। उधर शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सांची गंगवार का यूपी सैनिक स्कूल लखनऊ में हुआ सलेक्शन

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहेड़ी।** मिशन एकेडमी बहेड़ी की छात्रा सांची गंगवार ने कम्पटीशन परीक्षा पास कर नगर का नाम रोशन किया है। वह पिछले एक वर्ष से ओम कोचिंग सेंटर में परीक्षा की तैयारी कर रही थी।

छात्रा सांची ने सैनिक स्कूल लखनऊ गोरखपुर का कंपटीशन पास कर कक्षा 9 में प्रवेश प्राप्त कर लिया है। साँची के पिता पंजाब नेशनल बैंक शाखा बहेड़ी में बैंक मित्र के पद पर कार्यरत हैं। सांची ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों व माता पिता दिया है। सांची का कहना है कि वह एक अच्छी सैनिक बनकर देश की सेवा करना चाहतीं हैं।

### 22 रजब कूंडे आज न्याज नज्र से की खुशबू से महका सेंथल

शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** 22 रजब इस्लाम मजहब का एक पाक ओ पवित्र पर्व है, इस दिन हजरत जाफर की फातिहा की जाती है,व कूँडे की नियाज लगती है। हजरत इमाम जाफरे सादिक हजरत इमाम मुहम्मद बिन बाकर के बड़े साहब जादे थे।

कुन्नियत अबू अब्दुल्लाह और अबू इस्माईल है, और लकब सादिक फाजिल और ताहिर है। इनका जन्म मदीना शरीफ में अब्दुल मलिक बिन मरवान के अहदे सल्तनत में रबी उल अव्वल के मुकद्दस महीने में पैदा हुए और अबू जाफर मंसूर इबनुल-अब्बास असफ्फाह के सल्तनत में इनका विसाल हुआ। इनका मजार-ए-मुक्कुद्दस मदीना शरीफ में है। 22 रजब को हजरत इमाम जाफरे सादिक के नाम की नियाज कूँडे की फातिहा जो खीर और पूड़ी पर होती है कि 22 रजब को हजरत इमाम जाफरे सादिक रजियल्लाहू तआला अन्हो की फातिहा करने से के बहोत सी आने वाली मुसीबतें टल जाती हैं। ऐसी मान्यता है। सेंथल नगर में यह पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है, सभी लोग एक दूसरे के यहां जाकर न्याज का प्रसाद चखते है. व शुभकामनायें बधाई प्रेषित करते है, मस्जिदों व इमामबाड़ो में विशेष आयोजन व महफिले सजती है।

### सेंथल में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

शाह टाइम्स संवाददाता



**सेंथल।** आध्यात्मिक गुरु और युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती आज जिले भर में 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने स्वामी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री नितिश उपाध्याय एडवोकेट और विनय चौधरी ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जिला महामंत्री नितिश उपाध्याय एडवोकेट एवं भाजपा युवा नेता विनय चौधरीने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति और अध्यात्म का परचम लहराया। हम सभी को उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। इस अवसर पर मुकेश शर्मा, लीलाधर गंगवार, हसन मियां, अशगर अली, सेवाराम मौर्य, अर्जुन सिंह, मोहद्दस मेंहदी, धीरज शर्मा, अजीत सागर आदि के अन्य गणमान्य व्यक्ति और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग/प्रभारी मंत्री जे.पी.एस. राठौर ने आज सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि जनपद की आईजीआरएस में प्रदेश में दूसरी रैंक है तथा सीएम डैश बोर्ड में जनपद प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। इसी क्रम में मंत्री राठौर ने जन समस्याओं के प्रभावी एवं ससमय निस्तारण हेतु तहसील दिवस एवं थाना दिवस का और प्रभावी रूप से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये गए। राज्य मंत्री ने निर्देश दिए कि नाथ कॉरिडोर के कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराते हुए शीघ्र पूर्ण कराया जाये। बैठक में लोगों को रोजगार देने के उद्देश्य से नवाबगंज में 'इम्प्लांमेंट जोन' बनाने पर चर्चा की गयी और इस कार्य को त्वरित गति से कराएं जाने के निर्देश दिये। बैठक में शहर का सौंदर्यीकरण कराने हेतु नगर आयुक्त व नगर निगम के अधिकारियों के साथ चर्चा की गयी और शहर में मुख्य चौराहो का सौन्दर्यकरण कराने हेतु निर्देश दिये गए।

इस अवसर पर सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज/बहोरन लाल, विधायक नवाबगंज एम.पी. आर्य, बिथरी चौनपुर राघवेंद्र शर्मा, कैंट संजीव कुमार अग्रवाल, जिलाध्यक्ष भाजपा (आंवला) आदेश प्रताप सिंह, महानगर सोमपाल शर्मा, अधीर सक्सेना उपस्थित रहे।

# नोएडा पुलिस का व्यापारी के घर छापा

**चोरी का धगा बरामद, आरोपी फरार**

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** रविवार देर रात थाना सैक्टर 63 नोएडा पुलिस के उपनिरीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह यादव ने अपनी टीम व स्थानीय थाने के उपनिरीक्षक अमर सिंह की टीम के साथ शीशगढ़ के मोहल्ला गौड़ी में तहकीक व तौफीक के घर पर छापा मारा। तहकीक व तौफीक नोएडा/ दिल्ली आदि में वेस्ट धागे को खरीद कर बेचने का काम करते हैं।

नोएडा पुलिस के पास सूचना थी कि तहकीक उपरोक्त द्वारा चोरी का माल खरीदा गया है। तहकीक के घर पर नोएडा पुलिस को




तहकीक के घर पर वर्धमान कंपनी का कुछ धागा सहित लगभग 6 कट्टा धागा बरामद किया गया था, जबकि दोनों आरोपित फरार हैं। बरामद धागा को नोयडा पुलिस अपने साथ ले गई है। उपनिरीक्षक नोयडा ज्ञानेंद्र सिंह यादव ने फोन पर बताया कि नोयडा के एक व्यापारी के कारखाने से बर्धमान कम्पनी का लाखों रुपये का धागा चोरी हुआ था, जिसकी स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। सूचना मिली थी कि शीशगढ़ के व्यापारी ने धागा खरीदा था। जिसकी सूचना पर वह अपनी टीम के साथ देर रात शीशगढ़ पहुंचकर स्थानीय पुलिस के साथ आरोपित के घर छापा मारा था। जहां शिर्फ 2 महिलाएं मिली थीं। आरोपित के घर से बर्धमान कम्पनी का कुछ धागा सहित 6 कट्टा धागा बरामद हुआ था कोई नगदी बरामद नहीं हुई है। जिसकी स्थानीय थाना में लिखा पड़ी कर दी गई थी।आरोपित फरार थे।

थाना प्रभारी शीशगढ़ हरेंद्र सिंह ने बताया कि नोयडा पुलिस की सूचना पर हमारी पुलिस गई थी। आरोपित के घर से बर्धमान कम्पनी का चोरी हुआ कुछ धागा सहित 6 कट्टा और धागा बरामद हुआ था। जिसे नोयडा पुलिस अपने साथ ले गई है।

# युवा दिवस पर हुई स्वदेशी संकल्प दौड़



शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत "स्वदेशी संकल्प दौड़" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई।दौड़ में एनसीसी, एनएसएस, रोवर-रेंजर्स के स्वयंसेवकों के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने सहभागिता की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम, आत्मनिर्भर भारत की भावना, स्वदेशी विचारधारा, अनुशासन तथा शारीरिक व मानसिक विकास को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों सेवा, चरित्र निर्माण और राष्ट्र के प्रति समर्पण को अपनाने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर प्रो. विजय बहादुर बिष्ट, डॉ. पारुल जैन, डॉ. शिव प्रताप सिंह, डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. मोहम्मद फैज, डॉ. मोहम्मद आतिफ खान, डॉ. सचिन कुमार गिरि, वीरेंद्र शर्मा, डॉ. विजय कुमार, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. आलोक त्रिपाठी, डॉ. दीपांकर राव सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। आयोजन से विद्यार्थियों में जोश, ऊर्जा और राष्ट्र निर्माण के प्रति सकारात्मक भावना का संचार हुआ।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से दो लोगों की मौत, बच्ची घायल



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** नगर क्षेत्र में सोमवार देर शाम एक हृदयविदारक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद एक मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा नारायण नगला रोड पर मंडी समिति के पास उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्तियों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि बच्ची सड़क पर दूर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, और देखते ही देखते स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और घायल बच्ची को उपचार के लिए एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली के जिला अस्पताल भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि दोनों शवों की सिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# पंजाबी सेवा संगठन का ऐतिहासिक शक्ति प्रदर्शन

**लोहड़ी महोत्सव में उमड़ा रिकॉर्ड जनसैलाब, खालसा ग्राउंड बना सामाजिक बदलाव का साक्षी**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** खालसा ग्राउंड में बीते रविवार आयोजित पंजाबी सेवा संगठन के भव्य लोहड़ी महोत्सव ने बरेली के सामाजिक और सांस्कृतिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। रिकॉर्ड तोड़ जनसैलाब ने यह स्पष्ट कर दिया कि पंजाबी सेवा संगठन अब केवल एक संस्था नहीं, बल्कि बरेली की सामाजिक शक्ति बनकर उभर चुका है।

कार्यक्रम के दौरान खालसा ग्राउंड पूरी तरह खचाखच भर गया। हालात ऐसे थे कि पैर रखने तक की जगह नहीं बची। स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक नेता, व्यापारी वर्ग, मंत्रीगण, मीडिया प्रतिनिधि और समाज के हर वर्ग की मौजूदगी ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।



मंच व्यवस्था, अनुशासन, अतिथि सत्कार और समन्वय की चारों ओर खुले दिल से सराहना होती रही। पंजाबी सेवा संगठन के इस अभूतपूर्व विस्तार के पीछे संस्थापक पंकज साहनी की दूरदृष्टि और सामाजिक सोच को निर्णायक माना जा रहा है। समाज सेवा, सहभागिता और संगठनात्मक अनुशासन को आधार बनाकर उन्होंने जिस बीज को बोया था, वह आज एक विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुका है।

लगातार चार-पांच सफल आयोजनों के जरिए संजीव साहनी, मोहित अरोड़ा ने यह साबित कर दिया है कि पंजाबी सेवा संगठन अब बरेली की सामाजिक गतिविधियों का सबसे प्रभावशाली मंच बन चुका है। शहर में चर्चा है कि जिस तेजी से संगठन आगे बढ़ रहा है, आने वाले समय में यह न सिर्फ पंजाबी समाज बल्कि पूरे बरेली के सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों की दिशा तय करेगा। कहते हैं चार मेहमान आ जाएँ तो हाथ-पांव फूल जाते हैं, लेकिन यहाँ तो हजारों लोगों का जनसैलाब था। हर व्यक्ति का सुव्यवस्थित स्वागत, स्पष्ट जिम्मेदारियां और अनुशासन इतनी बड़ी भीड़ को इतने सहज तरीके से संभालना मजबूत संगठन और सक्षम नेतृत्व का प्रमाण माना जा रहा है।

महिला इकाई अध्यक्ष सुमन साहनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता ने यह स्पष्ट कर दिया कि पंजाबी सेवा संगठन नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण को अपनी मूल प्राथमिकताओं में रखता है। महिला इकाई ने संगठन को सामाजिक मजबूती देने के साथ-साथ महिलाओं को एक सशक्त मंच प्रदान किया है। संगठन से जुड़े लोगों का मानना है कि वह दिन अब दूर नहीं जब पंजाबी सेवा संगठन का प्रभाव पूरे उत्तर प्रदेश में दिखाई देगा। संस्थापक पंकज साहनी की सोच, संजीव साहनी की रणनीति, मोहित अरोड़ा का संघर्ष और सुमन साहनी के नेतृत्व में महिला शक्ति इन सभी के समन्वय ने संगठन को एक नई ऊँचाई पर पहुँचा दिया है।

लोहड़ी महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं था, यह नेतृत्व, संगठन, अनुशासन और सामाजिक शक्ति का सार्वजनिक ऐलान था। इतिहास गवाह रहेगा कि खालसा ग्राउंड में हुआ यह आयोजन पंजाबी सेवा संगठन के वर्चस्व और भविष्य की दिशा तय करने वाला क्षण था।

# चालीस दिवसीय अखंड सुन्दरकांड पाठ के बाद भंडारा आज

शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** श्री बालाजी महाराज जनकल्याण सेवा समिति वमनपुरी (रिठौरा हाफिजगंज के मध्य)में महंत पं.सूरजपाल मिश्रा जी की प्रेरणा द्वारा बीसवां विशाल सुन्दरकांड व्रतपाठ निरंतर जारी है, जो चालीस दिवस से निरंतर चल रहा था।

चालीस दिवस तक निरंतर गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्रीरामचरित मानस में से सुन्दर कांड का पाठ विशेष रूप से पढ़ा जा रहा है.जिसके आज 40 दिवस सकुशल पूर्ण हुए श्री अखंड ज्योति का आगमन श्री धाम मेहंदीपुर बालाजी राजस्थान से चार दिसम्बर को आयी थी,तत्पश्चात पांच दिसम्बर से मानसपाठ व चालीसा पाठ व्रत प्रारम्भ हुआ।

आज तेरह जनवरी को हनुमत यज्ञ हवन पूजन आरती व प्रसाद वितरण के साथ पूर्ण होगा. तत्पश्चात महाविशाल भंडारा शाम -05.00 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगा.व चौदह जनवरी को सुबह



वमनपुरी से बीसवीं पैदल यात्रा महंत पं. सूरजपाल मिश्रा जी साथ मेहंदीपुर बालाजी राजस्थान के लिए प्रस्थान करेंगी, जिसमें जगह जगह पर शोभायात्रा का दिव्य भव्य स्वागत कर रवाना किया जाता है।

चालीस दिवस तक बालाजी महाराज का विशेष दरबार वमनपुरी में रहता है, बड़ी संख्या में श्रद्धालु अखण्ड सुन्दर कांड पाठ का पाठन व श्रवण करने के लिए व अपनी मनोकामनाओ को पूर्ण कराने के लिए भी दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते है। दरबार में पहुँचने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाए भी होती है पूर्ण। विशेष रूप से पं. विपिन मिश्रा,पं. धीरज मिश्रा,पं. मोहित मिश्रा,पं संतोष कुमार शर्मा,नन्द किशोर,प्रताप पटेल बृजेश गुप्ता,संजय सक्सेना, अजय यादव, पुस्पेंद्र गंगवार दीपक गंगवार शिवकुमार जयपाल नोनीराम,जागनलाल, पूर्व चेयरमैन आर. के. कश्यप, विचित्र विवेक शंखधार, हीरालाल, दीपक गंगवार, रमेश गंगवार,विजयपाल,मनोज गुप्ता, देवदत्त शर्मा,पं.संतोष शर्मा, पुष्पेंद्र गंगवार,मनोज पुरी, प्रताप पटेल, अजय यादव जयपाल गंगवार, कुसुम शर्मा, दीपक रेनू शंखधार, अविनाश मिश्रा,उमाकांत जोशी आदि थे।

# शिक्षक नेता पर फायरिंग करने वाले दबंगों को पुलिस ने दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** माध्यमिक वित्त विहीन शिक्षक महासभा के जिला अध्यक्ष तुलाराम गंगवार (टी आर गंगवार) पर तमंचे से फायर कर भाग रहे दबंगों को क्योलडिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 315 वोर का तमंचा और एक जिन्दा कारतूस बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया।

रविवार को अंत्येष्टि में शामिल होने जा रहे भाजपा नेता और माध्यमिक वित्त विहीन शिक्षक महासभा के जिला अध्यक्ष टी आर गंगवार की गाड़ी ओवर टेक करने के कारण दूसरी स्कॉर्पियो कार में सवार दबंगों ने पहले चालक की पिटाई कर डाली उसके बाद उसे बचाने आए शिक्षक नेता टी आर गंगवार पर दबंगों ने फायर झोंक दिया जिससे उन्होंने जमीन पर बैठकर अपनी जान बचाई। दबंग कार से क्योलडिया की और फरार है गए। शिक्षक नेता टी आर गंगवार ने तत्काल ही इसकी सूचना डायल 112 को दी जिस पर क्योलडिया पुलिस मुस्तैद हो गई और उन्होंने घेरा बन्दी करते हुए धर्मकांटे के पास टीरियाबन्नोजान की ओर से आ रही स्कॉर्पियो है को रोक लिया, कार में सवार दबंगों अनूप सिंह सरदार और सचिन को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से एक 312 बोर का एक तमंचा और एक जिन्दा कारतूस एक खोखा बरामद किया। पुलिस ने दबंगों की कार को कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

क्योलडिया पुलिस ने शिक्षक नेता टी आर गंगवार पर तमंचे से फायर कर भाग रहे दबंगों सरदार अनूप सिंह पुत्र फरीद सिंह थाना हाफिजगंज पर थाना हाफिजगंज और नववागंज में मारपीट जान लेवा हमले के 10 मुकदमें दर्ज हैं टू उसके साथी सचिन पुत्र कृष्ण पाल औरंगाबाद थाना हाफिजगंज पर थाना इज्जतनगर,नवाबगंज और क्योलडिया में मारपीट, जान लेवा हमला और आर्म्स एक्ट के तहत तीन मुकदमें दर्ज हैं। दबंग अनूप सिंह जहां 12 वीं तक पढ़ा है तो उसका साथी सचिन बीएससी है।

माध्यमिक वित्त विहीन शिक्षक महासभा के जिला अध्यक्ष तुलाराम गंगवार (टी आर गंगवार) पर जान लेवा हमला करने वाले दबंगों पर कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर सोमवार को वित्त विहीन विद्यालयों के शिक्षक सी ओ नीलेश मिश्र से मिले और उन्हें एक पत्र देकर दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। सी ओ नीलेश मिश्र ने शिक्षकों द्वारा किए गए इस प्रदर्शन पर नाराजगी जताते हुए कहा जव पुलिस की कार्यवाही से आप संतुष्ट हैं तो फिर इस प्रदर्शन की आवश्यकता नहीं थी। उन्होंने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि वह हर छोटी सी छोटी घटना की जानकारी पुलिस या उन्हें जरूर दें निश्चित ही कार्यवाही कि जाएगी। इसमें शिक्षक नेता टी आर गंगवार, मुनीश मिश्रा, भुवनेश कुमार, सुरेंद्रवीर, शोभाराम प्रजापति, छविराम, भारत सिंह, रमेश गंगवार, सुरेन्द्रवीर गंगवार, रूपेश गंगवार, जयदीप, मो अशरफ, हेमलता, सोनी, रेखा, अभिषेक द्विवेदी, राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल रहे।

# संत गाडगे महाराज को भारत रत्न देने की मांग ने पकड़ा जोर, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

■ रामपुर में स्मारक व जयंती पर राजकीय अवक. ाश की उठी आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ उत्तर प्रदेश के बैनर तले रविवार को मिलक स्थित सुखलाल दिवाकर के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संत गाडगे महाराज के जनहित में किए गए ऐतिहासिक कार्यों को याद करते हुए उन्हें भारत रत्न दिए जाने, जयंती पर राजकीय अवकाश घोषित करने तथा जनपद रामपुर में भव्य स्मारक एवं पार्क निर्माण की मांग को लेकर जोरदार प्रस्ताव पारित किए गए।



बैठक में वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता के जनक संत गाडगे महाराज ने अपने जीवन को गरीब, मजदूर, बेसहारा, दिव्यांग एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने धर्मशाला, सराय, विद्यालय, विश्वविद्यालय, गौशाला एवं अन्नक्षेत्र स्थापित कर समाज को नई दिशा दी। ऐसे महापुरुष को आज भी अपेक्षित राष्ट्रीय सम्मान नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री को भेजा गया ज्ञापन।

बैठक के उपरांत मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ को संबोधित एक ज्ञापन भेजा गया, जिसमें निम्न प्रमुख मांगें रखी गई हैं कि संत गाडगे महाराज को मरणोपरांत भारत रत्न प्रदान किया जाए।

संत गाडगे जयंती के अवसर पर राजकीय अवकाश घोषित किया जाए। जनपद रामपुर में संत गाडगे महाराज का स्मारक एवं पार्क बनवाया जाए।

ज्ञापन में कहा गया कि इन मांगों की पूर्ति से न केवल धोबी समाज बल्कि समूचा समाज स्वयं को गौरवान्वित महसूस करेगा।

जिलाध्यक्ष चरन सिंह के नेतृत्व में एकजुट हुआ समाज बैठक व ज्ञापन कार्यक्रम का नेतृत्व चरन सिंह एम.ए., एल.एल.बी., जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय धोबी महासंघ, रामपुर ने किया। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो महासंघ प्रदेश-स्तरीय आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

कार्यक्रम में अशोक कुमार दिवाकर, देवेश दिवाकर, मोहनलाल, रघुवीर सरन, अशोक कुमार, दिवाकर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, जिला उपाध्यक्ष, जिला संरक्षक सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

संत गाडगे महाराज को भारत रत्न दिलाने की मांग अब जनपद रामपुर से प्रदेश स्तर तक गूंजने लगी है। राजनी. तिक और सामाजिक हलकों में इस मांग को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# मित्र की विधवा पत्नी से प्रेम के चलते की आत्महत्या

■ प्रेम प्रसंग के चलते तीन बच्चों के पिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिजनों ने दी तहरीर मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रूपपुर निवासी तीन बच्चों के पिता ने प्रेम प्रसंग के चलते फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। परिजनों से मिली जानकारी अनुसार ग्राम रूपपुर निवासी वाहन सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह उम्र लगभग 35 वर्षीय के दो बेटे और एक बेटी थी मृतक पांच बहिनों के बीच इकलौता बेटा था।

मृतक की पत्नी सुमन ने आरोप लगाया कि मेरे पति मृतक वाहन सिंह का प्रेम प्रसंग देवीपुरा निवासी महिला रेखा देवी से चल रहा था उस प्रेमिका के चक्कर में मेरे पति मुझे व मेरे बच्चों को मारते पीटते भी थे और घर से भी निकाल दिया करते थे। घर में उपरोक्त महिला के कारण काफी गृह क्लेश बना रहता था जिसमें मृतक कल से जब घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने खोजबीन की लेकिन उसका कही पता नहीं चला।

सोमवार की सुबह लगभग 7 बजे करीब कुछ किसान अपने खेतों पर जा रहे थे तभी मृतक वाहन सिंह के शव को खेत में लगे करतूता के पेड़ पर अंगोछे से बंधा शव लटका मिला। शव को देख उसकी सूचना मृतक वाहन सिंह के परिजनों को दी सूचना मिलते ही परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांचपड़ताल कर शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा।

थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर देवीपुरा निवासी महिला रेखा देवी पत्नी अंशुलपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की मृतक वाहन सिंह के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# संकल्प दिवस के रूप में मनाया प्रियंका गांधी का जन्मदिन



■ कांग्रेसियों मंदिर में पूजा करके लम्बी आयु की कामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** कांग्रेसियों ने सांसद प्रियंका गांधी का जन्मदिन संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए मंदिर में पूरा अर्चना कर लंबी आयु की कामना की।

कांग्रेस कार्यकर्ता नगर स्थित कार्यालय पर एकत्रित हुए और वहां कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिवध सांसद प्रियंका गांधी के जन्मदिन को संकल्प के रूप में मनाते हुए मंदिर में पूजा अर्चना कर उनकी लंबी आयु की ईश्वर से कामना की। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पाल यदुवंशी ने कहा की प्रियंका गांधी केवल पदधारी नहीं बल्कि कर्मठ दूरदर्शी और विकास की सच्ची महिला है जिनकी राजनी. ति सत्ता नहीं बल्कि लोगों का विश्वास जीतना है और देश का विकास करना है। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने मिठाई का वितरण भी किया कार्यक्रम में पूर्व नगर अध्यक्ष हसीब खान, राहुल शुक्ला, नजीब खान, वसीम खान, शब्बन खान,समीउल्लाह, आसिफ खान, इमरान खान, रशीद खान, एजान खान, मोनिस खान,श्याम पाल शर्मा, देवकीनंदन, वेदराम यादव आदि थे।

# निजी स्कूलों में एनसीईआरटी लागू हो, लेखपाल सप्लाई दफ्तर की मनमानी पर लगे रोकः भाकिसं

■ भाकिसं की मिलक में हुंकार, किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक/रामपुर।** सोमवार को भारतीय किसान संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को मिलक गेस्ट हाउस में आयोजित की गई। बैठक का संचालन मिंटू तिवारी ने किया, जबकि अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष आशीष चंद ने की। बैठक में किसानों से जुड़े शिक्षा, भूमि, राशन, गौवंश और तहसील व्यवस्था से संबंधित गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा ने मांग की कि



जनपद रामपुर के सभी निजी स्कूलों में एन.सी.ई.आर.टी.पाठडक्रम को अनिवार्य किया जाए। इस संबंध में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन मिलक क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार को सौंपा गया।

एन.सी.ई.आर.टी. से शिक्षा को मिलेगा मजबूत आधार जिला अध्यक्ष ने कहा कि एन.सी.ई.आर.टी. पाठडक्रम से छात्रों को विषयों की स्पष्ट और गहरी समझ मिलती है। इससे रटने की प्रवृत्ति कम होती है और अवधारणात्मक शिक्षा को बढ़ावा मिलता है। एन.सी.ई.आर.टी. पुस्तकों से सीबीएसई बोर्ड के साथ-साथ यूपीएससी, जी, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को भी ठोस आधार मिलता है। साथ ही ए किताबें किफायती हैं और कई भाषाओं में उपलब्ध हैं, जिससे शिक्षा अधिक सुलभ बनती है। इसके अलावा खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया है।

बैठक में ग्राम मदानगला में खलिहान की भूमि पर लेखपाल की मिलीभगत से अवैध कब्जे का आरोप लगाया गया।

किसानों का कहना था कि ग्रामीण मुकदमा जीत चुके हैं, इसके बावजूद उपजिलाधिकारी मिलक के न्यायालय के आदेशों का पालन नहीं कराया गया। इसी प्रकार ग्राम पटिया में लेखपाल आयुष पाल पर गाटा संख्या 237 व 284/608 खलिहान भूमि पर अवैध कब्जे का गंभीर आरा. ेप लगाया गया। किसान संघ ने संबंधित लेखपाल को तत्काल हटाने की मांग की। इसके अलावा सप्लाई कार्यालय में दलाल राज का आरोप भी लगाया है। किसानों ने आरोप लगाया कि सप्लाई कार्यालय मिलक में गरीबों के राशन कार्ड और यूनिट लगातार काटी जा रही हैं। दफ्तर में दलाल सक्रिय हैं जो पैसे देता है, उसका काम हो जाता है और बाकी लोगों को महीनों चक्कर लगाने पड़ते हैं।

वहीं गौवंश से बर्बाद हो रही फसलें को लेकर भी कहा गया है।

बैठक में कहा गया कि आवारा गौवंश किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, जबकि संबंधित विभाग निष्क्रिय बना हुआ है। मांग की गई कि गांव-गांव कैंप लगाकर गौवंश को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जाए, ताकि किसानों की मेहनत सुरक्षित रह सके। इसी क्रम में खतौनी शुद्धिकरण के लिए कैंप की मांग की है।

किसानों ने आरोप लगाया कि खतौनी में नाम सुधार के लिए तहसील के चक्कर लगाने पड़ते हैं और बिना पैसे काम नहीं होता। भारतीय किसान संघ ने कैंप लगाकर खतौनी शुद्धिकरण की मांग उठाई।

बैठक में ब्लॉक मंत्री राम बहादुर गंगवार, जिला उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद दिवाकर, जिला कार्यालय मंत्री अजय गंगवार, अनमोल दिवाकर, यशपाल वास्तव, घनश्याम गंगवार, अरुण वास्तव, मिंटू तिवारी, सचिन शर्मा, टीकू पांडे, सुमित कश्यप सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानन्द से प्रेरणा ले राष्ट्रहित में आगे आएं युवा : नलिन सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** युवा सत्ता पार्टी के कार्यालय पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नलिन सिंह ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेने का दिन है। युवाओं में ऊर्जा, संकल्प और राष्ट्र निर्माण की भावना निहित है और यदि युवा सही दिशा में संगठित हों तो देश की तस्वीर बदली जा सकती है।



चौ। नलिन सिंह ने कहा कि आज का युवा केवल रोजगार ही नहीं, बल्कि सम्मान, न्याय और समान अवसर भी चाहता है। युवा सत्ता पार्टी युवाओं की आवाज बनकर शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय और भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष कर रही है। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि वे नशा, हिंसा और नकारात्मक सोच से दूर रहकर समाज और राष्ट्र के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर पार्टी के प्रवक्ता एडवोकेट क्रान्ति शेखर सारंग ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना उनके समय में था। उन्होंने कहा कि संगठित और जागरूक युवा ही शक्तिशाली लोकतंत्र की नींव रख सकता है। इस अवसर पर संजय राठौर, शेखर पाण्डेय, विपिन पटेल, रविंद्र सिंह, सचिन शर्मा, अंशुल मिश्रा, अंकित जोशी, यशपाल सागर, सोनू जोशी, आकाश सागर, शकील अहमद आदि उपस्थित रहे।

# बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान के अन्तर्गत 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम संचालित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बाल विवाह की रोकथाम एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान के अन्तर्गत 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम का संचालन 08 मार्च 2026 तक किया जाना है। निर्धारित कार्यक्रमों/गतिविधियों में यदि कोई शासकीय अवकाश पड़ता है, तो संबंधित कार्यक्रम/गतिविधि को अगले कार्य दिवस में आयोजित किया जाएगा।

जिला प्राबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने बताया कि उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण में 01 से 31 जनवरी 2026 ब्लॉक परिसर चमरौआ, शिव मंदिर भमरौआ/रठौड़ा, गुरुद्वारा साहिब रामपुरध्बिलासपुर, ग्राम पंचायत गुजरेला द्धथाना भोटऋ, जिला महिला चिकित्सालयध्गिरजाघर, मजार हाफिज शाह जमाल उल्लाह रामपुर, बगदादी शाह मजार, समस्त प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चयनित ग्राम पंचायतें, राजकीय एवं निजी विद्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाईध्चाइल्ड हेल्पलाइन में धार्मिक नेताओं एवं विभिन्न धर्मों के श्रद्धालु समुदायों के साथ प्रवचन, विशेष प्रार्थनाध्सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विवाह से जुड़े मैरिज हॉल, बैंक्विट हॉल, बैंड पार्टी, डीजे, कैटरर्स, फोटोग्राफर, टेंट हाउस आदि के माध्यम से भी बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं संबंधित कानूनों पर प्रकाश डालते हुए जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि तृतीय चरण में 01 फरवरी से 08 मार्च 2026 तक वन स्टॉप सेंटर, कांशीराम कॉलोनी द्धपहाड़ी गेटध्शाहबाद गेटऋ, नगर पालिका एवं नगर पंचायत, विकास खण्ड मिलक व चमरौआ, समस्त ग्राम पंचायत एवं पंचायत भवनों में ग्राम पंचायतध्नगर निकाय स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रमों में ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम सभा, वार्ड सदस्य, पार्षद, स्वयंसेवी कार्यकर्ता तथा जोखिमग्रस्त परिवार विशेष रूप से गरीबी, सामा. जिक बहिष्कार एवं परम्परागत प्रथाओं के कारण बाल विवाह के जोखिम में रहने वाले परिवार को लक्षित किया जाएगा। अभियान के माध्यम से बाल विवाह के विरुद्ध व्यापक जनजागरूकता उत्पन्न कर समाज को इस कुप्रथा से मुक्त करने का प्रयास किया जाएगा।

## एक नजर

### ग्राम मंसूरपुर में अवैध खनन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** 10 जनवरी को नायब तहसीलदार सदर मानवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा ग्राम मंसूरपुर में अवैध खनन के विरुद्ध छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान राजस्व टीम को देखकर खननकर्ता मौके से फरार हो गए। जांच में पाया गया कि ग्राम मंसूरपुर में बिना किसी वैध अनुमति के अवैध खनन किया जा रहा था। इसके उपरांत दिनांक 11 जनवरी 2026 को अवैध खनन में संलिप्त फरमान अली पुत्र साबिर, शान अली उर्फ शानू पुत्र अकबर एवं फिरासत अली पुत्र साबिर, निवासी ग्राम मंसूरपुर, तहसील सदर, जनपद रामपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा उक्त व्यक्तियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया, साथ ही ग्राम मंसूरपुर में लगभग 15,000 घन मीटर रेत के अवैध खनन एवं परिवहन के प्रकरण में संबंधित खननकर्ताओं के विरुद्ध रूपये 05 लाख का अर्थदण्ड आरोपित किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। जांच में यह भी सामने आया है कि उपरोक्त व्यक्ति अवैध खनन की गतिविधियों में पूर्व से संलिप्त एवं आपरा. धिक प्रवृत्ति के हैं।

### सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत रोडवेज परिसर में नेत्र एवं अल्कोहल जांच शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रोडवेज परिसर में नेत्र परीक्षण एवं अल्कोहल जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रोडवेज के चालकों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया गया।

एआरटीओ राजेश वास्तव ने बताया कि नेत्र परीक्षण शिविर में कुल 57 चालकों का आंखों का परीक्षण किया गया, जबकि सड़क सुरक्षा मानकों के अनुरूप 32 चालकों का अल्कोहल टेस्ट भी किया गया। जांच के दौरान चालकों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, .ष्टि की समय-समय पर जांच तथा नशा मुक्त होकर वाहन चलाने के महत्व के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य चालकों की कार्यक्षमता बनाए रखते हुए यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस तरह के जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे।

शिविर में डॉ। राजीव वर्मा, एवं एआरएम रोडवेज उपस्थित रहे।

### गाली गलौज और पुलिस ने की कार्यबाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** क्षेत्र के भगवतीपुर गांव में गाली गलौज का विरोध करने पर एक युवक से मारपीट की गई। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली में दी गई तहरीर के अनुसार, भगवतीपुर निवासी सिद्दीक अहमद पुत्र शब्बीर खां ने बताया कि उनका बेटा दानिश, पुत्र सिद्दीक अहमद, 7 जनवरी 2026 को मैच खेलने गया था।वहां गांव के ही नावेद पुत्र अजीम और जुल्फिकार पुत्र अजीम से दानिश की किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जब दानिश ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी। अपनी जान बचाकर दानिश जब घर की ओर भागा, तो आरो. पियों ने उसकी बाइक रोक ली और दोबारा मारपीट की। उन्होंने दानिश को जान से मारने की धमकी भी दी।सिद्दीक अहमद ने अपनी तहरीर में बेटे की जान और माल को खतरा बताया है। पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### भाजपा नेता ने पीएनबी कर्मी पर लगाया अभद्रता का आरोप

**शाहबेज अली**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** भाजपा युवा युवा मोर्चा के पदाधिकारी सचिन कुमार मौर्य ने पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारी पर अभद्रता का आरोप लगाया है। सचिन के मुताबिक वह भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष हैं। सोमवार को वह ढकिया स्थित पीएनबी बैन के अपनी फर्म का खाता खुलवाने गए थे। इस दौरान बैंक कर्मी ने उनके साथ अभद्र व्यव्हार शुरू कर दिया। उन्होंने कहा की वह भाजपा नेयुवा मोर्चा में पदाधिकारी हैं। इस पर वह और भड़क गया और कहा कि वह सभी से इसी भाषा में बात करना है। तुम्हे जि करना हो कर लेना। सचिन के मुताबिक उन्होंने वहां मौजूद कई उपभोक्ताओं से बात की तो पता चला कि यह सभी से इसी भाषा में बात करता है। उपभोक्ताओं का अपमान करता है और बैंक में आने वाले दलालों को तवज्जो देता है। मामले में भाजपा नेता ने जिलाधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

# विधायक शफीक अहमद अंसारी ने किया क्षेत्रीय भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** विधायक ने क्षेत्रीय भ्रमण पर निकले कई गांवों में विधायक जी ने दौरे किए सबसे पहले ग्राम मुंशीगंज में आरिफ प्रधान के सौजन्य से एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों ने विधायक जी का फूल मालाओं से स्वागत किया और एवं एक सड़क बनवाने के लिए विधायक जी का शुक्रिया अदा किया उन्होंने कहा यह मेरा फर्ज है और मेरा वादा है की हर ग्राम में मेरे द्वारा विकास कार्य करवाए जाएंगे। इसके बाद उनका काफिला टांडा के लिए रवाना हो गया।

टांडा में सबसे पहले फैसल मियां के डेरे पर चाय पार्टी का आयोजन हुआ काफी संख्या में लोगों द्वारा उनका स्वागत किया गया। उसके बाद टांडा के ग्राम कारखेड़ी में एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने स्वागत किया विधायक जी ने कहा आज में जो कुछ भी हूं आप लोगो की वजह से हूं।उन्होंने कहा मेरे द्वारा हर ग्राम पंचायत का कोई भी धर्म का धार्मिक स्थल हो वहां हाई मास्क लाइट लगवा दी गई है। जहां रह गई हैं वहां भी जल्द ही लाइट लगवा दी जाएगी। और हर पंचायत में सी सी रोड व नाला का कार्य जल्द ही शुरू करवाए जाएंगे।

सभा समाप्ति के बाद टांडा की कई जगहों पर नुक्कड़ सभाएं की गई। लोगो में काफी उत्साह देखने को मिला। इस दौरान डॉ जितेंद्र,कारखेड़ी फैसल मियां, अय्यूब मियां, इकराम मेंबर,शरीफ ठेकेदार, शरीफ जमील प्रतिनिधि टांडा अकबर अली अहमद सैफी अजीम लियाकत, फैजान बल्ली जावेद मेवाती, इस्लाम मुल्ला, नाहिद खां,हामिद अल्वी,ठाकुर नूर हसन प्रधान,आरिफ प्रधान, समीर खान गाजियाबाद कासम अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।



# कड़ाके की ठंड में हाई टेंशन लाइन में फिर हुआ ब्रेकडाउन

■ नगर सहित 32 गांवो की बिजली आपूर्ति हुई बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** कड़ाके की ठंड मे हाई टेंशन लाइन में ब्रेकडाउन से नगर सहित क्षेत्र में 10 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही जिससे क्षेत्र वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सोमवार को टांडा से दढ़ियाल होकर मसवासी पहुंच रही 33 हजार केवी लाइन में ब्रेकडाउन हो गया जिससे मसवासी नगर समेत बिजारखाता खोदकला मोतीपुरा सीतारामपुर रहमतगंज कुंदनपुर खुशहालपुर मंस. ूरपुर सेमरा लाडपुर हसनपुर उत्तरी पट्टीकला घोसीपुरा मुकुंदपुर मानपुर उत्तरी शिकारपुर किशनपुर मौलागढ़ धर्मपुर उत्तरी शिवनगर बब्बरपुरी लोहार ईनायतगंज खानपुर उत्तरी समेत 32 गांव में बिजली आपूर्ति 10 घंटे बाधित रही जिससे क्षेत्र वासियों को बिजली किल्लत का सामना करना पड़ा साथ ही बिजली पर निर्भर कस्बे की पेयजल आपूर्ति भी बाधित रही जिससे नागरिकों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ा। क्षेत्रवासी राकेश कुमार मुर्शद अली हर प्रसाद रामप्रसाद नवाब सिंह राजपाल रूप किशोर आदि का कहना है की आए दिन हाई टेंशन लाइन में ब्रेकडाउन हो जाता है जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है शिकायत के बाद भी बिजली कर्मचारी बिजली आपूर्ति दुरुस्त रखने के प्रति लापरवाह बने रहते हैं जिससे बिजली आपूर्ति को लेकर क्षेत्रवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



उधर अवर अभियंता मोहनलाल ने बताया की कुछ तकनीकी खराबी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी जिसको कर्मचारियों द्वारा दुरुस्त कर दिया गया है।

# अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग अभियान में 3006 वाहनों की जांच, नौ वाहनों पर चालान की कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद रामपुर में अवैध उप-खनिज खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार सघन निगरानी एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार 10 जनवरी 2026 को जनपद की समस्त तहस. ीलों के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर कुल 10 चेक प्वाइंट स्थापित कर रात्रि 08:00 बजे से प्रात: 07:00 बजे तक विशेष जांच अभियान संचालित किया गया। इस दौरान प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1320 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान 09 वाहनों पर चालान की कार्यवाही की गई।



इसी प्रकार 11 जनवरी 2026 को भी जनपद की सभी तहसीलों के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर सघन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1686 वाहनों की जांच की गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग से संबंधित किसी भी गतिविधि को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा ऐसे विशेष जांच अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

# टिपलर से टकराई बाइक, छात्र की मौत

## रिश्तेदारी में रहकर पढ़ता था छात्र, दूसरा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गजरौला।** गजरौला क्षेत्र में हुए हादसे में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि दूसरा छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार उत्तराखंड राज्य के काशीपुर थाना क्षेत्र के कुंडेश्वरा गांव निवासी रंजीत (19) पुत्र राजेंद्र कक्षा-11 का छात्र था। वह बछरायूं के छज्जूपुरा में अपनी रिश्तेदारी में रहता था। छज्जूपुरा गांव निवासी लविक से उसकी दोस्ती हो गई थी। लविक की नानी उसके घर आई हुई थीं। सोमवार की शाम रंजीत व लविक उसकी नानी को बाइक से छोड़ने के लिए बैरमपुर गांव में स्थित लविक की मौसी के यहां गए थे। वहां से दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। गजरौला-खादगूजर मार्ग पर कुंदन सिंह मेमोरियल डिग्री कालेज के निकट मैदान में क्रिकेट मैच चल रहा था। बाइक सवार दोनों दोस्तों का ध्यान मैच की तरफ चला गया। तभी अचानक उनकी बाइक के सामने ट्रैक्टर-ट्रिपलर आ गया। इसी घबराहट में बाइक अनियंत्रित होकर ट्रिपलर में पीछे से घुस गई। जिससे बाइक सवार दोनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के जमा हुए लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी ले जाया जा रहा था। रास्ते में रंजीत की मौत हो गई। वहीं घायल लविक को सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर रंजीत के रिश्तेदार रोते बिलखते हुए अस्पताल पहुंच गए।

# 20 साल के युवक को 40 साल की विधवा से हुआ प्यार

## मोबाइल स्क्रीन से दिल तक का सफर, अमरोहा का युवक आगरा में मिला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** ऑनलाइन दुनिया में शुरू हुई एक दोस्ती कब जिंदगी की दिशा बदल दे, इसका अंदाजा अमरोहा के एक परिवार को तब हुआ जब उनका 21 साल का बेटा अचानक घर से गायब हो गया। शुरुआत में मामला रहस्यमय लगा, लेकिन जैसे-जैसे परतें खुलीं, कहानी आगरा तक जा पहुंची।

नगर के 21 वर्षीय युवक की सोशल मीडिया के जरिए आगरा की 40 वर्षीय विधवा महिला से दोस्ती हो गई। यह दोस्ती धीरे-धीरे इतनी बढ़ी कि युवक कुछ दिन पहले रहस्यमयी परिस्थितियों में घर से गायब हो गया। बेटे के अचानक लापता होने से परिजन घबरा गए और उसकी तलाश शुरू की। परिजनों को शक हुआ तो उन्होंने युवक के सोशल मीडिया अकाउंट्स खंगाले, जहां से आगरा की महिला मित्र का सुराग मिला। जानकारी सामने आई कि युवक घर से भागकर बीते कई दिनों से महिला के साथ आगरा में रह रहा था। युवक की मां, जो भारतीय जनता पार्टी से जुड़ी हैं, बेटे की तलाश में आगरा पहुंचीं। उन्होंने स्थानीय भाजपा नेताओं से संपर्क किया, जिनकी मदद से महिला का घर तलाश लिया गया। जब मां वहां पहुंचीं और दरवाजे पर दस्तक दी, तो बेटा घबरा गया। वह खिड़की से कूदकर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया।



### ऑनलाइन दोस्ती बनी मोहब्बत, मां के पहुंचते ही मचा हड़कंप, पुलिस का कार्रवाई से इंकार

इस दौरान मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते भारी भीड़ जमा हो गई। हंगामे की सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। एसीपी ने बताया कि युवक और महिला दोनों बालिग हैं, इसलिए, कानूनन पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। फिलहाल यह मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है और सोशल मीडिया पर भी इसे लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

# गृहक्लेश में महिला ने जहर खाकर जान दी

## बिना कानूनी कार्रवाई के अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** क्षेत्र के एक गांव में रविवार रात एक 32 वर्षीय महिला ने कथित रूप से गृह क्लेश से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि महिला ने गेहूं में डालने वाला कीटनाशक पाउडर खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। इस दर्दनाक घटना से गांव में शोक और सनसनी का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार की रात महिला ने घर में ही जहरीले कीटनाशक का सेवन कर लिया। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने जब तक कुछ समझा, तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। महिला अपने पीछे दो मासूम बेटों को छोड़ गई है, जिनमें एक की उम्र लगभग एक वर्ष तथा दूसरे बेटे की उम्र करीब 10 वर्ष बताई जा रही है। मां की मौत के बाद दोनों बच्चों का भविष्य चिंता का विषय बन गया है। महिला का अंतिम संस्कार सोमवार की सुबह बिना किसी कानूनी कार्यवाही के कर दिया गया। इस संबंध में थाना आदमपुर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार का कहना है कि मामले की जानकारी नहीं है अगर कोई तहरीर प्राप्त होती है तो कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## रेगुलेटर विवाद पहुंचा एसडीएम दफ्तर

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** तहसील क्षेत्र के गांव तोमड़ा निवासी एक किसान ने इंडियन गैस एजेंसी ढयोटी पर गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत एसडीएम से की है। किसान का कहना है कि करीब तीन माह पूर्व उसने एजेंसी से होम डिलीवरी के माध्यम से एक गैस रेगुलेटर खरीदा था, जिस पर छह माह की गारंटी दी गई थी। लेकिन गारंटी अवधि पूरी होने से पहले ही रेगुलेटर खराब हो गया और गैस लीकेज के चलते सिलेंडर में आग लग गई। गनीमत रही कि समय रहते आग बुझा दी गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पीड़ित किसान का आरोप है कि जब उसने इसकी शिकायत गैस वितरक से की तो पहले उसे यह कहकर टाल दिया गया कि रेगुलेटर एजेंसी का नहीं है। इसके बाद कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और झगड़े की स्थिति बन गई। किसान का कहना है कि गारंटी में होने के बावजूद रेगुलेटर बदला नहीं गया। आरोप है कि एजेंसी मालिक ने डेढ़ सौ रुपये कीमत वाले रेगुलेटर के बदले 350 रुपये की मांग की और रुपये न देने पर रेगुलेटर बदलने से इंकार कर दिया। इससे आहत किसान ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। रेगुलेटर विवाद के एसडीएम दफ्तर पहुंचने के बाद मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

# जी राम जी योजना में 125 दिन मिलेगा काम

## मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ीः मलिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** जिले के प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने जी रामजी योजना की अच्छाईयों का बखान करते कहा कि पहले मनरेगा में 15 दिन में भुगताना होता था जबकि इस योजना में मात्र सात दिन में मजदूरों का भुगतान किया जायेगा।

जोया रोड स्थित बैंकेट हाल में पत्रकारों से बात करते राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने कहा कि मनरेगा योजना का नाम बदलने पर कांग्रेस देशभर में आंदोलन कर रही है। जबकि भाजपा सरकार मनरेगा योजनाओं की विफलताओं के बारे में जनता को जागरूक कर रही है। मनरेगा योजना में मजदूरों को भुगतान 15 दिन में होता था जबकि रामजी योजना के तहत उन्हें सात दिन में भुगतान मिलेगा। मनरेगा में सौ दिन की रोजगार की गारंटी थी जबकि जीराम जी योजना में अब मजदूरों को 125 दिन काम मिलेगा। अगर भुगतान में देरी होती है तो मुआवजा भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना में सैकड़ो खामियां थीं 80 साल के बुजुर्ग व्यक्ति को पेमेंट हो जाता था तथा इस योजना में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था। गजरौला में दूषित जल के मुद्दे पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि अभी उन्होंने नोएडा में जांच कमेटी बैठायी तथा जिन फैक्ट्रियों में टायर जलाये जा रहे हैं उसमें यह प्रदूषण फैल रहा है। इसकी रोकथाम का प्रयास किया जायेगा। इस मोके पर शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो, हसनपुर विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी, धनौरा राजीव तरारा भी मौजूद रहे।




# न्यायिक कर्मी की मौत हार्टअटैक से हुई थी

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा, कड़ी सुरक्षा में सुपुर्दे खाक, एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** न्यायिक कर्मी की मौत से हार्टअटेक से हुई थी इसका खुला. सा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ है। कड़ी सुरक्षा के बीच मृतक के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। पुलिस ने एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि अन्य की गिरफ्तारी को पुलिस लगातार दबिशें दे रही है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नल नई बस्ती निवासी राशिद हुसैन जिला न्यायालय में सिविल जज जूनियर डिवीजन की कोर्ट में पेशकार थे। रविवार दोपहर में वह पत्नी रुखसार, भतीजा सलमान और तीन बच्चों के साथ कार में सवार होकर मुरादाबाद के गांव पट्टी स्थित अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। डिडौली कोतवाली क्षेत्र में बांयबृद्-जोया बाईपास पर स्थित गांव हुसैनपुर के पास यहां के रहने वाले नफीस की बाइक से उनकी कार की मामूली टक्कर हो गई थी। हादसे में नफीस व उसके बेटे अरदान व अरहान घायल हो गए थे। दोनों तरफ से कहासुनी होने पर स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप कर विवाद शांत करा दिया था। इसके बाद राशिद हुसैन कार लेकर आगे निकल गए थे। लेकिन, बाद में नफीस के परिवार से जुड़े लोगों ने पीछा करते हुए कार को संभल चौराहे पर घेर लिया था। मारपीट के दौरान राशिद हुसैन की मौत हो गई थी। मामले में मृतक के भतीजे सलमान की तहरीर पर पुलिस ने कलीम, शान, कसीम व नसीम निवासी गांव हुसैनपुर के अलावा तीन अज्ञात के खिलाफ पीट पीटकर हत्या करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। मौके से आरोपी शान को हिरासत में ले लिया था। इसके बाद रविवार देर रात शव का पोस्टमार्टम किया गया। जिसमें राशिद हुसैन की मौत का कारण हार्टअटैक बताया गया है। हालांकि, रिपोर्ट में शरीर पर चोटों के निशान होने की भी पुष्टि की गई है। सोमवार दोपहर जामा मस्जिद में राशिद हुसैन की नमाज-ए-जनाजा अदा की गई, इसके बाद शव को धनौरा रोड स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। दफीने में जिला जज विवेक, सीजेएम डा. लकी सिंह, एडीजे प्रथम शाकिर अली के अलावा न्यायिक कर्मी डा. निपेंद्र सिंह, संतोष द्विवेदी, इसरार अली व नैपाल सिंह के अलावा बड़ी संख्या में वकीलों के अलावा शहरवा. सियों ने शिरकत की। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक की पुष्टि की गई है। मामले में गहनता से जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी शान को जेल भेज दिया है, फरार अन्य आरोपियों को भी जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।





# महिला से छेड़छाड़ में स्वास्थ्य कर्मी पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** सरकारी अस्पताल में दवा लेने आई एक महिला के साथ अभद्रता किये जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी जांचकर्मी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना आदमपुर क्षेत्र की एक महिला 10 जनवरी को ढवारसी स्थित सरकारी अस्पताल में उपचार व दवा लेने गई थीं। आरोप है कि अस्पताल में खून की जांच करने वाले कर्मचारी आले हसन ने उनके साथ बदतमीजी की। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने अभद्रता करते हुए उनके नाजुक अंगों को छूने का प्रयास किया। और गलत तरीके से हाथ लगाया। जब महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने पहले पैसे का लालच दिया और जब वह नहीं मानी तो जान से मारने की धमकी भी दी। घटना से आहत महिला ने परिजनों को पूरी बात बताई। जिसके बाद थाना आदमपुर में लिखित तहरीर दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया है। ढवारसी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांचकर्मी आले हसन पर महिला के साथ अभद्रता के आरोपों के बीच एक और अहम तथ्य सामने आया है। जानकारी के अनुसार आरोपी जांचकर्मी इससे पहले सीएचसी रहरा में तैनात था। उस दौरान भी उस पर एक महिला द्वारा बलात्कार का गंभीर आरोप लगाया गया था। जिससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया था।

## एक नजर

### नागपाल एकेडमी के छात्र का अंडर-14 में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** नगर के नागपाल क्रिकेट एकेडमी के छात्र मनित चौधरी का चयन उत्तर प्रदेश क्रिकेट टीम में अंडर-14 चौलेंजर ट्रॉफी के लिए होने से उल्लास का माहौल है। इस ट्रॉफी का आयोजन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा इंदौर में किया जा रहा है। एकेडमी की अध्यक्षा अंशु नागपाल, मार्गदर्शक पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल, निदेशक समीर नागपाल और कोच हर्ष त्यागी ने इस उपलब्धि पर चयनित खिलाड़ी को अपनी शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। अंशु नागपाल ने कहा कि इस उपलब्धि से नागपाल क्रिकेट अकादमी का नाम पूरे प्रदेश में रोशन हुआ है। हमें विश्वास है कि मनित टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करके नाम रोशन करेंगे।



### तहसील बार को एसडीएम ने दिलायी शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता नौगांवा सादात।** तहसील बार के नई कार्यकारिणी को एसडीएम ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने वालों में अध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार यादव एडवोकेट, महासचिव संजीव कुमार एडवोकेट, कोषाध्यक्ष तंजीम खान एडवोकेट तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मसरूर अहमद सिद्दीकी एडवोकेट शामिल रहे। इसके अलावा अन्य पदाधिकारियों को भी उपजिलाधिकारी द्वारा शपथ दिलाई गई। समारोह में बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे, जिनमें सैयद हुसैन हैदर एडवोकेट, चौधरी कुलदीप सिंह एडवोकेट, अवधेश चौहान एडवोकेट, युवराज सिंह यादव एडवोकेट, अनुज कुमार यादव एडवोकेट, शबाब हैदर एडवोकेट, शफकत हुसैन एडवोकेट सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहे। इस अवसर पर नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूती देने और अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

### अनियंत्रित टैम्पो पलटा, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** मुरादाबाद जिले के थाना पाकबड़ा क्षेत्र के भाड़ला गांव निवासी नजीरुद्दीन रविवार को अपने टैंपो में सवार होकर पत्नी सलमा और दो वर्षीय पुत्र रीहान के साथ जोया जा रहे थे जब उनका टैंपो सम्भल चौराहे के पास पहुंचा तो अनियंत्रित होकर सर्विस रोड पर पलट गया तीनों घायलों को ग्रामीणों ने सीएचसी जोया पर भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिए अमरोहा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### युवा दिवस के रूप में मनी स्वामी विवेकान्द जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** जे.एस. हिन्दू इंटर कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को युवा दिवस के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य डॉ. गजेंद्र पाल सिंह, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। प्रधानाचार्य डॉ. गजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद पर लिखी गई पुस्तकों का अध्ययन करने का आह्वान किया, ताकि उनके विचारों को गहराई से समझा जा सके और जीवन में उतारा जा सके कार्यक्रम में कैप्टन शैलेश कुमार पंकज, डॉ. शिव शंकर यादव, राजेश राजपूत, अनिल कुमार, लल्लू सिंह, सुधीर कुमार, संजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

# गैरहाजिर अफसरों से मांगा स्पष्टीकरण

## समाधान दिवस में मिले थे गैरहाजिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** 6 जनवरी को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान गैरहाजिर रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया गया है। समाधान दिवस की उपस्थिति पंजिका के अवलोकन में पाया गया कि सहायक अभियंता, लघु सिंचाई धनौरा एवं सहायक विकास अधिकारी, समाज कल्याण धनौरा कार्यक्रम में अनुपस्थित रहे।

उच्चाधिकारियों ने इसे शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्य में गंभीर लापरवाही मानते हुए दोनों अधिकारियों से तीन दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण तलब किया है। कहा गया है कि संपूर्ण समाधान दिवस जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण का अहम मंच है, ऐसे में अधिकारियों की अनुपस्थिति न केवल प्रशासनिक अनुशासन के विपरीत है, बल्कि आमजन के प्रति जिम्मेदारियों की अनदेखी भी दर्शाती है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अन्य अधिकारियों में भी हड़कंप मचा हुआ है और भविष्य में समाधान दिवस के दौरान लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के संकेत दिए गए हैं।

# डीएम ने तालाबों के जीर्णोद्धार का लिया जायजा

## निर्माणाधीन अन्नपूर्णा भवनों का भी देखा कार्य



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**गजरौला।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कई विकास योजनाओं और निर्माणाधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सोमवार को डीएम ने ग्राम पंचायत मोहरका पट्टी में तालाब के जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया, कार्य संबंधी दिशा निर्देश के साथ साथ किनारों पर पौधारोपण करने के भी निर्देश दिए। यहां पर ही निर्माणाधीन अन्नपूर्णा भवन का जायजा लिया और काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीएम ने तिगरी ग्राम में स्थित पीएम श्री विद्यालय का निरीक्षण किया और विद्यालय के विस्तारीकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कांकाठेर में ग्रामीण हाट बाजार का निरीक्षण किया और हाट बाजार को किचन, शेड और अन्य सुविधाओं से युक्त करते हुए बारात घर के रूप में उपयोग करने के निर्देश दिए। कुम. राला में समूह की महिलाओं द्वारा संचालित अन्नपूर्णा भवन का निरीक्षण किया और अपने सामने राशन का वितरण कराया। उन्होंने आमदनी बढ़ाने के लिए समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों की बिक्री करने के निर्देश दिए। उपस्थित ग्राम प्रधान से कूड़ा एकत्रीकरण और आरआरसी केंद्र की क्रियाशीलता की जानकारी ली। तिगरी में उत्सव भवन के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण कर डीपीआरओ को प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसपी अमित कुमार आनंद, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया, जिला पूर्ति अधिकारी रीना कुमारी, खंड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण न होने पर पालिका के गरजे ग्रामीण

## महिलाओं ने प्रदर्शन कर उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** नगर में सोमवार को बुनियादी सुविधाओं के अभाव में स्थानीय महिलाओं का धैर्य जवाब दे गया। वार्ड संख्या 12 राजपूत कॉलोनी सैनी धर्म कांटा नई बस्ती की दर्जनों महिलाओं ने सड़क और नाली निर्माण की मांग को लेकर नगर पालिका कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने बताया कि सड़क बदहाल हैं। जिससे कार रिक्शा और बाइक सवारों का निकलना दूभर हो गया है। पूर्व में उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देने के बाद केवल खानापूर्ति के नाम पर कुछ स्थानों पर मिट्टी डाली गई। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। महिलाओं का आरोप है कि वार्ड मेंबर पिछले तीन महीनों से आज-कल का आश्वासन देकर उन्हें टरका रहे हैं। गुस्साई महिलाओं ने अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द सड़क और नाली निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जायेगा। प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से अंजू त्रिवेदी, रेखा, गुड्डी, धर्मवीर सिंह, मालती शर्मा, उर्मिला, कमला, मोनिका और लक्ष्मी सहित भारी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।




# अनियंत्रित होकर पलटा टैम्पो, दम्पति व बेटा घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** संभल चौराहे पर अनियंत्रित होकर टेंपो पलट गया। हादसे में टेंपो चालक समेत पत्नी व बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को जोया सीएचसी में भर्ती कराया, हालत चिंताजनक देखते हुए जहां से तीनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुता. बिक मुरादाबाद जिले के पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव भाड़ला के रहने वाले नजीरुद्दीन टेंपो चलाते हैं। सोमवार को वह अपनी पत्नी सलमा और दो वर्षीय बेटे रिहान के साथ किसी काम से जोया आ रहे थे। दोपहर में लगभग 12 बजे जब उनका टेंपो संभल चौराहे से गुजर रहा था, तभी अनियंत्रित होकर सर्विस रोड की तरफ पलट गया। हादसे में नजीरुद्दीन, उनकी पत्नी सलमा व बेटा रिहान टेंपो के नीचे दब गए। स्थानीय लोगों ने टेंपो सीधा कर तीनों को बाहर निकाल जोया सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

## नवी मुंबई चुनाव के कारण बिना दर्शकों के होगा WPL मैच

**नवी मुम्बई, वार्ता।** नवी मुंबई में नगर निगम के चुनाव के कारण गुरुवार को होने वाला डब्ल्यूपीएल 2026 का कम से कम एक मैच बिना दर्शकों के खेला जायेगा। मुंबई पुलिस ने बीसीसीआई को सूचित किया है कि चुनाव और डब्ल्यूपीएल के मैच एक ही दिन होने के कारण, वे उस दिन मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं करा पाएंगे। अभी यह पुष्टि नहीं हुई है कि चुनाव से एक दिन पहले और एक दिन बाद भी (14 और 16 जनवरी) बिना दर्शकों के मैच होगा। आधिकारिक डब्ल्यूपीएल ऑनलाइन टिकट प्लेटफॉर्म पर 14, 15 और 16 जनवरी के मैचों की टिकट की बिक्री नहीं हो रही है। अगर स्थिति ऐसी ही रहती है, तो प्रभावित होने वाले मैच ये होंगे।

## शिखर धवन ने अपनी गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से की सगाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अपनी गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से सगाई करने की घोषणा की। धवन के फॉलोअर्स ने इस खबर का गर्मजोशी से स्वागत किया है, कई लोगों ने खुशी जताई और कहा कि इस साल कपल की शादी को लेकर पहले से ही अटकलें लगाई जा रही थीं। शिखर धवन ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि एक जैसी मुस्कान से लेकर एक जैसे सपने। हमारी सगाई के लिए मिले प्यार, आशीर्वाद और हर शुभकामना के लिए शुक्रगुजार हूं, क्योंकि हमने हमेशा साथ रहने का फैसला किया है। 35 साल की सोफी शाइन आयरिश नागरिक हैं और नॉर्दर्न ट्रस्ट कॉर्पोरेशन में प्रोडक्ट कंसल्टेंट के तौर पर काम करती हैं। वह फिलहाल अबू धाबी में रहती हैं। 40 साल के धवन ने एक दशक से अधिक के शानदार करियर के बाद 2024 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

# चोटिल वाशिंगटन सुंदर शेष सीरीज से बाहर



**वाशिंगटन सुंदर ने बीसीए स्टेडियम में पहले वनडे के दौरान गेंदबाजी करते हुए अपनी बाईं निचली पसली के हिस्से में तेज दर्द की शिकायत की थी, उनकी जगह बडोनी को टीम में शामिल किया गया**

**वडोदरा, वार्ता।** ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ शेष एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गए हैं, बीसीसीआई ने सोमवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई के एक बयान के अनुसार, सुंदर ने रविवार को वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में पहले वनडे के दौरान गेंदबाजी करते समय अपनी बाईं निचली पसली के हिस्से में तेज दर्द की शिकायत की थी। 26 वर्षीय खिलाड़ी का स्कैन किया जाएगा, जिसके बाद बीसीसीआई मेडिकल टीम विशेषज्ञ की राय लेगी। चोट के कारण सुंदर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक एकदिवसीय सीरीज के शेष दो मैच नहीं खेल पाएंगे। पुरुष चयन समिति ने सुंदर की जगह आयुष बडोनी को टीम में शामिल किया है।

बडोनी को पहली बार एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है और वह सीरीज के दूसरे मैच से पहले राजकोट में टीम से जुड़ेंगे। दूसरे और तीसरे वनडे के लिए भारत की अपडेटेड टीम इस प्रकार है:- शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसि( कृष्णा, कुलद. प यादव, नीतीश कुमार, अर्शदीप सिंह, यशस्वी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर) व आयुष बडोनी शामिल हैं।

# यूपी ने आरसीबी को दिया 144 रनों का लक्ष्य

**श्रेयंका पाटिल और नादिन डी क्लार्क को मिले दो-दो विकेट**



**नवी मंबई, वार्ता।** महिला प्रीमियर लीग का छठा मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और यूपी वॉरियर्स के बीच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम पर खेला जा रहा है। इस मैच में आरसीबी की नजरें लगातार दूसरी जीत दर्ज करने पर हैं जबकि यूपी को उनकी पहली जीत की तलाश है। यूपी ने आरसीबी के सामने 144 रनों का लक्ष्य रखा है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूपी ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 143 रन बनाए। उनके लिए दीप्ति शर्मा ने 45 और डिएंड्रा डॉटिन ने 40 रनों की नाबाद पारी खेली। आरसीबी के लिए, श्रेयंका पाटिल और नादिन डी क्लार्क ने दो.दो विकेट लिए जबकि लॉरेन बेल ने एक सफलता अपने नाम की। यूपी वॉरियर्स को अपने शुरुआती मैच में निराशा का सामना करना पड़ा जिसमें सबसे बड़ा झटका ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का खराब प्रदर्शन रहा। डब्ल्यूपीएल नीलामी में 3?2 करोड़ रुपये की सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी रहीं दीप्ति गुजरात जाएंट्स के खिलाफ शनिवार को हुए दिन के मुकाबले में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहीं। यूपी वॉरियर्स 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 रन से हार गईए जिसमें दीप्ति बिना विकेट लिए रहीं और बल्लेबाज़ी में सिर्फ एक रन ही बना सकीं। टीम की नई कप्तान मेग लैलनग चाहेंगी कि उनकी स्टार ऑलराउंडर जल्द ही लय में लौटे।

इसके अलावा उन्हें शीर्ष क्रम में किरण नवगिरे और हरलीन देओल से ठोस योगदान की उम्मीद होगी। इस मैच में हालांकि ऑस्ट्रेलिया की युवा खिलाड़ी फोबे लिचफील्ड ने 78 रन की शानदार पारी खेल हार के अंतर को काफी कम किया। उनकी बल्लेबाजी से टीम को कुछ आत्मविश्वास जरूर मिला होगा। मंधाना और आरसीबी के लिए वह पल बेहद खास था और टीम को नादिन डी क्लार्क (नाबाद 63 रन बनाए और चार विकेट) से यूपी वॉरियर्स के खिलाफ भी ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

पिछले मैच में डी क्लार्क के अलावा अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया थाए ऐसे में मंधाना चाहेंगी कि वह और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज रन बनाने में योगदान दें। ग्रेस हैरिसए स्मृति मंधानाए दयालन हेमलताए ऋचा घोष और राधा यादव जैसे खिलाड़ियों को आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभानी होगी। वहीं गेंदबाजी विभाग में अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल और राधा से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। इन सभी ने मुंबई के खिलाफ सबसे ज्यादा रन लुटाए थे। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली साल 2024 की चैंपियन टीम ने शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुश्किल स्थिति से उबरते हुए तीन विकेट की जीत दर्ज की। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका की हरफनमौला खिलाड़ी नादिन डी क्लार्क ने आखिरी चार गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाकर टीम को जीत दिलाई थी। आरसीबी की जीत ने मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी स्तब्ध कर दिया था।

# जीत के बाद अय्यर, राणा, सुंदर ने टीम प्रयास की सराहना की



**सीरीज में शानदार शुरुआत कुछ समय बाद टीम का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लग रहा: श्रेयस**

**वडोदरा, वार्ता।** भारत के खिलाड़ियों श्रेयस अय्यर, हर्षित राणा और वाशिंगटन सुंदर ने टीम के सीरीज में संयुक्त प्रयास से जीत के साथ शुरुआत करने पर खुशी व्यक्त की है।

बीसीसीआई के एक वीडियो में, मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने जीत को एक हौसला बढ़ाने वाली शुरुआत बताया और कहा कि चोट से उबरने के बाद राष्ट्रीय टीम में वापस आकर वह खुश हैं। अय्यर ने कहा कि सीरीज की शानदार शुरुआत। कुछ समय बाद टीम में वापस आकर, इस टीम का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लग रहा है। इससे भी अधिक हर एक के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना बहुत अच्छा लगा। मैं इसे काफी समय से मिस कर रहा था, लेकिन मैं वापस आकर खुश हूं। अय्यर ने विराट कोहली की 93 रन की पारी की भी तारीफ की, जो वनडे में उनका लगातार पांचवां पचास से अधिक का स्कोर था। उन्होंने इसे सीनियर बल्लेबाजी की कंसिस्टेंसी और स्ट्राइक रोटेशन और सोचे-समझे अग्रेसन से पारी को कंट्रोल करने की काबिलियत का एक और उदाहरण बताया। गेंदबाजी में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर हर्षित ने कहा कि उन्हें न्यूजीलैंड के ओपनर हेनरी और कॉनवे को लगातार ओवरों में आउट करने में खुशी हुई। राणा ने बताया कि निकोल्स को उनकी गेंद, जिसे वाइड फेंकना था, वाइड यॉर्कर बन गई, जिसके बाद उन्होंने अगले ओवर में कॉनवे को आउट किया।

# उत्तर प्रदेश को हराकर सौराष्ट्र सेमीफाइनल में

**कप्तान हार्विक देसाई ने नाबाद 100, प्रेरक मांकड़ ने 67 रनों की शानदार पारी खेली**



**बेंगलुरु, वार्ता।** सौराष्ट्र ने सोमवार को विजय हजारे ट्रॉफी के वर्षा प्रभावित दूसरे क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश को वीजेडी पद्धति से 17 रनों से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कप्तान हार्विक देसाई (नाबाद 100) प्रेरक मांकड़ (67) और चिराग जानी (नाबाद 40) शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन कर अपनी टीम की जीत की नींव रखी। 311 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सौराष्ट्र की शुरुआत खराब रही और उसने चौथे ही ओवर में विश्वराज जडेजा (नौ) का विकेट गंवा दिया। उन्हें करन चौधरी ने आउट किया। इसके बाद प्रेरक मांकड़ ने हार्विक देसाई के साथ दूसरे विकेट के लिए 133 रन जोड़े। 27वें ओवर में प्रशांत वीर ने प्रेरक मांकड़ को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। प्रेरक मांकड़ ने 66 गेंदों में सात चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 67 रन बनाए। समर गज्जर 14 रन बनाकर तीसरे विकेट के रुप में आउट हुए। बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय सौराष्ट्र ने 40-1 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बना लिए थे। हार्विक देसाई 116 गेंदों में 100 रन बनाकर और चिराग जानी 31 गेंदों में 40 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। हार्विक देसाई ने अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाए। चिराग जानी ने भी दो चौके और दो छक्के उड़ाए। इससे पहले समीर रिजवी (नाबाद 88) और अभिषेक गोस्वामी (88) की शानदार अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत उत्तर प्रदेश ने सौराष्ट्र को जीत के लिए 311 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां सौराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी उत्तर प्रदेश ने शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 42 के स्कोर तक अपने दो विकेट गंवा दिए। आर्यन जुयाल (शून्य) और ऋतुराज शर्मा (12) को चेतन साकरिया ने अपना शिकार बनाया। प्रियम गर्ग ने 39 गेंदों में 35 रन बनाए। कप्तान रिंकू सिंह 13 रन बनाकर आउट हुए। 33वें ओवर में पारस्वराज राणा ने शतक की ओर बढ़ रहे अभिषेक को आउट किया। अभिषेक गोस्वामी ने 82 गेंदों में 12 चौके लगाते हुए 88 रनों की पारी खेली। इसके अलावा प्रशांत वीर (30), विप्रज निगम (13) व जीशान अंसारी (20) रन बनाकर आउट हुए। यूपी ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 310 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। समीर रिजवी ने 77 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 88 रनों की पारी खेली। सौराष्ट्र के लिए चेतन साकरिया ने तीन विकेट लिए। अंकुर पंवर और प्रेरक मांकड़ ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया।

# कर्नाटक ने मुंबई को 54 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**देवदत्त पडिक्कल 81 रनों और करुण नायर की नाबाद 74 रनों की पारी के दम पर कर्नाटक ने मुंबई को वीजेडी पद्धति से 54 रनों से हराया**



**बेंगलुरु, वार्ता।** देवदत्त पडिक्कल (नाबाद 81) और करुण नायर (नाबाद 74) रनों की शानदार पारियों के दम पर कर्नाटक ने सोमवार को वर्षा प्रभावित पहले क्वार्टर फाइनल में मुम्बई को वीजेडी पद्धति से 54 रनों से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। 255 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कर्नाटक कप्तान मयंक अग्रवाल और देवदत्त पडिक्कल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 44 रन जोड़े। 10वें ओवर में मोहित अवस्थी ने मयंक अग्रवाल (12) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए करुण नायर ने देवदत्त पडिक्कल के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। 33 ओवर के बाद बारिश होने के कारण आगे खेल नहीं हो पाया। उस समय तक कर्नाटक ने एक विकेट पर 187 रन बना लिए थे। देवदत्त पडिक्कल (नाबाद 81) और करुण नायर (नाबाद 74) क्रीज पर मौजूद थे। देवदत्त पडिक्कल और करुण नायर ने अपनी-अपनी पारियों में 11-11 चौके लगाए। बारिश के कारण कर्नाटक को मुम्बई पर वीजेडी पद्धति से 54 रनों से जीत मिली। आज यहां इससे पहले शम्स मुलानी (86) और कप्तान सिद्धेश लाड (38) की जुझारू पारियों के दम पर मुम्बई ने कर्नाटक को जीत के लिए 255 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां कर्नाटक ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 60 के स्कोर तक नियमित अंतराल पर चार विकेट गंवा दिए। इशान मुलचंदानी (20), मुशीर खान (नौ) को विद्याधर पाटिल ने आउट किया। अंगकृष रघुवंशी (27) और हार्दिक तामोर (एक) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान सिद्धेश लाड और शम्स मुलानी ने पारी को संभाला और पांचवें विकेट के लिए 76 रन जोड़े। 34वें ओवर में अभिलाष शेट्टी ने सिद्धेश लाड को आउटकर मुम्बई को पांचवां झटका दिया। सिद्धेश लाड ने 58 गेंदों में चार चौके लगाते हुए 38 रन बनाए। इसके बाद सूर्याश शेडगे (16) और तनुष कोटियान (छह) जल्द ही आउट होकर पवेलियन लौट गए। अखिरी ओवर में अभिलाष शेट्टी ने शम्स मुलानी को पगबाधा आउट कर दिया।

# डरबन सुपर जायंट्स ने रोमांचक मुकाबला जीतकर खुद को प्लेऑफ की दौड़ में बनाए रखा

**एसए20 में एक और रोमांचक मुकाबले देखने को मिला**

**ग्केबेरहा, वार्ता।** एसए20 में रविवार को एक और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जहां डरबन सुपर जायंट्स ने सेंट जॉर्ज पार्क में सनराइजर्स ईस्टर्न केप को दो विकेट से हराकर अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा। तीन गेंद शेष रहते मिली इस जीत के साथ डीएसजी अंक तालिका में एमआई केप टाउन को पीछे छोड़ते हुए पांचवें स्थान पर पहुंच गई। इस नतीजे ने लीग तालिका के शीर्ष पर भी जबरदस्त प्रतिस्पर्धा पैदा कर दी है।

शीर्ष पर मौजूद सनराइजर्स (19 अंक) और चौथे स्थान पर काबिज पार्ल रॉयल्स (15 अंक) के बीच सिर्फ चार अंकों का अंतर है, हालांकि पार्ल रॉयल्स ने एक मैच कम खेला है। मैच के निर्णायक क्षण में ऑलराउंडर इवान जोन्स ने दबाव में संयम दिखाते हुए आखिरी ओवरों में एनरिक नॉर्टजे की गेंद पर चौका जड़ा, जिससे विजिटिंग ड्रेसिंग रूम में जश्न शुरू हो गया। शुरुआत में यह जीत लगभग आसान लग रही थी, जब डीएसजी ने पावरप्ले में 71/1 रन बनाकर सनराइजर्स के 158/5 के लक्ष्य का बड़ा हिस्सा हासिल कर लिया था। कप्तान एडेन मार्करम ने क्रम में ऊपर बल्लेबाजी करते हुए सेंट जॉर्ज पार्क में अपनी वापसी को यादगार बनाया।

पूर्व सनराइजर्स कप्तान ने सिर्फ 13 गेंदों में 25 रन (छह चौके) बनाकर 'ऑरेंज आर्मी' को शांत कर दिया, हालांकि बाद में उन्हें लॉन्ग-ऑफ बाउंड्री पर मार्को यानसन ने शानदार कैच में लपक लिया। उनके सलामी जोड़ीदार मार्केस एकरमैन ने लय बरकरार रखते हुए 26 गेंदों में 45 रन (6 चौके, 1 छक्का) बनाए, जिससे डीएसजी का स्कोर 80/2 हो गया और जीत के लिए सिर्फ 79 रन लगभग रन-ए-बॉल की दर से चाहिए थे। लेकिन जुझारू सनराइजर्स ने शानदार वापसी की। बाएं हाथ के स्पिनर सेनुरन मुथुसामी (2/20) के उम्दा स्पेल और नॉर्टजे व यानसन की तेज गें. दबाजी ने डीएसजी के मजबूत मिडिल ऑर्डर को झकझोर दिया। सुनील नरेन, हेनरिक क्लासेन, जोस बटलर, डेविड बेडिंघम और लियम लिविंगस्टन गैर-जरूरी शॉट खेलते हुए आउट हो गए, जिससे 17-2 ओवर में डीएसजी का स्कोर 137/7 हो गया और स्थिति नाजुक हो गई।

इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाज जेराल्ड कोएट्जी ने 6 गेंदों में 13 रन (1 चौका, 1 छक्का) बनाते हुए पेनल्टीमेट ओवर में अहम चौका लगाया और लक्ष्य को फिर से करीब ला दिया। हालांकि वे भी एडम मिल्ने की गेंद पर आउट हो गए, जिससे आखिरी ओवर बेहद तनावपूर्ण बन गया।

# मेरठ 1857 योद्धाज यूपीकेएल सीजन-3 में उतरेंगे

**नोएडा, वार्ता।** एड्डॉइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी ने उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग (यूपीकेएल) में एक नई फेंचाइजी के अधिग्रहण की घोषणा की है।

नई टीम का नाम मेरठ 1857 यो(दा रखा गया है, जो लीग के तीसरे संस्करण में प्रतिस्पर्धा करती नजर आएगी। इस अवसर पर आयोजित समारोह में एड्डॉइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी के संस्थापक और सीईओ गजेंद्र शर्मा, श्रीमती अनीता शर्मा तथा एड्डॉइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी की सीओओ सुश्री ऐश्वर्या भार्गव सहित यूपीकेएल सीजन 2 फिनाले के दौरान कई प्रमुख गणमान्य अतिथि और हितधारक मौजूदगी में टीम के लोगो का अनावरण हुआ। लोगो में मौजूद ढाल रक्षात्मक मजबूती और एकजुटता का प्रतीक है, जो एक मजबूत कबड्डी टीम की आधारशिला है, जबकि क्रॉस किए गए हथियार आक्रमण, रणनीति और रेड व डिफेंस के बीच संतुलन को दर्शाते हैं। केंद्र में स्थित ज्वाला निरंतर ऊर्जा, जुनून और अंतिम सीटी तक लड़ने की अदम्य इच्छाशक्ति का प्रतीक है। ए सभी तत्व मिलकर उत्तर प्रदेश की समृ( सांस्कृतिक विरासत में रची-बसी, निडर और तेज रफ्तार कबड्डी की भावना को दर्शाते हैं। मेरठ 1857 योद्धाज फ्रेंचाइजी की नींव मेरठ के ऐतिहा. सिक 1857 के विद्रोह की प्रेरणा से रखी गई है। मेरठ केवल एक शहर नहीं, बल्कि साहस, नेतृत्व और प्रतिरोध का प्रतीक है। वीरता और संघर्ष की यही विरासत टीम की मूल पहचान है, जिसे आधुनिक, हाई- इंटेंसिटी कबड्डी के माध्यम से मैट पर उतारने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर बोलते हुए, एड्डॉइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी तथा मेरठ 1857 योद्धाज के मालिक ने कहा कि मेरठ का भारत के इतिहास में विशेष स्थान है।

# एडिलेड इंटरनेशनल के पहले राउंड में हारीं एलेक्जेंड्रोवा

**कैनबरा, वार्ता।** विश्व की 11 नंबर टेनिस खिलाड़ी रूस की एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा सोमवार को जैकलिन क्रिस्टियन से हार के बाद एडिलेड इंटरनेशनल के पहले राउंड में बाहर हो गईं, जबकि 14वें नंबर की क्लारा टौसन ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले चोट के कारण अपने मैच से रिटायर हो गईं। चौथी सीड एलेक्जेंड्रोवा को रोमानिया की जैकलिन क्रिस्टियन ने एक घंटे 50 मिनट में 6-4, 6-4 से हराया। रोमानिया की क्रिस्टियन ने पूरे मैच के दौरान रूस की एलेक्जेंड्रोवा की सर्विस पांच बार तोड़ी। मैच के बाद कोर्ट पर क्रिस्टियन कहा कि मैं अपने लेवल से बहुत खुश हूं। मुझे खुद पर पूरा भरोसा था, मैं लय में थी, इसलिए मैं यहां आई और खुद पर ध्यान केंद्रित किया। क्रिस्टियन, जो क्वालीफाइंग टूर्नामेंट जीतकर एडिलेड में मुख्य एकल ड्रॉ में पहुंची हैं, दूसरे राउंड में उनका मुकाबला मारिया सक्कारी या डारिया कसात्किना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। इससे पहले, टौसन ने ऑस्ट्रेलिया की अजला टोमलजानोविक के खिलाफ पहले राउंड के मैच से पहले सेट टाईब्रेक में हारने के तुरंत बाद नाम वापस ले लिया। टौसन, जिन्होंने बाएं पैर पर पट्टी बांधकर मैच खेला था, मैच से रिटायर होने से पहले सेट के बीच ब्रेक में मेडिकल ट्रीटमेंट लिया।

# श्रीलंका ने पाकिस्तान को 14 रनों से हराया



**बारिश के कारण 12-12 ओवर के हुए मैच में श्रीलंका ने पाकिस्तान को हराकर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली**

**श्रीलंका, वार्ता।** बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन के बाद वानिंदु हसरंगा (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने वर्षा प्रभावित तीसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 14 रनों से शिकस्त देकर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। बारिश के कारण रविवार को इस मैच को 12-12 ओवर का कर दिया गया। इस मैच में श्रीलंका ने वानिंदु हसरंगा की 4-35 की शानदार गेंदबाजी की बदौलत 160 रन का अपना स्कोर सफलतापूर्वक बचा लिया। बारिश के कारण मैच दो घंटे से अधिक देरी से शुरू हुआ, जिसके बाद पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका की पारी की कामिल मिशारा ने शानदार शुरुआत की, तीन चौके और एक छक्का लगाया, लेकिन दूसरे ओवर में वह आउट हो गए। तब तक पथुम निसांका दो गेंदों पर बिना खाता खोले पवेलियन लौट चुके थे। कुसल मेंडिस (30), धनंजय डी सिल्वा (22) और चरित असलंका (21) सभी ने अच्छी शुरुआत की और आउट होने से पहले 20 रन का आंकड़ा पार किया। सबसे अहम साझेदारी, 52 रन की और केवल 15 गेंदों में, दासुन शनाका और जनिथ लियानागे के बीच हुई। कप्तान दासुन शनाका ने नौ गेंदों में 36 रनों की पारी में पांच छक्के लगाए। लियानागे ने आखिरी गेंद पर चौका लगाया, जिससे श्रीलंका ने 160/6 के मजबूत स्कोर पर पारी खत्म की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी हुई, हालांकि उन्होंने शाहिबजादा फरहान को जल्दी खो दिया। नंबर 3 पर आए कप्तान सलमान आगा ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और पाकिस्तान ने दूसरे और तीसरे दोनों ओवर में 22 रन बनाए। श्रीलंका ने तब मोमेंटम हासिल किया जब मथीशा पथिराना ने चौथे ओवर में सलमान आगा को फाइन-लेग पर स्कूप शॉट खेलने के प्रयास में कैच आउट करवाया। फिर, हसरंगा ने अगले ओवर में दो विकेट लिए। ख्वाजा नफे और मोहम्मद नवाज ने फिर 49 रन की साझेदारी करके पाकिस्तान की उम्मीदों को जिंदा रखा। लेकिन पारी जल्दी ही बिखर गई क्योंकि हसरंगा ने 10वें ओवर में वापस आकर दो और विकेट लिए, जिसमें उन्होंने नफे और शादाब खान दोनों को आउट किया। आखिरी ओवर में 20 रन चाहिए थे और इसकी शुरुआत फहीम अशरफ के रन-आउट होने से हुई, जो एक तेज एक रन लेने की कोशिश कर रहे थे। एहसान मलिंगा के वाइड यॉर्कर फेंकने की कोशिश में चार वाइड फेंकने के बावजूद पाकिस्तान लक्ष्य के करीब नहीं पहुंच पाया और 14 रन से पीछे रह गया।

संक्षिप्त स्कोर: श्रीलंका 160/6 12 ओवर में (दासुन शनाका 34( मोहम्मद वसीम जूनियर 3-54) ने पाकिस्तान 146/8 12 ओवर में (सलमान आगा 45(

# भारतीय अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड को दिया 296 रनों का लक्ष्य

**बुलावायो, वार्ता।** अभिज्ञान कुंडु (82), कप्तान आयुष म्हात्रे (49), अम्ब्रिश (48) और कनिष्क चौहान (नाबाद 45) की जुझारू पारियों के दम पर भारत ने सोमवार को अंडर-19 विश्व कप अभ्यास मुकाबले में इंग्लैंड को जीत के लिए 296 रनों का लक्ष्य दिया। यहां भारतीय अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 295 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और तीसरे ही ओवर में धाकड़ बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (एक) का विकेट गंवा दिया। इसे बाद वेदांत त्रिवेदी (14), विहान मल्होत्रा (10) रन बनाकर आउट हुए। आयुष म्हात्रे ने 40 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 49 रनों की पारी खेली। एक समय भारत ने 79 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिये थे। ऐसे संकट के समय अभिज्ञान कुंडु और अम्ब्रिश ने बेहतरीन बल्लेबाजी प्रदर्शन करते हुए पांचवें विकेट के लिए 97 रन जोड़े। 33वें ओवर में जेम्स मिंटो ने अम्ब्रिश को आउट किया। अम्ब्रिश ने 61 गेंदों में चार चौके लगाते हुए 48 रन बनाये। हरवंश पंगालिया (19) और कुंडु भी मिंटो का शिकार बने। कुंडु ने 99 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 88 रनों की पारी खेली।

शाह टाइम्स
सम्पादकीय
मंगलवार, 13 जनवरी 2026

# चुनाव आयोग को नोटिस

मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का मामला अब सुप्रीम कोर्ट की दहलीज तक भी पहुंच गया है। इसमें 2023 के कानून को लेकर विपक्ष का विरोध है। संसद से पारित संशोधन में यह प्रावधान जोड़ा गया था कि अगर चुनाव कराते समय या उससे जुड़े किसी फैसले में कोई गलती या विवाद होता है, तो मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों पर निजी तौर पर केस नहीं किया जा सकता और यह सुरक्षा उनके पूरे जीवन तक लागू रहेगी। भले ही वह पद पर न हों। इसी प्रावधान को चुनौती देते हुए कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की, सोमवार को इसकी सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। असल में विपक्षी दलों का सीधे यह आरोप रहा है कि चुनाव आयोग निरंकुश होकर कार्य कर रहा है। विशेषकर तब से जब से उसे सरकार ने संसद द्वारा पारित एक कानून में संशोधन के माध्यम से जबरदस्त संरक्षण दिया है। स्वाभाविक रूप से यह बात देखने में भी आ रही है कि जिस तरह मनमानी के आरोप आज चुनाव आयोग पर लग रहे हैं, इस तरह के आरोप कभी देखने में नहीं आए। वैसे होना तो यह चाहिए कि इसका विरोध 2023 में तभी होता, जब सरकार ने ऐसी व्यवस्था की थी जिससे वही व्यक्ति चुनाव आयोग को पहुंचेगा जिसको वह चाहेगी। यहां ध्यान देने वाली बात यह भी है कि सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐसी व्यवस्था का सुझाव दिया था जो मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पारदर्शी बनाए। इसके लिए जो समिति बने उसमें सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी शामिल हों। इसके उलट सरकार ने 2023 में एक ऐसी समिति बनाई जो अपने ही आप में हास्यास्पद है। तीन सदस्यीय समिति में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक कैबिनेट मंत्री होगा और एक विपक्षी दल का नेता। कोई भी समझ सकता है कि ऐसी स्थिति में 2-1 के अंतर से चुनाव आयोग में उसी की नियुक्ति होगी, जिसको सरकार चाहेगी और उस पर तुर्रा यह कि उसको इतने अधिकार दे दिए, जितने अधिकार प्रधानमंत्री को भी नहीं हैं। चुनाव आयोग की जवाबदेही किसी के भी प्रति नहीं रह गई है। वह देश के कानून से ऊपर हो गया है। उस पर किसी तरह का कोई मुकदमा नहीं चल सकता, भले ही वह कितनी गलतियां करे। जाहिर है, यह किसी भी लोकतंत्र के लिए अच्छी स्थिति नहीं है। लोकतंत्र जनता की इच्छाओं पर चलता है और वहां हर पद जनता के प्रति जवाबदेह होता है। होना भी चाहिए, अगर मनमाने तरीके से किसी को असीमित अधिकार दिए जाएंगे तो उसका ऐसा ही नतीजा देखने में आएगा जैसा आ रहा है। तमाम विपक्षी दल चुनाव आयोग पर सीधे भेदभावपूर्ण रवैये का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग किसी की नहीं सुन रहा है और न किसी की चिंता दूर कर रहा है।

## सड़क व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन



सड़क हादसों में होने वाली जानहानि अत्यंत दुखद है और लापरवाही व नियमों की अनदेखी के कारण हर वर्ष हजारों लोग असमय अपनी जान गंवा देते हैं, जिससे अनेक परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट जाता है, 31 जनवरी तक उप्र में सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है, अभियान नागरिकों के सुरक्षित भविष्य और परिवारों की रक्षा के संकल्प के साथ चलाया जा रहा है, इसका मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों और पैदल यात्रियों के सड़क व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना है, ताकि दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या को शून्य स्तर तक लाया जा सके, 20 दुर्घटना संवेदनशील जनपदों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है, प्रदेश की सड़कें सभी के लिए सुरक्षित हों, इसके लिए पुलिस नियमों को सख्ती से लागू करेगी, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न केवल स्वयं, बल्कि दूसरों के लिए भी घातक हो सकता है। **योगी आदित्यनाथ, सीएम उप्र**

# रेवड़ी, गुड़ और गीतों के बीच भाईचारे का पर्व है लोहड़ी



योगेश कुमार गोयल



**दुल्ला भट्टी अमीरों का धन लूटकर निर्धनों में बांट दिया करता था। कहा जाता है कि गंजीबार क्षेत्र, जो इस समय पाकिस्तान में है, में एक ब्राह्मण रहता था, जिसकी सुन्दरी नामक एक बहुत खूबसूरत बेटी थी, जो इतनी खूबसूरत थी कि उसके सौन्दर्य की चर्चा गली-गली में होने लगी थी। जब उसके बारे में गंजीबार के राजा को पता चला तो उसने ठान लिया कि वह सुन्दरी को अपने हरम की शोभा बनाएगा।**

उत्तर भारत में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है लोहड़ी। यह ऐसा त्यौहार है, जो आधुनिक युग के व्यस्तता भरे माहौल में सुकून भरे कुछ पल लेकर आता है और लोग सारी व्यस्तताएं भूलकर भरपूर जोश और उल्लास के साथ इस पर्व का भरपूर आनंद लेते हैं। पंजाब तथा जम्मू कश्मीर में तो लोहड़ी पर्व मकर संक्रांति के रूप में ही मनाया जाता है। सिंधी समाज में भी मकर संक्रांति से एक दिन पहले लोहड़ी के रूप में 'लाल लाही' नामक पर्व मनाया जाता है। लोहड़ी को लेकर कुछ लोककथाएं भी प्रचलित हैं। मान्यता है कि कंस ने इसी दिन लोहिता नामक एक राक्षसी को कृष्ण का वध करने के लिए भेजा था, जिसे कृष्ण ने खेल-खेल में ही मार डाला था और उसी घटना की स्मृति में यह पर्व मनाया जाने लगा। लोहड़ी पर अग्नि प्रज्जवलित करने के संबंध में एक लोककथा यह भी है कि दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के योगाग्नि दहन की स्मृति में ही इस दिन अग्नि प्रज्जवलित की जाती है। लोहड़ी को लेकर सर्वाधिक प्रचलित कथा दुल्ला भट्टी नामक डाकू से संबंधित रही है, जिसे 'पंजाबी रॉबिनहुड' का दर्जा प्राप्त है। जिस प्रकार होली जलाई जाती है, ठीक उसी प्रकार लकडिघ्यां एकत्रित कर लोहड़ी के अवसर पर अलाव जलाए जाते हैं और अग्नि का तिलों से पूजन किया जाता है। जिस दिन यह पर्व मनाया जाता है, उस दिन कड़ाके की ठंड होती है और उत्तर भारत में अधिकांश जगहों पर घने कोहरे के बीच तापमान प्राय: शून्य से पांच डिग्री के बीच होता है लेकिन इतनी ठंड के बावजूद इस पर्व के प्रति लोगों का उत्साह देखते बनता है। लोहड़ी के पावन अवसर पर लोग घरों के बाहर अलाव जलाकर यह पर्व धूमधाम से मनाते हैं। इस पर्व का संबंध उस उत्सव से भी माना गया है, जिसमें सर्दी को अलविदा कहते हुए सूर्यदेव का आव्हान करते हुए कहा जाता है कि वह इस माह अपनी किरणों से पृथ्वी को इतना गर्म कर दे कि ठंड से किसी को कोई नुकसान न पहुंचे और लोग आसानी से सर्दी के मौसम का मुकाबला कर सकें। माना जाता है कि इसी दिन से सर्दी कम होने लगती है। लोग अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर ठंड से बचाव करने के साथ-साथ अग्नि की पूजा भी करते हैं ताकि उनके घर में अग्निदेव की कृपा से सुख-समृद्धि का साम्राज्य स्थापित हो सके। हरियाणा व पंजाब में जिस घर में नई शादी हुई हो अथवा संतान (लड़के) का जन्म हुआ हो या शादी की पहली वर्षगांठ का मौका हो, ऐसे परिवारों में लोहड़ी का विशेष महत्व होता है। इन परिवारों में लोहड़ी के अवसर पर उत्सव जैसा माहौल होता है। आसपास के लोगों के अलावा रिश्तेदार भी इस उत्सव में सम्मिलित होते हैं। घर में अथवा घर के बाहर खुले स्थान पर अग्नि जलाकर लोग उसके इर्द-गिर्द इकठे होकर आग सेंकते हुए अग्नि में मूंगफली, गुड़, तिल, रेवड़ी, मक्का के भुने हुए दानों इत्यादि की आहूति देते हैं और रातभर भंगड़ा, गिद्धा करते हुए मनोरंजन करते हैं तथा बधाई देते हैं। लोहड़ी का संबंध सुन्दरी नामक एक ब्राह्मण कन्या और दुल्ला भट्टी नामक कुख्यात डाकू से जोड़कर देखा जाता रहा है। दुल्ला भट्टी अमीरों का धन लूटकर निर्धनों में बांट दिया करता था। कहा जाता है कि गंजीबार क्षेत्र, जो इस समय पाकिस्तान में है, में एक ब्राह्मण रहता था, जिसकी सुन्दरी नामक एक बहुत खूबसूरत बेटी थी, जो इतनी खूबसूरत थी कि उसके सौन्दर्य की चर्चा गली-गली में होने लगी थी। जब उसके बारे में गंजीबार के राजा को पता चला तो उसने ठान लिया कि वह सुन्दरी को अपने हरम की शोभा बनाएगा। तब उसने सुन्दरी के पिता को संदेश भेजा कि वह अपनी बेटी को उसके हरम में भेज दे। इसके लिए ब्राह्मण को तरह-तरह के प्रलोभन भी दिए मगर ब्राह्मण अपनी बेटी को राजा की रखैल नहीं बनाना जाता था। उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या करे? जब उसे कुछ नहीं सूझा तो उसे जंगल में रहने वाले कुख्यात डाकू दुल्ला भट्टी का ख्याल आया, जो गरीबों व शोषितों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहता था। घबराया ब्राह्मण अपनी बेटी सुन्दरी को लेकर उसी रात उसके पास पहुंचा और विस्तार से सारी बात बताई। दुल्ला भट्टी ने ब्राह्मण की व्यथा सुन उसे सांत्वना दी और रात को ही एक योग्य ब्राह्मण लड़के की तलाश कर सुन्दरी को अपनी ही बेटी मानकर उसका कन्यादान अपने हाथों से करते हुए उस युवक के साथ सुन्दरी का विवाह कर दिया। गंजीबार के राजा को इसकी जानकारी मिली तो वह बौखला उठा। उसके आद. ेश पर उसकी सेना ने दुल्ला भट्टी के ठिकाने पर धावा बोल दिया किन्तु दुल्ला भट्टी और उसके साथियों ने राजा को बुरी तरह धूल चटा दी। दुल्ला भट्टी के हाथों गंजीबार के शासक की हार होने की खुशी में गंजीबार में लोगों ने अलाव जलाए और दुल्ला भट्टी की प्रशंसा में गीत गाकर भंगड़ा डाला। कहा जाता है कि तभी से लोहड़ी के अवसर पर गाए जाने वाले गीतों में सुन्दरी व दुल्ला भट्टी को विशेष तौर पर याद किया जाने लगा। लोहड़ी से पहले ही बच्चे इकट्ठे होकर लोहड़ी के गीत गाते हुए घर-घर जाकर लोहड़ी मांगने लगते हैं। इस दिन उत्सव के लिए लकड़ियां व उपले एकत्र करने के लिए भी बच्चे कई दिन पहले ही जुट जाते हैं। वैसे समय बीतने के साथ-साथ अब घर-घर से लकड़ियां मांगकर लाने की परम्परा समाप्त होती जा रही है। बहुत से स्थानों पर लोग अब लकड़ियां व उपले बच्चों के जरिए मांग-मांगकर एकत्र कराने के बजाय खरीदने लगे हैं। लोहड़ी के दिन सुबह से ही रात के उत्सव की तैयारियां आरंभ हो जाती हैं और रात के समय लोग अपने-अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर उसकी परिक्रमा करते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी, चिड़वा, पॉपकॉर्न इत्यादि डालते हैं और माथा टेकते हैं। उसके बाद अलाव के चारों ओर बैठकर आग सेंकते हैं। तब शुरू होता है गिद्दा और भंगड़ा का मनोहारी कार्यक्रम, जो रात्रि में देर तक चलता है और कहीं-कहीं तो पूरी-पूरी रात भी चलता है। अगले दिन प्रात: अलाव ठंडा होने पर मौहल्ले के सभी लोग इसकी राख को 'ईश्वर का उपहार' मानते हुए अपने-अपने घर ले जाते हैं। यह पर्व सही मायने में समाज में प्रेम व भाईचारे की अनूठी मिसाल कायम करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अपने साइज से दोगुना हो सकती है व्हेल

**वैज्ञानिक भी इन मुश्किलों के सामने हाथ-पर-हाथ धरे बैठे नहीं रहते, वे हल खोजते रहते हैं। अब, उन्होंने व्हेल की उम्र की गणना का एक बेहतर तरीका खोजा है जो साइंस एडवांसेस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। यूनिवर्सिटी ऑफ अलास्का फेयरबैंक के इकॉलॉजिस्ट ग्रेग ब्रीड और उनके साथियों ने मृत व्हेल के नमूनों की बजाय राइट व्हेल की दो प्रजातियों-उत्तरी अटलांटिक राइट व्हेल Eubalaena glacialis और दक्षिणी राइट व्हेल Eubalaena australis पर अध्ययन किया, जिनका अंधाधुंध शिकार किया गया है। उन्होंने इन दो व्हेल प्रजातियों की 1970 से अब तक की तस्वीरों को खंगाला और उनका बारीकी से अवलोकन किया।**

यह तो जानी-मानी बात है कि व्हेल दीर्घायु स्तनधारी हैं। कई प्रजातियां तो 100 वर्ष से अधिक भी जी सकती हैं। व्हेल की उम्र का अंदाजा लगाने के लिए वैज्ञानिक कई तरीके अपनाते हैंय जैसे उनके कान के मैल की परतें गिनना जो पेड़ के छल्लों की तरह साल दर साल जमा होती हैं, या आंखों के प्रोटीन में एक निश्चित दर से होने वाले रासायनिक परिवर्तन को नापना, या उनके त्वचा के नीचे की वसा में शिकारी भालों के निशान गिनकर। इन तकनीकों से विश्लेषण के लिए अक्सर तुरंत मृत व्हेलों के नमूने चाहिए होते हैं, जो मिलना मुश्किल है। फिर, शिकारी गतिविधियों के चलते वृद्ध व्हेल भी मिलना मुश्किल है क्योंकि अब अधिकांश युवा व्हेल ही जीवित बची हैं। इसी कारण व्हेल की सटीक आयु बता पाना मुश्किल हो जाता है। लेकिन वैज्ञानिक भी इन मुश्किलों के सामने हाथ-पर-हाथ धरे बैठे नहीं रहते, वे हल खोजते रहते हैं। अब, उन्होंने व्हेल की उम्र की गणना का एक बेहतर तरीका खोजा है जो साइंस एडवांसेस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। यूनिवर्सिटी ऑफ अलास्का फेयरबैंक के इकॉलॉजिस्ट ग्रेग ब्रीड और उनके साथियों ने मृत व्हेल के नमूनों की बजाय राइट व्हेल की दो प्रजातियों-उत्तरी अटलांटिक राइट व्हेल Eubalaena glacialis और दक्षिणी राइट व्हेल Eubalaena australis पर अध्ययन किया, जिनका अंधाधुंध शिकार किया गया है। उन्होंने इन दो व्हेल प्रजातियों की 1970 से अब तक की तस्वीरों को खंगाला और उनका बारीकी से अवलोकन किया। इसकी मदद से शोधकर्ता प्रत्येक व्हेल को पहचान सकते थे और यह बता सकते थे कि कौन सी व्हेल कब संभवत: मृत्यु के कारण आबादी से गायब हो गई। व्हेल के गायब होने के समय के आंकड़ों को उन्होंने विभिन्न सांख्यिकीय मॉडल्स में डाला जो यह बता सकते थे कि कितने प्रतिशत आबादी किस-किस उम्र तक जीवित रहेगी। सबसे उपयुक्त परिणाम उस मॉडल से मिले जो बीमा कंपनियां मनुष्यों की मृत्यु दर का पूर्वानुमान लगाने और उसके अनुसार प्रीमियम दरें तय करने के लिए करती हैं। परिणाम के अनुसार दक्षिणी राइट व्हेल का औसत जीवनकाल लगभग 73 साल है, लेकिन 10 प्रतिशत 132 साल से भी



अधिक आयु तक जीवित रह सकती हैं। जबकि, पूर्व अध्ययनों का कहना था कि इस व्हेल का जीवनकाल अधि. कतम 70 से 80 साल है। उत्तरी अटलांटिक राइट व्हेल के बारे में मॉडल का विश्लेषण है कि इनका औसत जीवनकाल करीब 22 वर्ष है लेकिन 10 प्रतिशत 47 वर्ष से अधिक आयु तक जी सकती हैं। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि काफी सारी व्हेल कुदरती रूप से नहीं बल्कि जहाजों से टकराकर और मत्स्याखेट उपकरणों में उलझकर मरती हैं। साथ ही, पूर्व में हुए अंधाधुंध शिकार से यह उबर नहीं पाई हैं और विलुप्ति की कगार पर हैं। इनके अधिक असुरक्षित होने का एक कारण यह भी है कि वे मानव आबादी वाले तटीय क्षेत्रों में रहती हैं। हालांकि दीर्घायु के मामले में बोहेड व्हेल (Balaena mysticetus) अब भी आगे हैं, वे 200 साल से अधिक जीवित रहती हैं। वैज्ञानिकों का मानना था कि बोहेड व्हेल इतने लंबे समय तक इसलिए जीवित रहती हैं क्योंकि वे सुस्त होती हैं-वे धीरे-धीरे तैरती हैं, धीरे-धीरे परिपक्व होती हैं और उनका चयापचय धीमा होता है, लेकिन राइट व्हेल तुलनात्मक रूप से फुर्तीली होती हैं, इनकी चयापचय गति अन्य स्तनधारियों की तरह ही होती है, इसलिए यहां एक सवाल उभरता है कि वे इतना लंबा कैसे जीवित रहती हैं? बहरहाल, व्हेल की नैसर्गिक उम्र चाहे जितनी लंबी रहे लेकिन जब तक उन पर शिकार और मानव गतिविधियों का खतरा मंडराता रहेगा उनका चिरंजीवी होना मुश्किल है।

**-स्रोत फीचर्स**

# कंट्रोल से बाहर हो रही भारत में महंगाई



भारत में महंगाई एक जटिल और बहुआयामी मुद्दा है, जो समय-समय पर देश की आर्थिक स्थिति, सरकारी नीतियों, वैश्विक बाजार की परिस्थितियों और अन्य कई कारकों से प्रभावित होता है। महंगाई का सीधा प्रभाव आम जनता के जीवन स्तर पर पड़ता है, क्योंकि यह उनकी क्रय शक्ति को प्रभावित करती है। इस लेख में, हम महंगाई के विभिन्न पहलुओं, उसके कारणों, प्रभावों और संभावित समाधानों पर विस्तृत चर्चा करेंगे। महंगाई को सामान्यत: वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में निरंतर वृद्धि के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिससे मुद्रा की क्रय शक्ति में कमी आती है।

भारत में महंगाई को मापने के लिए मुख्यत: दो सूचकांकों का उपयोग किया जाता है- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक CPI और थोक मूल्य सूचकांक WPI, CPI उपभोक्ताओं द्वारा खरीदी जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में परिवर्तन को मापता है, जबकि ॅच्प थोक स्तर पर वस्तुओं की कीमतों में परिवर्तन को दर्शाता है। महंगाई के कई प्रमुख कारण हैं। पहला, मांग और आपूर्ति में असंतुलन। जब किसी वस्तु या सेवा की मांग उसकी आपूर्ति से अधिक हो जाती है, तो उसकी कीमत बढ़ जाती है। दूसरा, उत्पादन लागत में वृद्धि, जैसे कच्चे माल, श्रम या ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि, जो अंतिम उत्पाद की कीमत को बढ़ाती है। तीसरा, मुद्रा स्फीति, जब बाजार में मुद्रा की आपूर्ति बढ़ जाती है, तो वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ सकती हैं। चौथा, वैश्विक कारक, जैसे अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में वृद्धि, जो आयातित वस्तुओं की कीमतों को प्रभावित करती है। महंगाई का समाज पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। सबसे पहले, यह गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों की जीवन गुणवत्ता को प्रभावित करती है, क्योंकि उनकी आय का बड़ा हिस्सा आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च होता है। महंगाई के कारण उनकी बचत कम हो जाती है और जीवन स्तर में गिरावट आती है। दूसरा, महंगाई से आर्थिक अस्थिरता बढ़ती है, जिससे निवेश और विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। तीसरा, उच्च महंगाई दर से ब्याज दरों में वृद्धि हो सकती है, जिससे ऋण लेना महंगा हो जाता है और व्यवसायों की विस्तार योजनाएं प्रभावित होती हैं।

महंगाई को नियंत्रित करने के लिए सरकार और केंद्रीय बैंक विभिन्न नीतियों का सहारा लेते हैं। मौद्रिक नीति के तहत, केंद्रीय बैंक ब्याज दरों को समायोजित करके मुद्रा की आपूर्ति को नियंत्रित करता है। उच्च ब्याज दरें उधारी को महंगा बनाती हैं, जिससे खर्च में कमी आती है और महंगाई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। वित्तीय नीति के माध्यम से, सरकार अपने खर्च और कर नीतियों को समायोजित करके मांग को नियंत्रित करती है। इसके अलावा, आपूर्ति श्रृंखला में सुधार, उत्पादन लागत में कमी, और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करके भी महंगाई को नियंत्रित किया जा सकता है। हालांकि, महंगाई को पूरी तरह से समाप्त करना संभव नहीं है, लेकिन इसे एक नियंत्रित स्तर पर रखना आवश्यक है ताकि आर्थिक विकास और स्थिरता बनी रहे। इसके लिए सरकार, केंद्रीय बैंक, उद्योग और आम जनता के बीच समन्वय और सहयोग आवश्यक है। महंगाई के प्रति जागरूकता और समझ बढ़ाकर, हम इसके प्रभावों को कम कर सकते हैं और एक स्थिर और समृद्ध समाज की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं। वर्ष 2025 में भारतीय सरकार ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए, जिनका उद्देश्य आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना और आम जनता को महंगाई के प्रभाव से बचाना था। इन उपायों में मौद्रिक नीति समायोजन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, और वित्तीय सुधार शामिल हैं।

**मौद्रिक नीति समायोजन**

दिसंबर 2024 में, भारतीय रिजर्व बैंक RBI ने प्रमुख नीतिगत दर, रेपो दर, को 6.50% पर स्थिर रखा। इसके साथ ही, RBI ने नकद आरक्षित अनुपात CRR में 50 आधार अंकों की कटौती करते हुए इसे 4 प्रतिशत किया, जिससे बैंकिंग प्रणाली में 1.16 लाख करोड़ रुपए की तरलता प्रवाहित हुई। इस कदम का उद्देश्य आर्थिक विकास को समर्थन देना था, क्योंकि वित्त वर्ष 2025 के लिए विकास दर के पूर्वानुमान कमजोर हो रहे थे। नवंबर 2024 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.48 प्रतिशत तक कम हो गई, जो मुख्यत: सब्जियों की कीमतों में आपूर्ति सुधार के कारण था। आर्थिक विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया कि यदि खाद्य कीमतों में यह गिरावट जारी रही, तो दिसंबर में मुद्रास्फीति 5 प्रतिशत से नीचे आ सकती है, जिससे RBI फरवरी 2025 में नीतिगत दरों में कटौती पर विचार कर सकता है।

**आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन**

सरकार ने कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने और आपूर्ति श्रृंखला में सुधार के लिए कई कदम उठाए। सामान्य से अधिक वर्षा और जलाशयों के उच्च स्तर ने कृषि क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन में योगदान दिया। खरीफ फसलों की अच्छी बुआई और त्योहारी सीजन में उपभोक्ता खर्च में वृद्धि ने निजी खपत को प्रोत्साहित किया। इसके अलावा, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अनाज के पर्याप्त बफर स्टॉक उपलब्ध कराए गए।

**वित्तीय सुधार और निवेश प्रोत्साहन**

सरकार ने बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाने, बैंकिंग प्रणाली में सुधार, और निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए नीतिगत उपाय किए। बैंकों और कॉरपोरेट्स के मजबूत बैलेंस शीट, उच्च क्षमता उपयोग, और गैर-खाद्य बैंक ऋण में वृद्धि ने निवेश संभावनाओं को मजबूत किया। इसके परिणामस्वरूप, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वास्तविक GDP वृद्धि 6.7 प्रतिशत दर्ज की गई।

**भविष्य की चुनौतियां और रणनीतियां**

हालांकि मुद्रास्फीति में कमी आई है, लेकिन वैश्विक भू-राजनीतिक जोखिम, वित्तीय बाजार में अस्थिरता, प्रतिकूल मौसम की घटनाएं, और वैश्विक खाद्य एवं धातु की कीमतों में वृद्धि जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इन जोखिमों को ध्यान में रखते हुए, RBI और सरकार ने मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप बनाए रखने और आर्थिक विकास को समर्थन देने के लिए सतर्क रुख अपनाया है। सारांशत:, वर्ष 2025 में भारतीय सरकार और त्ठप् ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए समन्वित प्रयास किए, जिनमें मौद्रिक नीति समायोजन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, और वित्तीय सुधार शामिल थे। इन उपायों ने आर्थिक स्थिरता को बनाए रखने और आम जनता को महंगाई के दुष्प्रभावों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। **...साभार प्रभ**

# बागपत के अधिवक्ताओं ने शाहनवाज़ राना को दिया जीत का भरोसा

## यूपी बार काउंसिल सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज़ पहुंचे बागपत कलक्ट्रेट, हिना गार्डन में आयोजित हुई अधिवक्ताओं संग मीटिंग





■ यूपी बार काउंसिल के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शाहनवाज़ राना उ.प्र. बार काउंसिल चुनाव में दूसरी बार चुनावी मैदान में है जिनका क्रमांक संख्या 266 है इससे पहले भी श्री राना 7 मई 2006 में अपने पहले चुनाव में सदस्य पद का चुनाव जीतकर सबसे कम आयु में उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे, जो अपने आप में अभी तक उ.प्र. बार काउंसिल में इतिहास है









## अधिवक्ताओं ने दिल खोलकर किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बागपत।** यूपी बार काउंसिल चुनाव की सरगर्मिया अब तेज हो चली है चुनाव का प्रथम चरण 16-17 जनवरी से शुरू हो रहा है। इसी क्रम में सोमवार को यूपी बार काउंसिल सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज़ राना बागपत पहुंचे जहां सबसे पहले वे कलक्ट्रेट अधिवक्ताओं से मिले और अपने लिए प्रथम वरयीता का मत एवं समर्थन मांगा उसके बाद मेरठ रोड स्थित हिना गार्डन में अधिवक्ताओं के संग एक महत्वपूर्ण मीटिंग की जिसमें सभी अधिवक्ताओं ने श्री राना को प्रथम वरयीता का मत देने का आश्वासन दिया। मीटिंग में सैकड़ो अधिवक्तओं ने उपस्थित होकर उनका तहे दिल से स्वागत किया।

मुख्य रूप से सुभाष तोमर एडवोकेट जिला बार अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष रामकुमार तोमर, महामंत्री अजीत सिंह, पूर्व महामंत्री कपिल कुमार डेड़ा, एडवोकेट आरिफ बेग, एडवोकेट सलीम मलिक, एडवोकेट शौकीन मलिक, एडवोकेट मुन्ना खान, एडवोकेट सरफ़राज़ अहमद, एडवोकेट कल्याण सिंह, एडवोकेट कमल, एडवोकेट आज़ाद राजपूत, एडवोकेट साजिद राजपूत, एडवोकेट मोहसीन खान, एडवोकेट मुजम्मिल, एडवोकेट नरगिस सिद्दीकी, एडवोकेट राशिद, एडवोकेट तस्लीम, एडवोकेट इंतज़ार, एडवोकेट अशरफ, एडवोकेट जेनुलआबेदिन, एडवोकेट रामकुमार राठी, एडवोकेट सोदांत राठी, एडवोकेट मेहकार भाटी, एडवोकेट सारिक राणा, एडवोकेट सुमोद पवार, एडवोकेट विक्की शर्मा, एडवोकेट विक्रांत, एडवोकेट नफीस, एडवोकेट सेहनाज, एडवोकेट यासीन, एडवोकेट आसिफ अली, एडवोकेट अफरोज त्यागी, एडवोकेट नाजिम मलिक, एडवोकेट रविकांत भारद्वाज, एडवोकेट कपिल केडवा, एडवोकेट शरीफ, एडवोकेट इमरान अली, एडवोकेट मुबीन, एडवोकेट नईम अहमद, एडवोकेट मोहम्मद इसरार, एडवोकेट नईम राजपूत, एडवोकेट बाबर खान, एडवोकेट धर्मेंद्र काठा, एडवोकेट जयवीर तोमर पूर्व बार अध्यक्ष, एडवोकेट राशिद तस्लीम, एडवोकेट पवन, एडवोकेट उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेंद्र काठा ने किया।

## जैश के पास हजारों फिदायीन

■ मसूद अजहर का दावा: जैश सरगना वायरल आडियो क्लिप में बोला: जैश की ताकत सामने आई, तो शोर मच जाएगा, संसद हमले का मास्टरमाइंड है आतंकी अजहर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर के नाम से एक आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस आडियो में मसूद अजहर कथित तौर पर दावा करता है कि जैश के पास हमले करने के लिए हजारों आत्मघाती हमलावर तैयार हैं। हालांकि, इस आडियो की तारीख और इसकी सच्चाई की पुष्टि नहीं हो पाई है।

आडियो में मसूद अजहर यह कहते हुए सुनाई देता है कि उसके संगठन में सिर्फ एक-दो, सौ या हजार लोग नहीं हैं। वो दावा करता है कि अगर असली संख्या बता दी गई, तो शोर मच जाएगा। वो यह भी कहता है कि उसके लड़ाके किसी पैसे, वीजा या निजी फायदे के लिए नहीं लड़ते, बल्कि सिर्फ शहादत चाहते हैं। पाकिस्तानी आतंकी मसूद अजहर 2001 में भारत की संसद पर हुए हमले का मास्टरमाइंड है। इसके अलावा भी उसने भारत में कई आतंकी हमलों को अंजाम दिया है। मसूद 2016 में हुए पठानकोट हमले का भी मास्टरमाइंड है। इस मामले में दिल्ली पुलिस की चार्जशीट के मुताबिक, मसूद ने भारत पर हमलों के लिए जैश-ए-मोहम्मद के कैडर का इस्तेमाल किया था। उसने 2005 में अयोध्या में राम जन्मभूमि और 2019 में पुलवामा में सीआरपीएफ के जवानों पर भी हमला करवाया था।

## ट्रम्प ने खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति बताया

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर पोस्ट किया, जनवरी 2026 से पद संभालने का किया जिक्र



■ फिर दावा ग्रीनलैंड को किसी भी तरह हासिल करेंगे, ईरान मामले में 'कई बेहद कड़े विकल्पों' पर विचार जारी

**वॉशिंगटन/काराकस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक तस्वीर साझा की है जिसमें उन्होंने खुद को वेनेजुएला का 'कार्यवाहक राष्ट्रपति' भी बताया है।

साझा की गई तस्वीर एक विकिपीडिया पेज का डिजिटल रूप से संपादित स्क्रीनशॉट है। इसमें ट्रम्प को जनवरी 2026 से पदस्थ लिखा गया है। इसके अलावा इस तस्वीर में उन्हें अमेरिका के 45वें और 47वें राष्ट्रपति के रूप में भी दर्शाया गया है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिकी सेनाओं के अगवा किए जाने के बाद ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका फिलहाल वेनेजुएला का 'संचालन' तब तक करेगा, जब तक कि एक 'सुरक्षित, उचित और विवेकपूर्ण सत्ता समाधान' सुनिश्चित नहीं हो जाता। ट्रम्प ने जोर देकर कहा कि अमेरिका देश का नियंत्रण ऐसे किसी भी व्यक्ति के हाथ में जाने का जोखिम नहीं उठा सकता, जिसके मन में वेनेजुएला के लोगों के प्रति नेक इरादे न हों। अमेरिकी फौजें श्री मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को हिरासत में लेने के बाद विमान से न्यूयॉर्क लाई थीं। उन पर 'नार्को-टेररिज्म' (नशीले पदार्थों से जुड़े आतंकवाद) और इसकी साजिश रचने के औपचारिक आरोप लगाए गए हैं। इस चौंकाने वाले घटनाक्रम के बाद वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति और तेल मंत्री डेल्सी रोड्रिग्ज ने पिछले सप्ताह देश की अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। ट्रम्प यह भी कह चुके हैं कि वेनेजुएला के अंतरिम अधिकारी अमेरिका को तीन से पांच करोड़ बैरल 'उच्च गुणवत्ता वाला तेल' सौंपेंगे। उन्होंने बताया कि इस तेल को बाजार मूल्य पर बेचा जाएगा। ट्रम्प का मानना है कि यह कदम वेनेजुएला के संसाधनों के प्रबंधन में पारदर्शिता और स्थिरता सुनिश्चित करेगा। ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया कि अमेरिका डेनमार्क के अधीन ग्रीनलैंड को 'किसी न किसी तरीके से' हासिल करके ही रहेगा। ट्रम्प ने अपने आधिकारिक विमान एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा कि ग्रीनलैंड के संबंध में वह लीज या अल्पकालिक व्यवस्था पर विचार नहीं कर रहे हैं, बल्कि इस क्षेत्र को 'अधिग्रहित' करने की बात कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि हम लीज या किसी अल्पकालिक व्यवस्था के बजाय अधिग्रहण की बात कर रहे हैं। हम इसे हासिल करने की बात कर रहे हैं।

## सेना पर प्लानिंग के साथ हमले हो रहे: ईरान

■ यह प्रदर्शन नहीं देश के खिलाफ आतंकी जंग, हिंसा में अब तक 544 की मौत

**तेहरान।** ईरान में जारी हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मौजूदा हालात को आतंकी युद्ध बताया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि ईरान में इस समय जो कुछ हो रहा है, वो एक आतंकी युद्ध है। अब्बास अराघची के मुताबिक, इस हिंसा में शामिल आतंकी तत्वों ने सरकारी इमारतों, पुलिस थानों और कारोबार से जुड़ी जगहों पर हमले किए हैं। ये घटनाएं प्लानिंग के साथ की गई हैं।

उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरानी अधिकारियों के पास ऐसे आडियो रिकार्ड मौजूद हैं, जिनमें आतंकियों को आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर गोली चलाने के आदेश दिए गए हैं। इससे पहले अराघची ने प्रदर्शनकारियों पर पुलिसवालों को मारने और जिंदा जलाने का आरोप लगाया था। उन्होंने इसे इजराइली की खुफिया एजेंसी मोसाद की साजिश बताते हुए हमले का वीडियो भी शेयर किया था। ईरान की ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी (एचआरएनए) के मुताबिक, हिंसा में अब तक 544 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, 10681 लोगों को हिरासत में लिया गया है। अमेरिका में ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के दौरान एक ट्रक रैली में घुस गया। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने ट्रक ड्राइवर पर हमला करने की कोशिश की।

## ट्रम्प के 'डोनेरो सिद्धांत' से बन रही है बहुध्रुवीय दुनिया



■ विचारक जार्ज यिओ ने कहा: बदलती व्यवस्था में भारत और चीन अपने संबंधों को स्थिर करने की दिशा में काम करेंगे

**नई दिल्ली।** सिंगापुर के पूर्व विदेश मंत्री और प्रमुख रणनीतिक विचारक जॉर्ज योंग-बून यिओ का मानना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नई 'डोनरो डॉक्ट्रिन' वैश्विक व्यवस्था को बहु-ध्रुवीय दुनिया की ओर तेजी से ले जा रही है। यिओ ने एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि इस बदलती व्यवस्था में भारत और चीन अपने संबंधों को स्थिर करने की दिशा में काम करेंगे।

यिओ के अनुसार, अमेरिका अब जिम्मेदारियों को संभालने में पीछे हट रहा है। इसका परिणाम यह होगा कि भारत, चीन और रूस, संतुलित ताकतों के रूप में उभरेंगे और अब यूरोप को अपनी देखभाल खुद करनी होगी। भारत और आसियान के बीच करीबी रिश्तों का हमेशा से समर्थन करने वाले यिओ ने कहा कि भारत के लिए खुद की रक्षा करना और आर्थिक विकास पर ध्यान देना सबसे अच्छा होगा। आखिर में, आर्थिक ताकत, सैन्य ताकत से ज्यादा बड़ी होती है। एओ, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के हर साल आयोजित होने वाले सीडी देशमुख मेमोरियल लेक्चर देने के लिए यहां आए हुए हैं। उन्होंने कहा कि ट्रम्प (ग्लोबल ऑर्डर) के भविष्य को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं-बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर और इसके परिणामस्वरूप भारत और चीन, जो एक-दूसरे का सम्मान करते हैं, शायद 'अपने रिश्तों को स्थिर कर लें।' यिओ ने संकेत दिया कि एक समय भारत के नेतृत्व को लगा था कि चीन के खिलाफ अमेरिका उसका प्रमुख सहयोगी होगा। हालांकि, अप्रैल 2025 में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अमेरिका ने भारत का समर्थन करने के बजाय पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व को व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया। अमेरिका के इस कदम से भारत को काफी निराशा हुई थी। उनके अनुसार, ट्रम्प भविष्य की बहु-ध्रुवीय व्यवस्था को तेजी से आगे बघ रहे हैं और इसी कारण भारत और चीन अपने रिश्तों को स्थिर कर सकते हैं। पद्म भूषण से सम्मानित श्री यिओ ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोचा था कि वह आयात शुल्क के मुद्दे पर भारत को दबा सकते हैं, लेकिन भारत ने इसे स्वीकार नहीं किया। इसी तरह, चीन के मामले में भी आयात शुल्क की धमकी काम नहीं आई क्योंकि चीन ने 'रेयर अर्थ तत्वों के कार्ड का इस्तेमाल किया, जिससे अमेरिका को पीछे हटना पड़ा।

## चीन ने जम्मू-कश्मीर के शक्सगाम धाटी को अपना बताया

**बीजिंग।** चीन ने जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी इलाके को अपना बताया है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के जरिए पाकिस्तान तक सड़क बना रहा है, जो इस इलाके से गुजर रही है।







